Page 11



खेल

जन-जन की वाणी...

हिन्दी दैनिक

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, पटना, आरा एवं दुमका से प्रकाशित

Page 09



देश

**सबालेंका बनीं ओपन चैम्पियन, कजाकिस्तान की एलेना ने जीता 25 करोड़ का मैच**

**ममता ने चुनाव आयुक्त को फिर लिखा पत्र सूक्ष्म पर्यवेक्षकों की भूमिका पर उठाया प्रश्न**


कृष्ण पक्ष, अश्लेषा, विक्रम संवत् 2082

• औरंगाबाद • सोमवार • 02 फरवरी 2026 • वर्ष 27 • अंक 63 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹ 14,72,000 | ₹ 3,50,000 |



## आज का इतिहास

**1862 : शंभूनाथ पंडित कलकत्ता उच्च न्यायालय के पहले भारतीय न्यायाधीश बने।**

**1952 : मद्रास में भारत को पहली टेस्ट क्रिकेट में जीत प्राप्त हुई।**

## न्यूज बाइट्स

### सड़क परियोजनाओं की डीपीआर अविलंब केंद्र को भेजें : मंत्री

**पटना (नि.सं.)।** पथ निर्माण मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल ने सभी स्वीकृत अलाइनमेंट वाली सड़क परियोजनाओं की डीपीआर (डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट) को अविलंब अंतिम रूप देकर तय समयसीमा के भीतर केंद्र सरकार को भेजने का निर्देश दिया है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय को भेजी गई अलाइनमेंट पर त्वरित फॉलोअप किया जाए और ऑडिट अथवा स्क्रूटिनी के बाद प्राप्त सभी पेंडिंग कम्प्लायंस और ऑब्जर्वेशन को समय पर पूरा किया जाए, ताकि परियोजनाओं में अनावश्यक देरी न हो। रविवार को विभागीय सभाकक्ष में आयोजित बैठक में मंत्री ने 2025-26 की वार्षिक कार्ययोजना के तहत राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की डीपीआर प्रगति की समीक्षा की। बैठक में विभागीय सचिव पंकज कुमार पाल सहित वरिष्ठ अभियंता और संबंधित अधिकारी मौजूद थे। मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी स्तरों पर समयबद्धता सुनिश्चित की जाए और प्रत्येक सप्ताह प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए, जिससे कार्यों की नियमित निगरानी हो सके।

### कॉमर्शियल सिलेंडर हुआ महंगा

**नई दिल्ली (ए.)।** केंद्रीय बजट पेश होने से ठीक पहले एलपीजी उपभोक्ताओं को महंगाई का झटका लगा है। एक फरवरी 2026 से कॉमर्शियल एलपीजी सिलेंडर के दाम बढ़ा दिए गए हैं, जबकि घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में फिलहाल कोई बदलाव नहीं किया गया है। दिल्ली से लेकर पटना तक 19 किलो वाले कॉमर्शियल सिलेंडर के दाम करीब 50 रुपये तक बढ़ाए गए हैं, जिससे होटल, रेस्टोरेंट और छोटे कारोबारियों की लागत बढ़ने की आशंका जताई जा रही है। महानगरों की बात करें तो दिल्ली में 19 किलो वाला कॉमर्शियल एलपीजी सिलेंडर अब 1691.50 रुपये से बढ़कर 1740.50 रुपये में मिल रहा है।

**वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपना नौवां केंद्रीय बजट किया पेश, कहा -देश 'विकसित भारत' बनने की दिशा में उठाता रहेगा कदम**

# शुगर-कैंसर सहित सात गंभीर रोगों की दवाएं सस्ती

विशेष संवाददाता | नई दिल्ली

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रविवार को लोकसभा में वित्त वर्ष 2026-27 का केंद्रीय बजट पेश किया। यह उनके राजनीतिक और प्रशासनिक करियर की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है, क्योंकि यह उनका लगातार नौवां आम बजट है। बजट भाषण में उन्होंने साफ कहा कि सरकार ने कोरी बयानबाजी या दिखावटी घोषणाओं के बजाय ठोस और व्यावहारिक सुधारों का रास्ता चुना है तथा देश को 'विकसित भारत' बनाने की दिशा में निरंतर आगे बढ़ने का संकल्प दोहराया। लोकसभा में बजट पेश करते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि बीते वर्षों में सरकार ने संरचनात्मक सुधारों पर विशेष जोर दिया है और आने वाले समय में भी यह प्रक्रिया मजबूती से जारी रहेगी। उन्होंने भरोसा जताया कि संतुलित और दूरदर्शी आर्थिक नीतियों के जरिए विकास को और अधिक समावेशी बनाया जाएगा तथा केंद्र और राज्यों के बीच सहयोग को सुदृढ़ किया जाएगा।

स्वास्थ्य और दवा क्षेत्र को बजट में खास प्राथमिकता दी गई है। वित्त मंत्री ने घोषणा की कि शुगर और कैंसर की दवाएं सस्ती होंगी, जिससे आम लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। इसके साथ ही फार्मा सेक्टर में 10 हजार करोड़ रुपये के निवेश का प्रावधान किया गया है। दवाओं के निर्माण को बढ़ावा देने के लिए बायो-फार्मा शक्ति की घोषणा भी की गई है, जिससे देश में दवा उत्पादन को नई गति मिलेगी। इसके अलावा, उन्होंने प्रस्ताव रखा कि दवाओं, मेडिसिन और विशेष चिकित्सा प्रयोजनों के लिए उपयोग होने वाले खाद्य पदार्थों के व्यक्तिगत आयात पर इंपोर्ट ड्यूटी से छूट देने के उद्देश्य से 7 और दुर्लभ बीमारियों को सूची में जोड़ा जाएगा।



### लखपति दीदी कार्यक्रम का होगा विस्तार

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि बजट 2026 में लखपति दीदी कार्यक्रम की सफलता को आगे बढ़ाया गया है। इसके तहत सरकार महिलाओं को क्रेडिट-लिंक्ड आजीविका से एंटरप्राइज मालिक बनने में मदद करने की योजना बना रही है। साथ ही क्लस्टर-लेवल फेडरेशन के भीतर कम्युनिटी-ओन्ड रिटेल आउटलेट के तौर पर सेल्फ-हेल्प एंटरप्रेन्योर मार्ट स्थापित किए जाएंगे। इन मार्ट को बेहतर और इनोवेटिव फाइनेंसिंग के जरिए सपोर्ट किया जाएगा। इससे महिलाएं एंटरप्रेन्योरशिप में अगला कदम उठा सकेंगी।

### नौकरियों, लोकल ग्रोथ के लिए टूरिज्म पर फोकस

बजट में युवाओं की नौकरियों और लोकल ग्रोथ के लिए टूरिज्म पर फोकस किया गया है। बजट में रोजगार और विकास की अपनी रणनीति में टूरिज्म को केंद्र में रखा है। इसके तहत रोजगार सृजन, विदेशी मुद्रा आय और स्थानीय आर्थिक विकास में इसकी भूमिका पर फोकस किया गया है। सरकार ने पूरे भारत में इस क्षेत्र को मजबूत करने के लिए संस्था निर्माण, कौशल विकास, डिजिटल डॉक्यूमेंटेशन और इको-टूरिज्म पहलों का मिश्रण पेश किया है।

### नया इनकम टैक्स एक्ट एक अप्रैल से होगा लागू

वित्त मंत्री ने बजट भाषण में नए इनकम टैक्स एक्ट को इसी साल से लागू करने की बात कही है। वित्त मंत्री ने टैक्स फॉर्म को आसान करने की बात कही है। इसमें दंड की जगह टैक्स देकर छूट सकते हैं। इसमें मुकदमेबाजी को कम करने के लिए कदम उठाया गया है। साथ ही अघोषित आय एक करोड़ रुपये करने का प्रस्ताव है। 31 जुलाई तक आईटी रिटर्न फाइल कर सकेंगे।

### क्या हुआ सस्ता और क्या महंगा?

| | |
|---|---|
| 7 गंभीर रोगों की दवाएं सस्ती होंगी। | चमड़ा और कपड़ा निर्यात करना सस्ता होगा |
| कैंसर की 17 दवाएं सस्ती होंगी। | जूते, बैट्री माइक्रोवेव ओवन सस्ता होगा |
| शुगर की दवाई सस्ती होगीं | स्मार्टफोन और टैबलेट होंगे सस्ते |
| विदेश यात्रा पहले से सस्ती होगीं। | **शराब, स्क्रैप, सिगरेट, पान मसाला और खनिज पदार्थों के दाम बढ़ेंगे।** |
| सीएनजी और बायोगैस भी सस्ती | |

### बजट भाषण की प्रमुख घोषणाएं

| | |
|---|---|
| 5 पूर्वोत्तर राज्यों में पर्यटन स्थलों का निर्माण | खेलो इंडिया मिशन |
| नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ हॉस्पिटैलिटी बनेगी | 15 पुरातात्विक साइट्स को वाइब्रेंट डेस्टिनेशन बनाएंगे |
| 5 यूनिवर्सिटी टाउनशिप इंडस्ट्रियल कॉरिडोर में | डिजिटल नॉलेज ग्रिड पर टूरिस्ट साइट्स की जानकारी |
| **हर जिले में एक गर्ल्स हॉस्टल** | ट्रेकिंग, हाइकिंग पर योजना |
| किसान की आय बढ़ाने का प्लान | पशुपालन-वैट कॉलेज के लिए सब्सिडी सपोर्ट स्कीम |

### वीबी-जी राम जी' के लिए 95,000 करोड़ रुपये आवंटित

केंद्र सरकार ने नई योजना 'वीबी-जी राम जी' को लागू करने की तैयारी के साथ ही इसके लिए 95,692.31 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं, जबकि मनरेगा के लिए 30,000 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। 'विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार आजीविका मिशन (ग्रामीण)' (वीबी-जी राम जी) योजना के तहत साल में 125 दिनों के काम का वादा किया गया है। यह योजना महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा), 2005 के तहत बनी संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन सरकार के कार्यकाल की दो दशक पुरानी ग्रामीण रोजगार योजना का स्थान लेगी।

### कोशिश यही है कि हर घर में लक्ष्मी जी पधारें : पीएम



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बजट 2026 की घोषणा के बाद देश को संबोधित कर रहे हैं। उन्होंने कहा, 'आज का बजट ऐतिहासिक है। इसमें देश की नारी शक्ति का सशक्त प्रतिबिंब झलकता है। पीएम मोदी ने कहा, ये बजट अपार अवसरों का राजमार्ग है। ये युवा शक्ति का बजट है। इसमें युवा सोच है, युवा के सपने हैं। इस बजट से युवाओं के लिए द्वार खुलेंगे। पीएम मोदी ने कहा, 'भारत की कृषि, डेयरी सेक्टर और फिशरीज को हमारी सरकार ने हमेशा सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। इस बजट में भी नारियल, कोको, काजू और चंदन की पैदावार से जुड़े किसानों के लिए अनेक अहम कदम उठाए गए हैं।' पीएम मोदी ने कहा, 'हमारे देश में 10 करोड़ से ज्यादा महिलाएं एसएचजीएस से जुड़ी हैं और ये बड़ा सफल अभियान रहा है। महिलाओं द्वारा निर्मित और संचालित एसएचजीएसका आधुनिक इकोसिस्टम बने, बजट में इसे प्राथमिकता दी गई है। कोशिश यही है कि हर घर में लक्ष्मी जी पधारें।

### पटना-बनरस में जहाज मरम्मत सुविधा

बजट भाषण में वित्त मंत्री ने घोषणा की कि, राजधानी पटना में जहाज मरम्मत सुविधाएं दी जाएगी। उन्होंने ऐलान किया कि बनारस और पटना में जहाज मरम्मत सुविधाएं उपलब्ध होंगी। घोषणा के अनुसार वाटरवेज का इस्तेमाल करने के लिए ट्रेनिंग दी जाएगी। वाराणसी और पटना को डेवलप करके इंटरनल वाटरवेज को डेवलप किया जाएगा।

**पूरे देश में 15,000 माध्यमिक विद्यालयों और 500 कॉलेजों इससे जुड़ी लैब्स स्थापित की जाएंगी।**

### सात हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर का प्रस्ताव : वित्त मंत्री

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने केंद्रीय बजट में प्रमुख शहरी और आर्थिक केंद्रों में सात हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर विकसित करने के प्रस्ताव दिया। इसके साथ हीपर्यावरण के अनुकूल यात्री परिवहन को बढ़ावा देने की बात कही गई है। ये कॉरिडोर ग्रोथ कनेक्टर के रूप में काम करेंगे, यात्रा का समय कम करेंगे, प्रदूषण कम करेंगे और क्षेत्रीय विकास में मदद करेंगे।
**इनका रूट :** मुंबई-पुणे, पुणे-हैदराबाद, हैदराबाद-बेंगलुरु, हैदराबाद-चेन्नई, चेन्नई-बेंगलुरु, दिल्ली-वाराणसी वाराणसी-सिलीगुड़ी

### लघु मध्यम उद्योगों के लिए क्या लाई सरकार

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि अगले वित्त वर्ष में लघु, मध्यम उद्यमों को चैंपियन बनाने और सूक्ष्म उद्यमों को सहायता प्रदान करने की योजना के तहत इसमें इक्विटी सहायता उपलब्ध करायी जाएगी। सीतारमण ने रविवार को लोकसभा में वर्ष 2026-27 का बजट पेश करते हुए कहा कि इसके लिए 10,000 करोड़ रुपये के समर्पित एसएमई विकास निधि की शुरुआत की जाएगी और आत्मनिर्भर भारत कोष में अतिरिक्त 2000 करोड़ रुपये डाले जाएंगे।

**बिहार में मातम भरी रविवार की सुबह : परिवार पर टूटा कहर, श्रद्धालुओं की कार भीषण हादसे का शिकार**

## अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में 13 की मौत, कई घायल





निज सं. | पटना / बक्सर/ शेखपुरा

बिहार में रविवार की सुबह सड़क हादसों के लिहाज से बेहद भयावह साबित हुई। राज्य के अलग-अलग इलाकों में हुए तीन भीषण सड़क हादसों में कुल 13 लोगों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य गंभीर रूप से घायल हैं। इन हादसों ने न सिर्फ कई परिवारों को उजाड़ दिया, बल्कि सड़क सुरक्षा और तेज रफ्तार वाहनों पर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। सबसे दर्दनाक हादसा पटना जिले के बिहटा थाना क्षेत्र में हुआ। आरा के रहने वाले कुछ लोग मनेर दरगाह में उर्स देखकर ऑटो से लौट रहे थे। इसी दौरान देर रात करीब दो बजे लेखनटोला पुल के पास रॉन्ग साइड से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने ऑटो को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ऑटो के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार लोग सड़क पर दूर-दूर तक जा गिरे। हादसे में मौके पर ही पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि घायलों को अस्पताल ले जाया गया। इलाज के दौरान एक और घायल ने दम तोड़ दिया, जिससे मृतकों की संख्या छह हो गई। मरने वालों में दो मासूम बच्चे भी शामिल हैं। सभी मृतक भोजपुर जिले के आरा स्थित दौलतपुर चित्रलेनपुर के निवासी बताए जा रहे हैं। पुलिस ने ट्रक को जब्त कर चालक को गिरफ्तार कर लिया है।

दूसरा बड़ा हादसा बक्सर-पटना फोरलेन पर हुआ, जहां रविवार सुबह घने कोहरे और तेज रफ्तार के कारण एक कार और ट्रक की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसा नया भोजपुर थाना क्षेत्र के चंदा गांव के पास हुआ। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार पूरी तरह चूर-चूर हो गई और शवों को निकालने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। इस दुर्घटना में एक ही परिवार के चार लोगों की मौत हो गई। मृतकों में एक एसएसबी जवान, उनके भाई और दोनों बुआ शामिल हैं। बताया गया कि सभी लोग गंगा स्नान के लिए जा रहे थे और अगले ही दिन एसएसबी जवान की बहन का तिलक समारोह होने वाला था। खुशियों से भरे घर में अचानक मातम पसर गया।

तीसरी घटना शेखपुरा के मेहुस थाना क्षेत्र के लोदीपुर गांव के कुछ लोग माघी पूर्णिमा में गंगा स्नान के लिए मोकामा जा रहे थे। मोकामा-सरमेरा हाइवे पर तेज रफ्तार ट्रक ने पीछे से एक जुगाड़ गाड़ी को टक्कर मार दी। यह हादसा पटना जिले के घोसवरी थाना क्षेत्र के ईशानगर गांव के पास हुआ। जुगाड़ गाड़ी में सवार लोग माघी पूर्णिमा पर गंगा स्नान के लिए मोकामा जा रहे थे। इस हादसे में मौके पर ही तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए पटना के नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एक ही दिन में हुए इन तीन हादसों ने बिहार में सड़क सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोल दी है। तेज रफ्तार, गलत दिशा में वाहन चलाना, कोहरा और लापरवाही इन हादसों की बड़ी वजह मानी जा रही है। पुलिस सभी मामलों में आगे की जांच में जुटी है, लेकिन मृतकों के परिवारों के लिए यह नुकसान कभी न भरने वाला है।

## आज से बिहार विधानमंडल का बजट सत्र, तीन फरवरी को पेश होगा नीतीश सरकार का बजट

निज संवाददाता | पटना

बिहार विधानमंडल का बजट सत्र आज से शुरू होने जा रहा है, जो 27 फरवरी तक चलेगा। कुल 19 बैठकों वाले इस सत्र में जहां एक ओर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली सरकार अपने विकास कार्यों, योजनाओं और भविष्य के रोडमैप को सदन के सामने रखेगी, वहीं दूसरी ओर विपक्ष सरकार को घेरने के लिए पूरी रणनीति के साथ मैदान में उतरने की तैयारी में है। इस सत्र का सबसे अहम दिन 3 फरवरी होगा, जब नीतीश सरकार अपना बजट 2026-27 पेश करेगी। बजट सत्र की कार्यसूची पहले ही तय कर दी गई है। 5 फरवरी को राज्यपाल के अभिभाषण पर सरकार की ओर से जवाब दिया जाएगा। इसके बाद 6 से 20 फरवरी के बीच बजट पर सामान्य चर्चा और मतदान होगा। 14 से 26 फरवरी तक राजकीय विधेयकों को सदन में पेश किया जाएगा, जबकि 25 से 27 फरवरी के बीच गैर-सरकारी संकल्पों पर चर्चा का कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। सत्र के दौरान सदन में सियासी तापमान काफी ऊंचा रहने की संभावना जताई जा रही है। बजट 2026-27 में नीतीश कुमार के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम 'सात निश्चय-3' को मुख्य एजेंडा बनाए जाने की पूरी संभावना है। सरकार का लक्ष्य अगले पांच वर्षों में बिहार की प्रति व्यक्ति आय को दोगुना करना है। इसके लिए हर साल औसतन 16 प्रतिशत की वृद्धि हासिल करने की योजना पर काम किया जा रहा है। इस दिशा में हाल ही में अपर मुख्य सचिव रहे नवीन कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में गठित समिति की सिफारिशों को भी बजट में शामिल किया जा सकता है।

इन सिफारिशों में आय बढ़ाने के उपायों के साथ-साथ राजस्व के नए स्रोतों पर भी जोर दिया गया है, जिससे राजस्व में करीब 10 प्रतिशत बढ़ोतरी का अनुमान है। नियुक्तियों को लेकर भी बजट में खास ध्यान दिए जाने की संभावना है। पिछले बजट के बाद राज्य में एक लाख से अधिक नियुक्तियां की जा चुकी हैं।

### मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना पर टिकी निगाहें



इस बार के बजट सत्र का मुख्य आकर्षण सरकार की संभावित 'मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना' मानी जा रही है। इस योजना के तहत पात्र महिलाओं को स्वरोजगार शुरू करने के लिए दो-दो लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने का प्रावधान किया जा सकता है। यदि यह योजना बजट में शामिल होती है, तो इसके लिए जरूरी वित्तीय संसाधनों की व्यवस्था सरकार के सामने एक बड़ी चुनौती होगी। माना जा रहा है कि महिला सशक्तिकरण और रोजगार सृजन को सरकार इस बजट में प्रमुखता दे सकती है। विपक्ष को जिस बड़े मुद्दे पर बजट सत्र में सरकार को घेरने की उम्मीद थी, वह नीट छात्रा शंभू गर्ल्स हॉस्टल मामला था। हालांकि सत्र शुरू होने से करीब 48 घंटे पहले सरकार द्वारा इस मामले की सीबीआई जांच की घोषणा कर दिए जाने से विपक्ष की रणनीति को झटका लगा है। इसके बाद मुख्य विपक्षी दल राष्ट्रीय जनता दल (राजद) समेत अन्य दल अब सरकार को घेरने के लिए नए मुद्दों की तलाश में जुट गए हैं।

**बिहार में युवाओं के लिए देशसेवा का सुनहरा अवसर**

## बिहार में आज से शुरू होगी अग्निवीर भर्ती रैली, हजारों युवा लेंगे हिस्सा

निज संवाददाता | पटना



बिहार में युवाओं के लिए देशसेवा का बड़ा अवसर सामने आया है। राज्य में अग्निवीर भर्ती रैली की शुरुआत आज से होने जा रही है। सेना भर्ती कार्यालय कटिहार के निर्देश पर आयोजित यह भर्ती प्रक्रिया 13 फरवरी 2026 तक चलेगी। भर्ती रैली का आयोजन कटिहार जिले के गढ़वाल मैदान में किया जा रहा है, जहां बिहार के 12 जिलों से छह हजार से अधिक युवा अभ्यर्थी शामिल होंगे। रैली को लेकर युवाओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है।

सेना भर्ती अधिकारियों के अनुसार, अग्निवीर भर्ती प्रक्रिया की शुरुआत ऑनलाइन पंजीकरण और कॉमन एंट्रेंस एग्जाम (सीईई) से की गई है, जिसे चयन प्रक्रिया की पहली सीढ़ी माना गया है। सीईई में सफल अभ्यर्थियों को आगे शारीरिक दक्षता परीक्षा, शारीरिक माप परीक्षण और मेडिकल जांच से गुजरना होगा। इन सभी चरणों में प्रदर्शन के आधार पर ही अभ्यर्थियों का अंतिम चयन किया जाएगा। भर्ती रैली को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने के लिए सेना भर्ती कार्यालय की ओर से व्यापक तैयारियां की गई हैं। जिला प्रशासन और स्थानीय सैन्य अधिकारियों के सहयोग से कानून-व्यवस्था, सुरक्षा, ट्रैफिक नियंत्रण, प्राथमिक चिकित्सा और आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं की समुचित व्यवस्था की गई है। रैली स्थल और आसपास के इलाकों में विशेष पुलिस पेट्रोलिंग और कड़ी सुरक्षा व्यवस्था लागू की गई है। सेना अधिकारियों ने अभ्यर्थियों को चेतावनी दी है कि वे किसी भी दलाल या एजेंट के बहकावे में न आएं। भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह निष्पक्ष, पारदर्शी और मेरिट के आधार पर होगी। किसी भी प्रकार की सिफारिश या लेन-देन का इसमें कोई स्थान नहीं है। साथ ही अभ्यर्थियों और उनके अभिभावकों से अपील की गई है कि वे समय पर रैली स्थल पर पहुंचें और सभी आवश्यक दस्तावेज साथ रखें। अधिकारियों का कहना है कि अग्निपथ योजना का उद्देश्य युवाओं को सेना में सेवा का अवसर देने के साथ-साथ उन्हें अनुशासन, नेतृत्व और देशभक्ति की भावना से भी जोड़ना है। यह भर्ती रैली बिहार के हजारों युवाओं के लिए न केवल रोजगार बल्कि सम्मान और राष्ट्रसेवा का मार्ग खोलने वाली मानी जा रही है।

## बिहार को औद्योगिक निवेश, आधारभूत संरचना और अधिक रोजगार का अवसर मिलेगा : मुख्यमंत्री

निज संवाददाता | पटना



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने केंद्रीय बजट की सराहना करते हुए कहा है कि इसमें विकास और रोजगार के अवसरों को तेज करने के लिए पूर्वोदय राज्यों और उत्तर-पूर्व क्षेत्र पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया है। इससे जुड़ी विकास योजनाओं का सीधा लाभ बिहार को मिलेगा और राज्य में औद्योगिक निवेश, आधारभूत संरचना के विस्तार तथा युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। उन्होंने कहा कि शहरों के विकास के लिए किए गए प्रावधानों से बिहार में शहरीकरण को नई गति मिलेगी, जिससे शहरी क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे, निवेश और रोजगार के अवसरों का और विस्तार होगा। मुख्यमंत्री ने रविवार को एक्स पर पोस्ट के माध्यम से कहा कि केंद्रीय बजट सकारात्मक, स्वागत योग्य और विकसित भारत के लक्ष्यों को ध्यान में रखकर पेश किया गया है। यह बजट प्रगतिशील और भविष्योन्मुखी है, जिसमें देश के विकास की रफ्तार बढ़ाने के लिए कई अहम कदम उठाए गए हैं। उन्होंने कहा कि इस बार के बजट में देश में सात हाई स्पीड रेल कॉरिडोर बनाने की घोषणा की गई है, जिसमें वाराणसी–सिलीगुड़ी हाई स्पीड रेल कॉरिडोर भी शामिल है। इस परियोजना से बिहार को काफी लाभ होगा और आवागमन के साथ-साथ आर्थिक गतिविधियों को भी मजबूती मिलेगी।

नीतीश कुमार ने कहा कि बजट में देशभर में 20 नए राष्ट्रीय जलमार्ग विकसित करने की घोषणा भी की गई है। इसके तहत पटना और वाराणसी में जहाज मरम्मत की सुविधा उपलब्ध होगी। जलमार्गों के विस्तार से बिहार के कई शहरों को लाभ पहुंचेगा, राज्य के उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा मिलेगा और व्यापारिक व व्यावसायिक गतिविधियों में तेजी आएगी। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि केंद्रीय बजट में बड़े टेक्सटाइल पार्कों की स्थापना, महात्मा गांधी स्वरोजगार योजना तथा सेमीकंडक्टर क्षेत्र के लिए 40 हजार करोड़ रुपये के सहयोग की घोषणा की गई है।

## बिहार में एक और एयरपोर्ट की तैयारी तेज, मिट्टी जांच शुरू

**बगहा (पश्चिम चंपारण)(नि.सं.)।** बिहार में एक और हवाई अड्डे के निर्माण की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। वाल्मीकिनगर क्षेत्र में प्रस्तावित एयरपोर्ट के लिए शनिवार से मिट्टी जांच की प्रक्रिया विधिवत शुरू कर दी गई है। यह तकनीकी परीक्षण एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एएआई) के अधिकारी आर. परासर की देखरेख में किया जा रहा है, जो लगभग एक सप्ताह तक चलेगा। मिट्टी जांच के दौरान विभिन्न स्थानों से नमूने एकत्र कर प्रयोगशाला में भेजे जा रहे हैं। इसके माध्यम से जमीन की मजबूती, क्षमता और निर्माण के लिए उपयुक्तता का आकलन किया जाएगा, ताकि भविष्य में रनवे, टर्मिनल और अन्य संरचनाओं के निर्माण में किसी प्रकार की बाधा न आए।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### गारो बिगहा से अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जप्त

**नरहट (नवादा)**। नरहट थानाध्यक्ष गौतम कुमार द्वारा अवैध बालू खनन एवं परिवहन के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। थानाध्यक्ष ने बताया कि रविवार को गुप्त सूचना मिली कि गारोबिगहा के रास्ते अवैध बालू लाया जा रहा है। मिली सूचना के आधार पर की गई छापेमारी में एक अवैध बालू लदा ट्रैक्टर को जप्त कर थाना लाया गया। चालक पुलिस को देखकर फरार हो गया। आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

### नौवाडीह ग्राम कचहरी में विधिक जागरूकता शिविर का किया गया आयोजन



**पहाड़पुर** : प्रखंड क्षेत्र के नौवाडीह ग्राम कचहरी में विधिक जागरूकता शिविर का किया गया आयोजन। जहां जिला से आए प्राधिकार के अधिवक्ता सचिन कुमार, पारा विधिक स्वयं सेवक रविन्द्र कुमार साह, उपसरपंच सुदिष्ट कुमार द्वारा शिविर में आए लोगों को कानूनी सलाह दी गई। जहां बताया गया कि छोटे मोटे झगड़े ग्राम कचहरी के माध्यम से सुलह करना चाहिए। बाल विवाह, पेंडिंग केस, गैरजमानती धारा, मोबाइल वेब सीरीज के कानूनी प्रावधान की जानकारी भी दी गई। बच्चे के मोबाइल पर किस तरह नजर रखना है। इंटरनेट पर सभी चीजें सही नहीं होता है। बच्चे गलत दिशा में जा सकते हैं। बच्चा मोबाइल पर क्या देख रहा है। इसकी जानकारी अभिभावकों को भी होनी चाहिए। इन सभी विंदुओं पर विस्तार से चर्चा साथ ही बताया गया की आगामी 14 मार्च को मोतिहारी में लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें बिजली बिल,केसीसी ऋण,बैंक लोन व छोटे मोटे विवादों का निपटारा किया जाएगा। शिविर में सूचक और वादी दोनों को आना जरूरी है। ताकि मामले का निपटारा किया जा सके। मौके पर पंचायत सचिव चंदन कुमार,समाजसेवी सुदामा सिंह, किशोर पासवान,राजिशोर प्रसाद,आदि लोग मौजूद थे।

### आदिवासी लोहार संघ की हुई बैठक

**मोतिहारी**। शहर के रघुनाथपुर में रविवार को आदिवासी लोहार संघ की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता संघ के संरक्षक राधाकांत ठाकुर व संचालन संघ के जिलाध्यक्ष शिवशंकर ठाकुर ने की। इस अवसर पर संगठन को और अधिक मजबूत बनाने, समाज के हित में कार्यों को आगे बढ़ाने तथा संघ की गतिविधियों को सक्रिय करने पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में संघ द्वारा पूर्व में आयोजित कार्यक्रमों के आय-व्यय की समीक्षा भी की गई। सदस्यों ने पारदर्शिता के साथ संगठन के कार्यों को आगे बढ़ाने पर सहमति जताई। संघ के संरक्षक व बीआरएबीयू के सीनेट सदस्य राजकिशोर ठाकुर ने संगठन की एकता और मजबूती पर विशेष बल देते हुए कहा कि समाज के विकास के लिए सभी सदस्यों को मिलकर कार्य करना होगा। शैक्षणिक व सामाजिक उन्नति के लिए समाज के लोगों को जागरूक होना होगा। बैठक में सेवानिवृत्त बैंक प्रबंधक इन्द्रदेव ठाकुर, सेवानिवृत्त शिक्षक ब्रजबिहारी शर्मा, शिवशंकर ठाकुर, पारसलाल शर्मा, कैलाश ठाकुर, कृष्णा शर्मा, राजनारायण शर्मा सहित अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार रखे। इस अवसर पर सेवानिवृत्त प्रधान सहायक राधाकांत ठाकुर को जगदम्बा मंदिर न्यास बोर्ड का सदस्य बनने पर आदिवासी लोहार संघ की ओर से अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। बैठक के दौरान उपस्थित लोगों ने संत रविदास की जयंती पर उनके तैलचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में प्रेमचंद्र ठाकुर, गेनालाल ठाकुर, सकलदेव शर्मा, संजीव कुमार शर्मा, राजेन्द्र शर्मा, ब्रह्मदेव शर्मा, विजय कुमार, सहित समाज के कई गणमान्य लोग एवं संघ के सदस्य उपस्थित रहे।

# रंगकर्मी नरेंद्र बने नवादा इप्टा के 19 वीं बार अध्यक्ष



निज संवाददाता। कौआकोल

प्रखण्ड के गया सिंह स्मृति धर्मशाला, पांडेयगंगौट में इप्टाकर्मी श्रीदेव पांडेय,डॉ शिवनारायण प्रसाद गुप्ता व कृष्णदेव सिंह को समर्पित नवादा जिला इप्टा का 19 वां जिला सम्मेलन वरिष्ठ रंगकर्मी नरेंद्र प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इप्टा का झंडा वरिष्ठ इप्टाकर्मी अशोक समदर्शी ने फहराया। बजा नगाड़ा इप्टा का जैसे प्रगतिशील गीत गायन से सम्मेलन का आगाज हुआ। जिले के कोने- कोने से आये कलाकारों,संस्कृतिकर्मियों, कवियों, लेखकों,समाजसेवियों व आम जनों ने शहीद वेदी पर पुष्पांजलि अर्पित की। सम्मेलन को संबोधित करते हुए संरक्षक डॉ जयनंदन प्रसाद सिंह ने कहा कि इप्टा बिहार की सांस्कृतिक विरासत है। समाज में अच्छाई को भरना इसका मूल उद्देश्य है।संरक्षक व ग्राम निर्माण मण्डल के प्रधानमंत्री अरविंद कुमार ने कहा कि नवादा इप्टा में सरस्वती, दुर्गा व लक्ष्मी का गुण समाहित है। इनमें लोक कला, संगीत, नृत्य, नाटक व संस्कृति सन्निहित है। राष्ट्रपति सम्मान प्राप्त प्रधानाध्यापक अनुप प्रसाद यादव ने कहा कि नवादा इप्टा के कलाकार राष्ट्रीय फलक पर अपनी पहचान बनाने में सफल हो रहें जो नवादा जिले के लिए गौरव का विषय है। सम्मेलन को वरिष्ठ वकील उमाकांत सिंह, वक्ता उत्तम कुमार, दिनेश कुमार अकेला, मुखिया दीपक कुमार सहित कई अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया। सर्वसम्मत से संरक्षक मंडल में डॉ जयनंदन प्रसाद सिंह,अरविंद कुमार, अनुप प्रसाद यादव, वीणा कुमारी मिश्रा व मुखिया दीपक कुमार को शामिल किया गया। 21 सदस्यीय नई कार्यकारिणी का गठन किया गया,जिसके अध्यक्ष नरेंद्र प्रसाद सिंह,उपाध्यक्ष अशोक समदर्शी, सचिव चन्द्रमौलि कुमार,स० सचिव मनोज कुमार, रमेश शर्मा व कोषाध्यक्ष रामनरेश कुमार निर्वाचित घोषित किए गए। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में वकील उमाकांत सिंह, राजकुमार प्रसाद, संगीता कुमारी, ललन सिंह, निशा कुमारी, उत्तम कुमार, रामदेव राम शामिल किए गए। रिक्त स्थानों की भरपाई अगली बैठक में पूरी की जाएगी। इस सम्मेलन में सात कलाकारो को केशरी नंदन स्मृति सम्मान,नौ कलाकारों को रंगकर्मी सुरेंद्र प्रसाद सिंह लोक संस्कृति सम्मान व कुल इक्कावन नाट्यकर्मियों को शिक्षाविद रामवृक्ष नाटक विभूति सम्मान से सम्मानित भी किया गया।गुनगुन,कोमल,शिवानी के मगही गीतों की प्रस्तुति ने खूब तालियां बटोरीं। रमेश शर्मा के नेतृत्व में इप्टा की टोली ने एक से एक जनगीतों की प्रस्तुति से जनता का मन मोह लिया।

# निर्मम हत्या कांड के खिलाफ रजौली के ग्रामीण चिकित्सकों में आक्रोश

## कैंडल मार्च निकाल कर प्रशासन को दी चेतावनी

निज संवाददाता। रजौली

नवादा जिले के रोह प्रखंड में बीते एक सप्ताह पूर्व ग्रामीण चिकित्सक डॉ. अशोक कुमार की नृशंस हत्या कर सिर और धड़ को अलग कर आग लगा देने की घटना ने रजौली समेत पूरे जिले को झकझोर कर रख दिया है। इस जघन्य हत्याकांड के विरोध में रविवार को रजौली प्रखंड में ग्रामीण चिकित्सकों ने कैंडल मार्च निकालकर प्रशासन के खिलाफ जमकर आक्रोश व्यक्त किया।कैंडल मार्च का नेतृत्व बिहार प्रदेश ग्रामीण चिकित्सक संघ के अध्यक्ष डॉ. विपिन कुमार एवं रजौली प्रखंड अध्यक्ष डॉ. जनार्दन प्रसाद ने किया।

इस दौरान डॉ. विपिन कुमार ने कहा कि यदि एक सप्ताह के भीतर हत्यारों की गिरफ्तारी नहीं हुई तो पूरे बिहार में ग्रामीण चिकित्सक हड़ताल पर चले जाएंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी सरकार और जिला प्रशासन की होगी। उन्होंने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि एक सप्ताह बीत जाने के बावजूद हत्यारे खुलेआम घूम रहे हैं और पुलिस मानो "तेल डालकर सोई हुई" है।




कैंडल मार्च के दौरान ग्रामीण चिकित्सक

ग्रामीण चिकित्सकों ने कहा कि कोरोना काल में जब बड़े-बड़े अस्पताल और डॉक्टर पीछे हट गए थे, तब यही ग्रामीण चिकित्सक गांव-गांव जाकर लोगों की जान बचा रहे थे। आज वही सेवा देने वाले चिकित्सक असुरक्षित महसूस कर रहे हैं, लेकिन प्रशासन आंख मूंदे बैठा है। कैंडल मार्च के माध्यम से दोषियों की अविलंब गिरफ्तारी और ग्रामीण चिकित्सकों की सुरक्षा की मांग की गई। इस मौके पर ग्रामीण चिकित्सक संघ के अखिलेश कुमार, लालू प्रसाद, अजय सिंह, दीपांकर कुमार, प्रमोद कुमार गुप्ता, रंजीत कुमार एवं विक्की कुमार समेत दर्जनों ग्रामीण चिकित्सक शामिल हुए।

# कौआकोल में धूमधाम से मनाई गई संत रविदास जयंती



निज संवाददाता। कौआकोल

माघी पूर्णिमा के पुनीत पावन बेला पर प्रखण्ड भर में संत रैदास की जयंती रविवार को धूमधाम से मनाई गयी। बिहार-झारखंड की सीमा पर अवस्थित उग्रवाद प्रभावित महुलियाटांड़ गांव के पास संत रविदास मंदिर में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने रविदास जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके पदचिन्हों पर चलने की शपथ ली। मौके पर पूर्व सरपंच ब्रहमदेव रविदास,राजेश रविदास आदि मौजूद रहे। वहीं प्रखण्ड के शिवपुर सोखोदेवरा स्थित संत रविदास मंदिर में श्रद्धालुओं ने रविदास जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके पदचिन्हों पर चलने की शपथ ली। अनुयायियों ने कहा कि सतगुरु रविदास ने आध्यात्मिक वचनों से सारे संसार को एकता एवं भाईचारा से जोड़ा तथा जीवनभर समाज समाज में फैली कुरीति जात-पात एवं छुआछूत के खात्मे के लिए काम किया। इस बीच दोनों जगहों पर श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद का भी वितरण किया गया। वहीं प्रखण्ड के नजलीविगहा, जोगाचक, करमाटांड़ सहित अन्य गांवों में संत रविदास के अनुयायियों ने उनकी प्रतिमा एवं तैलीय चित्र पर पुष्प तथा माला अर्पित कर आस्था के साथ उनकी जयंती मनाई।

# महिला दिवस के अवसर पर रजौली में मिनी मैराथन का होगा आयोजन

## युवकों व युवतियां लेंगे भाग,5 किमी का होगा रनिंग ट्रैक

निज संवाददाता। रजौली

अनुमंडल मुख्यालय में आगामी 8 मार्च को महिला दिवस के अवसर पर मिनी मैराथन दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना सुनिश्चित किया गया है। यह आयोजन कमांडो फिजिकल एकेडमी एंड स्पोर्ट्स एकेडमी के संचालक सीआरपीएफ चंदन सिंह के नेतृत्व में किया जाना है। इसमें सहयोगी के रूप में सीआरपीएफ सिंटू यादव,बीएसएफ सुबोध यादव, आर्मी नीतीश कुमार,विक्रम कुमार,दीपक कुमार एवं विकास कुमार रहेंगे। रविवार की दोपहर को रजौली प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि बब्लू यादव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मिनी मैराथन से संबंधित जानकारी दी। उन्होंने कहा कि दौड़ प्रतियोगिता में बृहद पाने पर युवक व युवतियां भाग




पोस्टर के साथ आयोजक

लेंगी। प्रतिभागियों के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू हो गया है,जो 7 मार्च तक चलेगा। इसमें प्रतिभागियों के उम्र का निर्धारण नहीं किया है। साथ ही बताया कि युवक और युवती प्रत्येक वर्ग में प्रथम स्थान लाने वाले व्यक्ति को 11000 रुपए,द्वितीय स्थान लाने वाले को 5100 रुपए और तृतीय स्थान लाने वाले को 2100 रुपए नगद के साथ ट्रॉफी व प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। वहीं टॉप 10 में रहे प्रतिभागियों को 1100 रुपए के साथ मेडल के साथ प्रमाण पत्र दिया जाएगा एवं टॉप 20 को मेडल के साथ प्रमाण पत्र दिया जायेगा। प्रमुख प्रतिनिधि ने कहा कि इस आयोजन से युवक और युवतियों में उत्साह बढ़ेगा और लोग खेल के माध्यम से स्वस्थ बनेंगे। इस मौके पर योग टीम में शिव कुमार यादव,न्यूटन जी,राहुल पाण्डेय,निर्भय सिंह,मुकेश यादव,गौतम यादव समेत दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# रजौली इंटर विद्यालय के मैदान में प्रशासन एकादश बनाम नागरिक एकादश के बीच क्रिकेट मैच

## प्रशासन एकादश ने नागरिक एकादश को किया पराजित

निज संवाददाता। रजौली

रजौली अनुमंडल मुख्यालय स्थित इंटर विद्यालय के मैदान मे रविवार की दोपहर लगभग 3 बजे प्रशासन एकादश बनाम नागरिक एकादश के बीच क्रिकेट मैच खेला गया,जिसमें प्रशासन एकादश ने नागरिक एकादश को पराजित कर दिया।

प्रशासन एकादश में एसडीएम स्वतंत्र कुमार सुमन, एसडीपीओ गुलशन कुमार, रजौली अंचलाधिकारी गुफरान मजहरी, नरहट अंचलाधिकारी मनीष कुमार व एसडीपीओ गार्ड गौरव कुमार के साथ अन्य कर्मी मौजूद रहे।वहीं नागरिक एकादश में नगर पंचायत मुख्य पार्षद प्रतिनिधि प्रमोद चंद्रवंशी, दीपक कुमार मुन्ना ,वार्ड नंबर छह वार्ड प्रतिनिधि सुमित कुमार सिंह, गौरव कुमार, विकास सोलंकी, राजन



ट्रॉफ़ी के साथ एसडीएम, एसडीपीओ व अन्य

कुमार बबलू ,अमन सिंह व धोनी यादव मौजूद रहे।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए प्र शासन एकादश की टीम ने 18 ओवर में 146 रन बनाए। वहीं लक्ष्य का पीछा करने उतरी नागरिक एकादश की टीम ने 18 ओवर में 145 रन को हासिल किया। इस मौके पर गौरव कुमार शांडिल्य, शिक्षक अनिल सिंह, पिंटू वर्मा, नुनु राजवंशी समेत सैकड़ों दर्शक मौजूद रहे।

# पशुओं में होने बाली खुरहा एवं मुहंपका रोग के लिये टीकाकरण अभियान आज से शुरू

निज संवाददाता। नवादा

नवादा पशुपालन निदेशालय, बिहार, पटना के कार्यान्वयन अनुदेश के आलोक में केन्द्र प्रायोजित योजना NADCP के तहत पशुओं को एफ०एम०डी० रोग से बचाव के लिए नवादा जिला में FMD Round VI टीकाकरण आज से प्रारम्भ की जा रही हैं। इस आशय की जानकारी देतें हुए जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ दीपक कुमार ने बताया की जिले के सभी प्रखंडो में टीकाकरण कार्य को अभियान के तहत प्रखंड स्तर पर पदस्थापित / प्रतिनियुक्त पशु चिकित्सकों को प्रखंडवार लगाया गया है। पदाधिकारी/कर्मचारियों को उनके सहयोग के लिए भी नामित किया गया हैं।प्रखण्ड स्तर पर पशुपालन विभाग के अन्य कर्मी को भी दायित्व दिया गया है वे संबंधित नोडल पदाधिकारी के दिशा-निर्देश में टीकाकरण एवं अन्य कार्यों में सहयोग करेंगे।

नगर परिषद् नवादा में डा० अनिल कुमार निर्झर पशु चिकित्सा पदाधिकारी, राजकीय पशु चिकित्सालय, श्री शिवनंदन चौधरी, विश्वजीत प्र० सिन्हा, डा० प्रेमप्रकाश हिमांशु , डा० अवधेश कुमार, मनीष कुमार, डा० रेषु कुमार

**रजौली में**

डा० नीरज कु० सिंह, डा० अभय कुमार अंधरवारी श्री धीरज कपुर,

**सिरदला में**

डा० रजनीकान्त कुमार

डा० पंजीत कु० लौंदबाजार श्री राजु कुमार सिरदला

**अकबरपुर में**

डा० संजुला कुमारी, श्री अरूण कुमार प्रवीण, श्री हृदयानन्द कुमार,

**गोविन्दपुर में**

डा० हरेन्द्र कुमार, श्री मधुकर प्रसाद, डाटा इन्ट्री ऑपरेटर

कौआकोल में डा० मनोज कुमार

डा० राकेश रंजन,

**नरहट में**

डा० आलोक कुमार,

श्री अखिलेश चौधरी, डाटा इन्ट्री ऑपरेटर,

**हिसुआ में**

डा० सुनील कुमार

डा० इन्द्रदेव कुमार,

**पकरीबरावां में**

डा० पप्पु अमरनाथ

डा० अजय कुमार, योगेश भगत, डाटा इन्ट्री ऑपरेटर,

**वारिसलीगंज में**

अरूण कुमार डे, डा० प्रभात कुमार, डा० सुशील कुमार सिन्हा, सुबोध कुमार, पशुधन सहायक, प्रहलाद कुमार, डाटा इन्ट्री ऑपरेटर, मेसकौर में डा० पंजीत कु० वर्मा, डा० कुमार सुधीर सिन्हा, श्रीमति राशदा प्रवीण, पशुधन पर्यवेक्षक, मेसकौर अशोक कुमार, डाटा इन्ट्री ऑपरेटर

**नारदीगंज में**

डा० जितेन्द्र कुमार दीपक,

डा० नवनीत कुमार, श्री मनोज कुमार सिन्हा, प०स० वस्ती विगहा प्रदीप कुमार, डाटा ऑपरेटर

**काशीचक में**

डा० संतोष कुमार सुमन

डा० कृष्णकांत कुमार, काशीचक श्री प्रकाश कुमार, श्री सुरज कुमार, डाटा इन्ट्री ऑपरेटर,

डा० प्रियंका कुमारी, डा० नवीन कुमार, भ्र०प०चि०पदा०, अनैला,मुकेश कुमार डाटा इन्ट्री ऑपरेटर को निदेशित किया गया हैं। सभी चिकित्सक एवं पशु स्वास्थ्य कर्मी अपने -अपने क्षेत्रों में कार्यों का प्रतिवेदन जिला कार्यलय को देंगे।

# युवराज क्रिकेट क्लब ने चैलेंजर क्रिकेट क्लब को हराया



निज संवाददाता। नवादा

जिला क्रिकेट एसोसिएशन नवादा द्वारा कादिरगंज हाई स्कूल मैदान पर आयोजित बी डिवीजन लीग के फाइनल मुकाबले में युवराज क्रिकेट क्लब एवं चैलेंजर क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया। युवराज क्रिकेट क्लब के कप्तान ने टॉस जीत के पहले बल्लेबाजी करते हुए 30 ओवरों में 131 रन बनाकर ऑल आउट हो गई । युवराज क्रिकेट क्लब के कप्तान मार्कोस यादव ने 37 धर्म कुमार ने 30 जबकि गौरव ने 14 रनों का योगदान अपनी टीम के लिए दिया गेंदबाजी करते हुए चैलेंजर क्रिकेट क्लब के गेंदबाज सचिन राज ने तीन आशीष सिंह ने तीन जबकि सूरज उत्कर्ष ने दो खिलाड़ियों को आउट किया। इसके जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी चैलेंजर क्रिकेट क्लब की टीम ने 25 ओवरों में 94 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। चैलेंजर क्रिकेट क्लब के तरफ से आर्यन 13 देव 10 एवं सूरज ने 19 रनों का योगदान अपनी टीम के लिए दिया लेकिन अपनी टीम को जीत नहीं दिला सके। उनकी पूरी टीम ताश की पत्तों की तरह बिखर गई गेंदबाजी करते हुए युवराज क्रिकेट क्लब के गेंदबाज प्रिंस कुमार ने शानदार तीन विकेट जबकि सनी एवं निर्मल ने भी दो-दो खिलाड़ियों का आउट किया। इस तरह से युवराज क्रिकेट क्लब ने चैलेंजर क्रिकेट क्लब को 37 रनों के अंतर से हरा दिया। आज के मैच में शानदार तीन विकेट लेने वाले गेंदबाज प्रिंस कुमार को मैन ऑफ द मैच की ट्रॉफी दी गई तथा बेस्ट बल्लेबाज की ट्रॉफी धर्म कुमार को मिला जबकि सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज की ट्रॉफी सचिन राज को दिया गया। आज के फाइनल में मुख्य अतिथि बिहार क्रिकेट एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष गोपाल बोहरा , जबकि विशिष्ट अतिथि जिला क्रिकेट संघ के पूर्व अध्यक्ष रोहित सिंहा एवं कादीरगंज थाना प्रभारी अवध किशोर सिंह ने खिलाड़ियों के बीच पुरस्कार वितरण किया। मुख्य अतिथि खेल में अनुशासन एवं धैर्य बनाए रखने की नसीहत खिलाड़ियों को दी ,उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि जिला क्रिकेट संघ खिलाड़ियों के लिए अच्छा प्लेटफार्म दे रही है एवं प्रत्येक वर्ष तीन-चार खिलाड़ी बिहार का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं अगर खिलाड़ी ईमानदारी से मेहनत करे तो विश्व पटल पर इशान किशन एवं वैभव सूर्यवंशी की तरह अपना नाम रोशन कर सकते हैं। फाइनल मैच में जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष राजेश कुमार , सचिव राकेश कुमार कोषाध्यक्ष अभिषेक पांडे संयुक्त सचिव सुरेश यादव क्लब प्रतिनिधि अरुण यादव बीसीए मैनेजर मनीष आनंद पूर्व उपाध्यक्ष यशवंत सिन्हा पूर्व खिलाड़ी विवेक कुमार बबलू वर्मा पंकज केसरी राजेश कुमार सुभाष प्रसाद रितेश कुमार प्रहलाद कुमार दिनेश कुमार श्याम देव कुमार सहित गण मान्य ने लोग उपस्थित रहे।

# गोवर्धन पूजा में पहुंचे विधानसभा अध्यक्ष, दिया पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

निज संवाददाता। नवादा

बिहार विधानसभा के माननीय अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने नवादा जिले के प्रसिद्ध श्री गोवर्धन मंदिर पहुंचकर गोवर्धन पूजा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में सहभागिता की। यह आयोजन मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा के तीन वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित तृतीय वार्षिक महोत्सव (29 से 31 जनवरी 2026) के अंतर्गत हुआ, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने श्रद्धा और उत्साह के साथ भाग लिया। इस अवसर पर डॉ. प्रेम कुमार ने अपने संबोधन में भगवान श्रीकृष्ण की गोवर्धन लीला का स्मरण करते हुए कहा कि गोवर्धन पूजा केवल धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि यह प्रकृति संरक्षण, पर्यावरण सुरक्षा और सामाजिक एकता का जीवंत संदेश देती है। उन्होंने कहा कि वर्तमान पर्यावरण संकट के दौर में इस पर्व की प्रासंगिकता और भी बढ़ जाती




है।

डॉ. प्रेम कुमार ने अपने संदेश में कहा कि प्रकृति पूजनीय है— पर्वत, वन, नदियां और पशु-पक्षी हमारे जीवन के आधार हैं। सेवा और संरक्षण ही सच्चा धर्म है, न कि शक्ति का प्रदर्शन। अन्नकूट के माध्यम से अन्न का सम्मान करने, उसका सदुपयोग करने और समाज में किसी को भी भूखा न रहने देने का संकल्प लेने की उन्होंने अपील की।

उन्होंने श्रद्धालुओं से पर्यावरण रक्षा, स्वच्छ परिवेश, पशु-करुणा और आपसी भाईचारे को जीवन में अपनाने का आह्वान किया। साथ ही युवाओं से आग्रह किया कि वे अपनी सांस्कृतिक परंपराओं पर गर्व करें और आधुनिकता के साथ संस्कारों को जीवित रखें। उन्होंने कहा कि बुजुर्गों के अनुभव और युवाओं की ऊर्जा से ही समाज सशक्त और समृद्ध बनता है।

कार्यक्रम के अंत में डॉ. प्रेम कुमार ने भगवान श्रीकृष्ण से नवादा एवं वर्षगढ़ क्षेत्र में सुख-शांति, समृद्धि और सद्भाव की कामना की। इस अवसर पर पूर्व मंत्री एवं मंदिर समिति अध्यक्ष राजबल्लभ प्रसाद यादव, विधान पार्षद अशोक यादव, विधायिका विभा देवी, विधायक महेंद्र यादव, राजू राज, संतोष कुमार, संजय यादव, भाजपा नेता नवीन केसरी, मथुरा यादव, बिजेंद्र प्रसाद, पूर्व अति पिछड़ा जिला अध्यक्ष मनोज चंद्रवंशी, जदयू जिला अध्यक्ष मुकेश विद्यार्थी, जिला परिषद अध्यक्ष श्री मति पुष्पा देवी उपाध्यक्ष निशा चौधरी सहित सैकड़ों गणमान्यजन और श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# गयाजी में इंटर परीक्षा की सभी तैयारियां पूरी, 61 केंद्रों पर 72 हजार से अधिक परीक्षार्थी होंगे शामिल

निज संवाददाता। गयाजी

जिले में इंटरमीडिएट परीक्षा को लेकर प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। गयाजी में कुल 61 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें 36 केंद्र छात्राओं के लिए निर्धारित किए गए हैं। इस वर्ष जिले में कुल 72,698 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे, जिनमें 36,214 छात्र और 36,484 छात्राएं हैं। प्रशासन ने सभी केंद्राधीक्षकों को बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के दिशा-निर्देशों का सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए कड़े नियम लागू किए गए हैं। परीक्षार्थियों को किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण के साथ परीक्षा केंद्र में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। केंद्राधीक्षक को छोड़कर किसी भी प्रतिनियुक्त पदाधिकारी या कर्मी को मोबाइल फोन ले जाने की मनाही रहेगी। परीक्षार्थियों को जूता-मोजा पहनकर परीक्षा केंद्र में प्रवेश वर्जित रहेगा, केवल चप्पल पहनकर ही उन्हें अंदर जाने दिया जाएगा।

प्रथम पाली की परीक्षा सुबह 9:30 बजे से शुरू होगी, जिसके लिए परीक्षार्थियों को सुबह 9:00 बजे तक ही प्रवेश मिलेगा। वहीं द्वितीय पाली की परीक्षा दोपहर 2:00 बजे से आयोजित होगी और इसके लिए 1:30 बजे तक परीक्षा भवन में प्रवेश की अनुमति होगी। निर्धारित समय के बाद पहुंचने वाले परीक्षार्थियों को किसी भी स्थिति में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। जिला पदाधिकारी ने सभी परीक्षा केंद्रों के बाहर पब्लिक एड्रेस सिस्टम लगाने और लगातार अनाउंसमेंट कराने का निर्देश दिया है, ताकि परीक्षार्थियों को समय की जानकारी मिलती रहे और



वे समय पर केंद्र में प्रवेश कर सकें।

परीक्षा की निगरानी के लिए व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई है। जिले में 116 स्टैटिक दंडाधिकारी, 116 स्टैटिक पुलिस पदाधिकारी और 62 वरीय स्टैटिक पदाधिकारी प्रतिनियुक्त किए गए हैं। इसके अलावा 22 गश्ती दल दंडाधिकारी, 24 गश्ती दल पुलिस पदाधिकारी, 18 उड़नदस्ता दल और 8 सुपर जोनल दंडाधिकारी तैनात रहेंगे। जोनल और सुपर जोनल दंडाधिकारी निरीक्षण के दौरान केंद्रों पर संधारित पंजी में अपनी टिप्पणी दर्ज करेंगे और प्रतिदिन शाम में जिला पदाधिकारी को प्रतिवेदन सौंपेंगे।

सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं और हर केंद्र पर वीडियोग्राफी कराई जाएगी। वीक्षकों की प्रतिनियुक्ति रेंडमाइजेशन के आधार पर होगी। केंद्राधीक्षक द्वारा सभी वीक्षक और सहयोगी कर्मियों को पहचान पत्र निर्गत किया जाएगा। प्रत्येक केंद्र पर महिला दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है तथा महिला परीक्षार्थियों की जांच महिला दंडाधिकारी और महिला पुलिस बल द्वारा की जाएगी। सभी परीक्षा कक्षों में समुचित प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश भी दिया गया है।

प्रशासन ने प्रत्येक परीक्षा केंद्र के 500 मीटर की परिधि में भारतीय दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा लागू की है। नकल की किसी भी संभावना को समाप्त करने के लिए शौचालयों की विशेष जांच कराई जाएगी। परीक्षा केंद्रों के अंदर और बाहर आसपास के क्षेत्रों पर कड़ी नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही फोटोस्टेट, स्टेशनरी दुकानों और कोचिंग संस्थानों की गतिविधियों पर भी निगरानी रखी जाएगी। नगर पुलिस अधीक्षक ने परीक्षा अवधि के दौरान सख्त सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने का निर्देश देते हुए कहा कि असामाजिक तत्वों, अफवाह फैलाने वालों और कदाचार में संलिप्त लोगों पर पैनी नजर रखी जाएगी। किसी भी अवांछनीय गतिविधि पर त्वरित और कठोर कार्रवाई की जाएगी। वहीं गयाजी शहर में यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए यातायात पुलिस उपाधीक्षक को विशेष दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### शराबी पति पर गला घोंट कर हत्या का आरोप, आरोपी घर छोड़ हुआ फरार
### नालंदा में पत्नी की शिकायत पर गया था जेल



**नालंदा**। नालंदा में पति पर ही पत्नी की गला दबाकर हत्या करने का आरोप है। मृतका मेहनौर गांव की रहने वाली मिथलेश यादव की पत्नी (31) आरती देवी है। घटना शनिवार रात की है। मामला दीपनगर थाना क्षेत्र के मेहनौर गांव का है। मृतका के भाई चन्देश्वर ने बताया कि शराब पीकर हमेशा बहनोई, बहन के साथ मारपीट किया करता था। पहले भी वह अक्सर मारपीट किया करता था। जिसके कारण वह कम्प्लेन के बाद जेल भी गया था। बीती रात वह नशे में आया और कमरे का दरवाजा बंद कर दिया और पहले मारपीट की। फिर दुपट्टे से गला दबाकर हत्या कर फरार हो गया। साल 2012 में सिलाव थाना क्षेत्र के गोरमा गांव की रहने वाली आरती की शादी दीपनगर थाना क्षेत्र के मेहनौर गांव के रहने वाले मिथिलेश यादव के साथ हुई थी। दंपती के 2 बच्चे भी है। बेटे की उम्र 8 साल और बेटी की उम्र 6 साल है। दीपनगर थाना के अपर थानाध्यक्ष विमलेश कुमार ने बताया कि पति पर गला घोंट हत्या करने का आरोप लगा है। महिला के शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया है। जनवरी महीने में ही पत्नी ने मारपीट की शिकायत की थी। जिस मामलें में आरोपी जेल गया था। 8 दिन पहले ही वह जेल से छुटकर आया था। देर रात शराब के नशे में उसने मारपीट की और फिर गला दबाकर पत्नी की हत्या कर फरार हो गया है। आवेदन मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### धान खरीद व्यवस्था चरमराई, 78 दिन में लक्ष्य का आधा भी नहीं, इंतजार में 40 हजार से अधिक किसान



**नालंदा**। फोर्टिफाइड राइस कार्नेल्स (एफआरके) की आपूर्ति न होने से पूरी व्यवस्था ठप पड़ गई है। चावल जमा करने की प्रक्रिया रुक जाने से खरीद की चक्रिय व्यवस्था (रोटेशन सिस्टम) पूरी तरह प्रभावित हो गई है। नतीजतन, समितियां धान खरीदने से इनकार कर रही हैं और किसान पैक्स तथा व्यापार मंडलों के चक्कर काटने को मजबूर हैं। जिले में अब तक 828 टन एफआरके की मांग की गई थी, लेकिन मात्र 33 टन की ही आपूर्ति हुई है। तीन एजेंसियों को एफआरके की आपूर्ति के लिए निबंधित किया गया है, लेकिन उनकी मनमानी के आगे जिम्मेवार अधिकारी भी बेबस नजर आ रहे हैं। सरकारी दर पर धान बेचने के लिए अब तक 49 हजार 574 किसानों ने पंजीकरण कराया है, लेकिन केवल 9027 किसान ही अपनी उपज बेच पाए हैं। शेष 40 हजार से अधिक किसान रोजाना पैक्स और मंडियों का चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन उन्हें निराशा ही हाथ लग रही है। इस बार साधारण धान पर पिछले साल की तुलना में प्रति क्विंटल 69 रुपए अधिक यानी 2369 रुपये प्रति क्विंटल मिल रहे हैं। लेकिन बाजार में व्यापारी केवल 2250 से 2300 रुपये प्रति क्विंटल ही दे रहे हैं। पैक्सों का कहना है कि उन्हें जितना कैश क्रेडिट मिला था, उतना धान खरीद लिया गया है। गोदाम पूरी तरह भर चुके हैं। न तो उनके खाते में कैश क्रेडिट बचा है और न ही धान रखने के लिए जगह। नियमानुसार, गोदाम की क्षमता से अधिक खरीद नहीं की जा सकती। एफआरके की कमी के कारण मिलर धान लेने को तैयार नहीं हैं। ऐसे में समितियां चाहकर भी किसानों से धान खरीद नहीं कर पा रही हैं। अब तक करीब 1362 लॉट (एक लॉट 247 क्विंटल) धान की खरीद हुई है, लेकिन एसएफसी के गोदाम में केवल 98 टन चावल ही जमा हो पाया है। नालंदा सेंट्रल को-ऑपरेटिव बैंक के उपाध्यक्ष पंकज कुमार बताते हैं कि इस बार पैक्स और मिलरों की टैगिंग में नियमों का पालन नहीं हुआ। पिछले साल तक पैक्सों से सहमति लेकर टैगिंग की जाती थी, जिससे बेहतर समन्वय रहता था। लेकिन इस बार बिना सहमति के ही टैगिंग कर दी गई। साथ ही, इस बार खरीद का लक्ष्य भी पिछले साल की तुलना में कम रखा गया है। जिला सहकारिता पदाधिकारी धर्मनाथ प्रसाद का कहना है कि धान खरीद में तेजी लाने का प्रयास किया जा रहा है। एफआरके आपूर्ति करने वाली एजेंसियों से बातचीत की जा रही है ताकि चावल जमा करने की प्रक्रिया में तेजी लाई जा सके। सभी बीसीओ को लगातार निगरानी करने के निर्देश दिए गए हैं।

### बोर्ड परीक्षा के लिए ट्रेनों का अस्थायी ठहराव, दानापुर मंडल के 5 हाल्ट पर 28 फरवरी तक मिलेंगी सुविधाएं



**हाजीपुर**। दानापुर मंडल के विभिन्न हाल्ट/स्टेशनों पर इंटरमीडिएट एवं मैट्रिक बोर्ड परीक्षा के परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए दो जोड़ी पैसेंजर ट्रेनों का अस्थायी ठहराव प्रदान किया गया है। यह व्यवस्था 2 फरवरी 2026 से 28 फरवरी 2026 तक लागू रहेगी। यह अस्थायी ठहराव चम्पापुर हाल्ट, सालिमपुर बिहार हाल्ट, करौटा, मंझौलीग्राम हाल्ट और बुद्धदेवचक यादवनगर हाल्ट/स्टेशनों पर दिया गया है। प्रत्येक ट्रेन का ठहराव इन स्टेशनों पर एक मिनट का होगा।

**इन स्टेशनों पर होगा ठहराव**: गाड़ी संख्या 63221 मोकामा-पटना मेमू पैसेंजर चम्पापुर हाल्ट पर 06:17/06:18 बजे, सालिमपुर बिहार हाल्ट पर 06:24/06:25 बजे, करौटा में 06:27/06:28 बजे, मंझौलीग्राम हाल्ट पर 06:30/06:31 बजे और बुद्धदेवचक यादवनगर हाल्ट पर 06:42/06:43 बजे रुकेगी। वापसी में, गाड़ी संख्या 63222 पटना-मोकामा मेमू पैसेंजर बुद्धदेवचक यादवनगर हाल्ट पर 18:51/18:52 बजे, मंझौलीग्राम हाल्ट पर 19:03/19:04 बजे, करौटा में 19:06/19:07 बजे, सालिमपुर बिहार हाल्ट पर 19:09/19:10 बजे और चम्पापुर हाल्ट पर 19:15/19:16 बजे ठहरेगी।

**बुद्धदेवचक यादवनगर हाल्ट पर रुकेगी ट्रेन**: इसी प्रकार, गाड़ी संख्या 53203 झाझा-दानापुर फास्ट पैसेंजर चम्पापुर हाल्ट पर 06:32/06:33 बजे, सालिमपुर बिहार हाल्ट पर 06:40/06:41 बजे, मंझौलीग्राम हाल्ट पर 06:48/06:49 बजे और बुद्धदेवचक यादवनगर हाल्ट पर 07:02/07:03 बजे रुकेगी। गाड़ी संख्या 53204 दानापुर-झाझा फास्ट पैसेंजर बुद्धदेवचक यादवनगर हाल्ट पर 18:34/18:35 बजे, मंझौलीग्राम हाल्ट पर 18:50/18:51 बजे, सालिमपुर बिहार हाल्ट पर 18:58/18:59 बजे और चम्पापुर हाल्ट पर 19:05/19:06 बजे ठहरेगी। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चंद्र द्वारा दी गई।

## कोंच थाने में ग्राम रक्षा दल ने थानाध्यक्ष को किया सम्मानित, समस्याओं के समाधान का मिला आश्वासन

निज संवाददाता। गयाजी

कोंच थाना परिसर में आयोजित एक विशेष समारोह में ग्राम रक्षा दल की ओर से थानाध्यक्ष सुदेह कुमार को उनकी कार्यकुशलता और बेहतर पुलिसिंग के लिए सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम पुलिस प्रशासन और ग्राम रक्षा दल के बीच आपसी समन्वय और सहयोग का मजबूत उदाहरण बना। कोंच थाने के सभागार में आयोजित इस समारोह की अध्यक्षता ग्राम रक्षा दल के प्रदेश महामंत्री गणेश मिश्रा ने की। इस दौरान संगठन को मजबूत करने और स्थानीय प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर कार्य करने की रणनीति पर भी विस्तार से चर्चा की गई।

कार्यक्रम के दौरान ग्राम रक्षा दल के सदस्यों ने अपनी पहचान, सुरक्षा, ड्यूटी व्यवस्था और अन्य लंबित समस्याओं को थानाध्यक्ष के समक्ष रखा। सदस्यों ने मांग की कि ग्रामीण क्षेत्रों में अपराध नियंत्रण के लिए उन्हें पुलिस प्रशासन का निरंतर सहयोग मिले, जिससे वे अपनी जिम्मेदारियों का बेहतर ढंग से निर्वहन कर सकें। थानाध्यक्ष सुदेह कुमार ने ग्राम रक्षा दल की समस्याओं को गंभीरता से सुना और मौके पर ही कुछ अहम निर्णय भी लिए। उन्होंने कहा कि ग्राम रक्षा दल पुलिस की एक महत्वपूर्ण सहयोगी इकाई है और उनकी



जायज मांगों का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पुलिस और ग्राम रक्षा दल के बीच बेहतर तालमेल से अपराध पर प्रभावी नियंत्रण संभव है और इससे आम जनता का भरोसा भी मजबूत होगा। इस अवसर पर सैकड़ों की संख्या में ग्राम रक्षा दल के सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में दल के सदस्यों ने प्रशासन को हरसंभव सहयोग देने का संकल्प दोहराया। वहीं पुलिस प्रशासन ने भी भरोसा दिलाया कि इस तरह के संवाद कार्यक्रम आगे भी आयोजित किए जाएंगे, जिससे पुलिस और जनता के बीच की दूरी कम हो सके।

## संगठन विस्तार को लेकर वजीरगंज में कांग्रेस की बैठक, नए सदस्यों को जोड़ने पर जोर

निज संवाददाता। वजीरगंज

संगठन को मजबूत करने की रणनीति पर चर्चा के लिए रविवार को वजीरगंज में प्रखंड कांग्रेस कमिटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक प्रखंड मुख्यालय स्थित व्यापार मंडल परिसर में हुई, जिसमें बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक को संबोधित करते हुए संगठन सृजन के लिए नियुक्त पर्यवेक्षक कमलेश चन्द्रवंशी ने कहा कि पार्टी की मौजूदा कमियों का आकलन कर लिया गया है और अब नए तरीके से संगठन को मजबूत किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अभियान चलाकर नए सदस्यों को पार्टी से जोड़ा जाएगा और संगठन को आर्थिक रूप से भी सशक्त बनाने की दिशा में प्रयास किए जाएंगे।

बैठक की अध्यक्षता कर रहे सतीश सिंह ने कहा कि पार्टी के हित में जो भी निर्णय कार्यकर्ताओं द्वारा लिया जाएगा, उसे वे पूरी निष्ठा से स्वीकार करेंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि वे तन, मन और धन से कांग्रेस संगठन के साथ जुड़े रहेंगे। बैठक में वरिष्ठ नेता रामाश्रय सिंह, इंटक अध्यक्ष साधुशरण सिंह, संचालन कर रहे मिथलेश शर्मा सहित तपेश्वर पुरी, राकेश कुमार, रामाकांत सिंह, धर्मेंद्र कुमार सिंह, लाल बाबू, अनिल यादव, अनिल पांडेय, इसराइल खान समेत अन्य नेताओं और कार्यकर्ताओं ने संगठन के विस्तार और मजबूती को लेकर अपने-अपने सुझाव रखे। कार्यकर्ताओं ने गांव-गांव तक कांग्रेस संगठन को सक्रिय करने, युवाओं और आम लोगों को पार्टी से जोड़ने तथा जनसमस्याओं को लेकर आंदोलन तेज करने पर बल दिया।



## चाकन्द में फरार वारंटी गिरफ्तार, गैर-जमानती वारंट के तहत कार्रवाई

निज संवाददाता। गयाजी

गया जिले के चाकन्द थाना क्षेत्र में पुलिस ने न्यायालय के आदेश का सख्ती से पालन करते हुए रविवार को एक फरार वारंटी को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई चाकन्द बाजार इलाके में की गई, जहां आरोपी के खिलाफ जारी गैर-जमानती वारंट के तहत उसे दबोचा गया। थानाध्यक्ष शिवम कुमार ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी की पहचान धर्मेंद्र लाल के रूप में हुई है, जो न्यायालय में लंबित एक मामले में लंबे समय से फरार चल रहा था।

आरोपी के विरुद्ध गैर-जमानती वारंट जारी किया गया था, जिसके निष्पादन के लिए पुलिस लगातार प्रयास कर रही थी। गुप्त सूचना के आधार पर गठित पुलिस टीम ने चाकन्द बाजार क्षेत्र में छापेमारी कर आरोपी को मौके से गिरफ्तार किया। इसके बाद उसे थाना लाकर



आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की गई। प्रक्रिया पूरी होने के बाद आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। थानाध्यक्ष ने कहा कि न्यायालय के आदेशों का पालन सुनिश्चित करना पुलिस की प्राथमिकता है और फरार वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

## भिड़हा टोला में संत रैदास जयंती बनी सामाजिक एकता का उत्सव, बच्चों की प्रस्तुतियों ने बांधा समां

### संत रैदास के विचारों से गूंजा तेतरिया का भिड़हा टोला, अंबेडकर युवा क्लब ने धूमधाम से मनाई जयंती

निज संवाददाता। इमामगंज

नगर पंचायत अंतर्गत तेतरिया गांव के टोला भिड़हा में अंबेडकर युवा क्लब के बैनर तले संत शिरोमणी रैदास जयंती समारोह पूरे हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ छकरबंधा पंचायत के मुखिया श्याम सुंदर प्रसाद गुप्ता एवं वार्ड संख्या 13 के वार्ड पार्षद दिलबहार यादव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।

समारोह के दौरान समाज के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने एक से बढ़कर एक भजन व नीति संगीत की प्रस्तुति दी, जिसने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। बच्चों की प्रस्तुतियों ने संत रैदास के समतामूलक समाज, प्रेम और भाईचारे के संदेश को जीवंत कर दिया। इस अवसर पर



मुख्य अतिथि मुखिया श्याम सुंदर प्रसाद गुप्ता ने कहा कि संत शिरोमणी रैदास जी ने समाज को भेदभाव से ऊपर उठकर समानता और मानवता का मार्ग दिखाया।

आज के युवाओं को उनके विचारों को आत्मसात कर समाज को नई दिशा देनी चाहिए। वहीं अंबेडकर युवा क्लब के अध्यक्ष केदार दास ने कहा कि इस तरह के आयोजन



से समाज में जागरूकता आती है और नई पीढ़ी को अपने महापुरुषों के विचारों से जुड़ने का अवसर मिलता है। हमारा प्रयास है कि हर वर्ष और भी भव्य तरीके से संत रैदास जयंती मनाई जाए। इस मौके पर अंबेडकर युवा क्लब के अध्यक्ष केदार दास, उपाध्यक्ष शंकर कुमार, कोषाध्यक्ष रमेश कुमार, उपाध्यक्ष दिलीप कुमार, सचिव अमर कुमार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण, युवा एवं समाजसेवी उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर संत रैदास के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

## 'युवा, महिला और किसानों के लिए विशेष सौगात'

### बीजेपी विधायक ने केंद्रीय बजट को सराहा, बोले- भारत 2047 से पहले ही विकसित राष्ट्र बन जाएगा

निज संवाददाता। नालंदा

बिहारशरीफ से बीजेपी विधायक और पूर्व मंत्री डॉक्टर सुनील कुमार ने केंद्रीय बजट 2026 को युवाओं, महिलाओं और किसानों के लिए एक विशेष सौगात करार दिया है। केंद्रीय बजट पर आयोजित संवाद कार्यक्रम में कहा कि यह बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक मजबूत आधार तैयार करता है। जिस तरह से वित्त मंत्री ने आधार तैयार किया है, भारत निश्चित तौर पर 2047 से पहले ही विकसित राष्ट्र बन जाएगा। 2011 में भारत विश्व में ग्यारहवें स्थान पर था, जबकि पिछले 11 वर्षों में देश तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। अगर यही गति रही तो 2030 तक भारत विश्व में पहले स्थान पर आ सकता है और 2047 से पहले ही विकसित राष्ट्र बनने का लक्ष्य प्राप्त हो सकता है।

**विकसित भारत का रोडमैप**: बजट की प्रमुख घोषणाओं का जिक्र करते हुए कहा कि देश में पांच मेडिकल हब स्थापित किए जाएंगे। 5 लाख से अधिक आबादी वाले सभी जिला नगरों को विकसित किया जाएगा। प्रत्येक जिला अस्पताल की क्षमता में 50 प्रतिशत की वृद्धि होगी। सभी जिलों में महिलाओं के लिए छात्रावास बनाए जाएंगे। 200 विरासत स्थलों का पुनर्निर्माण और पुनर्जीवीकरण किया जाएगा। विरासत स्थलों के विकास से विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करने में मदद मिलेगी और भारत विश्व में एक आकर्षक गंतव्य के रूप में उभरेगा।

**विकसित भारत गारंटी रोजगार आजीविका मिशन ग्रामीण (VB GRAM G)**: जिला स्तरीय कार्यशाला में विधायक ने विकसित भारत गारंटी



रोजगार आजीविका मिशन ग्रामीण योजना की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि विपक्षी दलों को राम नाम से ही आपत्ति है, जबकि इस योजना का संक्षिप्त नाम अंग्रेजी में जोड़ने पर VB GRAM G बनता है।

**योजना की प्रमुख विशेषताएं**

रोजगार गारंटी- 125 दिन की रोजगार गारंटी, जिसमें से 60 दिन बुआई और कटाई के समय योजना शिथिल रहेगी, ताकि किसानों को मजदूर मिल सके।

त्वरित भुगतान- हर 7 दिन में भुगतान की व्यवस्था। अगर 15 दिन तक रोजगार उपलब्ध नहीं कराया गया तो हर्जाना देना होगा।

विशेष प्रावधान- वन क्षेत्रों में अनुसूचित जाति और जनजाति के लिए 25 दिन का अतिरिक्त रोजगार, यानी कुल 150 दिन की गारंटी।

बजट आवंटन- प्रतिवर्ष 1,51,000 करोड़ रुपए का प्रावधान।

**मनरेगा बनाम VB GRAM G: तुलनात्मक विश्लेषण**: विधायक ने पिछली सरकारों की योजनाओं की तुलना करते हुए कहा कि कांग्रेस ने बार-बार योजनाओं के नाम बदले। कभी जवाहर रोजगार योजना, कभी इंदिरा आवास योजना। 2006 से शुरू हुई मनरेगा योजना में अब तक कुल 11,74,000 करोड़ रुपए खर्च हुए हैं, जिसमें से 8,53,000 करोड़ रुपए हमारी सरकार ने 2014 के बाद खर्च किए हैं। इसके विपरीत, 2006 से 2014 तक केवल 3,21,000 करोड़ रुपए ही खर्च किए गए।

**गरीबी उन्मूलन में उल्लेखनीय सफलता**: डॉ. सुनील कुमार ने गरीबी उन्मूलन के आंकड़े साझा करते हुए बताया कि 2011-12 में देश में 25.86 प्रतिशत लोग गरीबी रेखा से नीचे थे। 2023-24 की समीक्षा में 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर आए और अब केवल 4.75 प्रतिशत लोग ही गरीबी रेखा से नीचे हैं।

**विपक्ष पर निशाना**: विपक्ष पर निशाना साधते हुए डॉ. सुनील कुमार ने कहा कि राम राज्य की कल्पना गांधीजी ने भी की थी। अंतिम समय में उन्होंने 'हे राम' कहा था। विपक्षी दल राम नाम सुनकर ही व्याकुल हो जाते हैं, जबकि यह योजना ग्रामीण गरीबों के कल्याण के लिए है।

## संक्षिप्त समाचार

### मूर्ति चोर को मूर्ति के साथ पुलिस ने किया गिरफ्तार

### मूर्ति चोरी के मामले का पुलिस ने किया उद्वेदन
### मूर्ति सहित पांच चोर गिरफ्तार



**अकोढी गोला (रोहतास)।** अकोढी गोला थाना क्षेत्र अंतर्गत गम्हरिया गांव स्थित ठाकुरबाड़ी में मंदिर से मूर्ति एवं बाजा बजाने की मशीन एमप्लीफायर सहित अन्य सामग्रियों की चोरी हुई थी जिसकी प्राथमिकी कांड संख्या 43/26 अकोढी गोला थाने में दर्ज है इस मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मूर्ति चोरी के मामले का उद्वेदन करते हुए पॉच मूर्ति चोर के साथ चोरी के सामान की बरामदगी की। थानाअध्यक्ष राकेश गोसाई ने बताया कि चोरी के इस मामले में प्राथमिक अभियुक्त रोशन सिंह गांव गम्हरिया को गिरफ्तार किया गया जिसके बयान पर चोरी में संलिप्त विशाल कुमार पांडे गांव कुसुमभरा थाना राजपुर, गुड्डू पासवान गांव नीमा थाना राजपुर,सनी देओल सिधौली थाना डालमिया नगर एवं भगवान शाह ग्राम बांक थाना अकोढी गोला को गिरफ्तार किया गया एवं चोरी की समान भी बरामद की गई। इस मामले में अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

◆ मंदिर से मूर्ति एवं बाजा बजाने की मशीन एमप्लीफायर सहित अन्य सामग्रियों की चोरी हुई थी

# डेहरी में ट्रॉली बैग से बरामद हुई विवाहित महिला की नग्न शव, इलाके में दहशत

**निज संवाददाता। डेहरी, रोहतास**

नगर थाना क्षेत्र के स्टेशन रोड स्थित सब्जी मंडी के पीछे रविवार सुबह उस वक्त अफरातफरी मच गई, जब कूड़े-कचरे के बीच रखे लाल रंग के ट्रॉली बैग से दुर्गंध आने लगी। आसपास खेल रहे कूड़ा बीनने वाले बच्चों को जब बैग संदिग्ध लगा तो उन्होंने शोर मचाया। देखते ही देखते लोगों की भीड़ जुट गई और किसी ने डायल 112 पर सूचना दे दी। सूचना मिलते ही पुलिस की त्वरित प्रतिक्रिया टीम मौके पर पहुंची। इसके बाद नगर थाना की पुलिस और वरीय अधिकारी भी घटनास्थल पर पहुंचे। ट्रॉली बैग खोलने पर अंदर से एक विवाहित महिला का शव मिला, जो पूरी तरह नग्न अवस्था में था। संवेदनशील स्थिति को देखते हुए एफएसएल टीम की निगरानी में जांच शुरू की गई। साक्ष्य सुरक्षित रखने और प्रक्रिया पूरी करने में करीब तीन घंटे का समय लगा।

**सोशल मीडिया से हुई पहचानः** पुलिस ने शव की पहचान के लिए जिले के सभी थानों को सूचना दी। इसी बीच सोशल मीडिया पर फैली जानकारी के आधार पर मृतका की पहचान मुगलसराय के सकलडीहा स्टेशन अंतर्गत बटगी गांव निवासी 25 वर्षीय मैरून खातून के रूप में हुई। बताया गया कि मैरून खातून की शादी नवंबर 2022 में हुई थी और उसका ढाई साल का एक बेटा है।





**यौन शोषण के बाद हत्या की आशंकाः** नग्न अवस्था में ट्रॉली बैग से शव मिलने की खबर से पूरे इलाके में दहशत फैल गई। स्थानीय लोगों के बीच जघन्य अपराध की आशंका जताई जा रही है। प्रारंभिक तौर पर यह संदेह भी जताया जा रहा है कि महिला के साथ यौन शोषण के बाद हत्या कर शव को ट्रॉली बैग में बंद कर यहां फेंका गया हो, हालांकि पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों पर स्पष्ट स्थिति सामने आएगी।

**एफएसएल जांच, सीसीटीवी खंगाले जा रहेः** एफएसएल टीम ने घटनास्थल की घेराबंदी कर साक्ष्य एकत्र किए। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाल रही है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि ट्रॉली बैग को वहां किसने और कब रखा।

**लोगों में आक्रोश, सख्त कार्रवाई की मांगः** घटनास्थल पर जुटी भीड़ के चेहरों पर गुस्सा साफ दिख रहा था। लोगों ने इस घटना को शर्मनाक और भयावह बताते हुए पुलिस-प्रशासन से दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी और कड़ी सजा की मांग की, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

### पुलिस का बयान

एसपी रोहतास रौशन कुमार ने बताया कि स्टेशन रोड स्थित सब्जी मंडी के पीछे लाल रंग की ट्रॉली बैग से महिला का शव मिलने की सूचना मिली थी। नगर थाना की पुलिस और एफएसएल टीम मौके पर जांच कर रही है। उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा। पुलिस जल्द ही मामले का खुलासा करने का दावा कर रही है। फिलहाल किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है और न ही परिजनों की ओर से लिखित आवेदन दिया गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए सासाराम सदर अस्पताल भेज दिया गया है।

# 29 अप्रैल को जलयात्रा व सूर्य प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा

**निज संवाददाता। बिक्रमगंज(रोहतास)**

स्थानीय शहर के वार्ड संख्या 13 स्थित सूर्यमंदिर के प्रांगण में रविवार की संध्या में श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ सह सूर्यनारायण प्राण प्रतिष्ठा को लेकर एक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में शहर के प्रबुद्ध व्यक्तियो के साथ नव युवकों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। इस बैठक में उपस्थित सदस्यों ने यज्ञ को सफल बनाने के लिए अपने - अपने सुविचार रखे।

इस बैठक में उपस्थित लोगों ने यज्ञ की शुरुआत करने से लेकर समापन तक होने वाली यज्ञ की सारी गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए अपने विचार रखे। इस बैठक में 21 सदस्यीय कमिटी के चुनाव करने के उपरांत सर्वसम्मति से यज्ञ कमिटी के अध्यक्ष के रूप में घनश्याम कुमार,उपाध्यक्ष सुधीर रंजन, कोषाध्यक्ष पूर्व चेयरमैन गुप्तेश्वर प्रसाद गुप्ता उप कोषाध्यक्ष - किन्नर समाज के अध्यक्ष लाली किन्नर,सचिव रामजी वैश्य, उपसचिव राजू पाठक, उपसचिव रितेश राज का चुनाव करने के साथ ही एक धन संग्रह कमिटी का भी गठन किया गया जिसमें अध्यक्ष के रूप में मदन प्रसाद वैश्य,



उपाध्यक्ष राम विनय पटेल, सचिव धीरज गुप्ता, देव मुनि पाण्डेय, शोभ नाथ गुप्ता, शिव जी साह को मनोनीत किया गया। यह यज्ञ श्री जीयर स्वामी जी महाराज के सानिध्य में कलश सह जलभरी यात्रा 24 अप्रैल, कथा प्रवचन 24 अप्रैल, भगवान भास्कर का प्राण प्रतिष्ठा 29 अप्रैल व 30 अप्रैल को यज्ञ समापन के साथ ही भव्य भंडारे का आयोजन होगा। इसके साथ इस यज्ञ के कमिटी में मुख्य रूप से काशी घाट के संचालन कर्ता वार्ड पार्षद प्रतिनिधि राजा जितेंद्र कुमार उर्फ राजा पटेल, काशी घाट के अध्यक्ष धीरज गिरी, धर्मेन्द्र कुमार सिंह, विक्कू गुप्ता, सोनू ठाकुर, रिशु राज, पिंटू सिंह, निरंजन ठाकुर, मंटू कुशवाहा सिकरिया अमजद अंसारी, एंकर सोनु ठाकुर, महेंद्र गुप्ता, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि पिंटु सिंह, मंटु रॉय के साथ सैकड़ो शहरवासी उपस्थित रहे।

# काराकाट में ट्रैक्टर-बाइक की टक्कर, युवक की मौके पर मौत

**निज संवाददाता। काराकाट /रोहतास**

काराकाट थाना क्षेत्र में रविवार शाम एक भीषण सड़क हादसे ने इलाके को सन्नाटे में डुबो दिया। सकला-इटिम्हा पथ पर कौपा गांव के पास एक महिंद्रा ट्रैक्टर और पल्सर बाइक की जबरदस्त टक्कर में बाइक सवार 25 वर्षीय युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान भोजपुर जिले के अगियांव थाना क्षेत्र के अंगारा गांव निवासी हरेराम उपाध्याय के पुत्र रितेश उपाध्याय के रूप में हुई है।पुलिस के अनुसार, रितेश सकला की ओर से अपनी पल्सर 150 सीसी बाइक पर इटिम्हा जा रहा था। तभी सकला की दिशा से आ रहे ट्रैक्टर ने अचानक अनियंत्रित होकर उसे कुचल दिया। ट्रैक्टर पर भारी मात्रा में उर्वरक (खाद) लदा हुआ था, जिसके कारण वह पूरी तरह बेकाबू हो गया। हादसे के बाद ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर मुख्य सड़क के बगल स्थित गड्ढे में जा गिरा, जबकि रितेश की बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। युवक को मौके पर ही बचाने की कोई गुंजाइश नहीं बची।





घटना की सूचना मिलते ही काराकाट थाना अध्यक्ष विवेक कुमार अपने दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। वहां सैकड़ों ग्रामीण इकट्ठा हो गए थे, जिन्हें पुलिस ने समझा-बुझाकर शांत किया। स्थिति को नियंत्रित करने के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सासाराम भेजने की तैयारी की। थाना अध्यक्ष विवेक कुमार ने बताया, "ट्रैक्टर और मोटरसाइकिल की टक्कर में एक युवक की मौत हो गई है। हालात पर पूरी तरह काबू पा लिया गया है। ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की जांच और कानूनी कार्रवाई की जा रही है।"ग्रामीणों का कहना है कि ट्रैक्टर की लापरवाही से यह हादसा हुआ। सड़क पर तेज रफ्तार ने दुर्घटना को और भयावह बना दिया। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से सख्ती से वाहनों की जांच की मांग की है।

# फुटबॉल मैच में बिहार की टीम ने बंगाल को हराया

### मझिआव पंचायत के नेचर विलेज टंडवा में हुआ फुटबॉल मैच का आयोजन



**निज संवाददाता। डेहरी**

रोहतास प्रखंड क्षेत्र के मझिआंव पंचायत के नेचर विलेज टंडवा के खेल मैदान रविवार को अनिल मुखिया फुटबॉल ट्राफी सीजन 3 में बिहार बनाम वेस्ट बंगाल के बीच एक दिवसीय फुटबॉल खेला गया। जिसमें बिहार के ए जी पटना ने वेस्ट बंगाल के बरनपुर को दो गोल से हराया। मैच के शुरुआत के चौथे मिनट में बिहार के खिलाड़ी सुनील कुमार ने एक गोल मारकर मैच में बढ़त बना ली। पश्चिम बंगाल के खिलाड़ी खूब पसीना बहाया, लेकिन बिहार में एक भी गोल नहीं कर पाए। गोल वापस करने के कई मौके आया उसे बिहार के खिलाड़ियों ने बॉल को रोककर उनके मंसूबों पर पानी फेर दिया। पटना के टीम आरिफ सिद्की दूसरा गोल ने मारा। खेल समाप्ति पर बिहार के ए जी पटना टीम को दो गोल से विजई घोषित किया गया। मैच के दौरान हजारों की संख्या में दर्शक रोमांचपूर्ण मुकाबले का आनंद उठाया।

मुख्य अतिथि डेहरी पूर्व बीडीओ पुरुषोत्तम त्रिवेदी ने कहा कि टंडवा ग्राम में अनिल मुखिया फुटबॉल ट्रॉफी सीजन -3 का आयोजन किया जा रहा है। इसमें मनोरंजन के साथ-साथ गांव के युवाओं को प्रतिभा निखारने का जो अवसर प्रदान किया जा रहा है। वह काफी बेहतरीन है। और गांव में फुटबॉल जितना लोकप्रिय आज भी है, उस लोकप्रियता को आगे ले जाने के लिए जो कार्य किया जा रहा है। मुखिया जी के द्वारा और इनके टीम के द्वारा, यह बहुत ही सराहनीय है। इससे युवाओं को प्रेरणा मिलेगी, खेल को निखारने की शिक्षा मिलेगी और तमाम ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह के बड़े आयोजन, जहां राज्य स्तरीय और देश स्तरीय के खिलाड़ी आ रहे हैं। फुटबॉल के प्रति जो प्रेरणा है वह शिक्षा के साथ-साथ खेल की भावना को भी बढ़ाने का काम किया है। मैच के आयोजक मुखिया अनिल कुमार ने कहा कि विगत तीन वर्षों से राज्यस्तरीय फुटबॉल मैच का आयोजन होता रहा है। जिससे ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को राष्ट्रीय व अंतराष्ट्रीय खिलाड़ियों का खेल देखने का मौका मिलता है। डेहरी के पूर्व बीडीओ पुरुषोत्तम त्रिवेदी, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी संजय कुमार सिंह, अकोढ़ीगोला प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी प्रणव कुमार, मुखिया अनिल कुमार, रोहतास फुटबॉल संघ अध्यक्ष सिद्धेश्वर प्रसाद गुप्ता, सचिव नौशाद, समाजसेवी राम संजय सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर मैच का उद्धघाटन किया। मैच का रेफरी शशि सिंह व लाइन मैन उपेंद्र कुमार यादव, सुनील चंद्रवंशी रूप में सराहनीय मैच को सफल संचालन किया। मौके पर सरपंच मुनिलाल साह, श्रीभगवान साह, डॉ विवेक कुमार सिंह, मुन्ना सिंह, दिलीप सिंह, तेज कुमार, पैक्स अध्यक्ष नन्द कुमार सिंह, सुदर्शन सिंह आदि मौजूद थे।

# तिलौथू हाई स्कूल में सुधरने लगी शैक्षणिक व्यवस्था

◆ प्रभारी प्रधानाध्यापक मैकू राम के नेतृत्व में विद्यालय में लौटी रौनक

**निज संवाददाता। डेहरी। रोहतास**

कुछ माह से तिलौथू हाई स्कूल में उपजे विवाद व राजनीति का अंत होने के साथ पुनः प्रभारी प्रधानाध्यापक मैकू राम के आते ही विद्यालय में शैक्षणिक व्यवस्था पटरी पर आने लगी है। तथा छात्र-छात्राओं व शिक्षकों में खुशी देखी जा रही है। विद्यालय के शिक्षक भी अब कहने लगे हैं कि मैकू राम द्वारा विद्यालय की कमान संभालते ही विद्यालय में एक सकारात्मक, अनुशासित एवं प्रेरणादायक शैक्षणिक वातावरण का निर्माण हुआ है। पूर्व अवधि में छात्रों की लगातार कम उपस्थिति के कारण विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियाँ प्रभावित हो रही थी। प्रभारी प्रधानाध्यापक मैंकू राम ने बताया कि कार्यभार ग्रहण करने के बाद उनके प्रभावी नेतृत्व, स्पष्ट दिशा-निर्देश एवं सतत निगरानी के परिणामस्वरूप छः महीनों से चला आ रहा कम उपस्थिति का रिकॉर्ड टूट गया है। अब विद्यालय प्रांगण में पुनः चहल-पहल, रौनक एवं शैक्षणिक ऊर्जा स्पष्ट रूप से देखने को मिल रही है। विद्यालय में सभी विषयों का पठन-पाठन विधिवत रूप से प्रारंभ कर दिया गया है। साथ ही प्रयोगशाला, पुस्तकालय, कक्षा शिक्षण, सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों तथा विद्यार्थियों की मूलभूत सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, जिससे बच्चों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो सके।



इस सकारात्मक परिवर्तन में शिक्षक उमाशंकर पाल, नूतन कुमारी, अंजू कुशवाहा, सुमित मिश्रा, प्रीति, पूर्णिमा, मिथिलेश,रवि रंजन, सिद्धार्थ एवं उमाशंकर प्रसाद समेत अन्य समर्पित शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। सभी शिक्षकों ने नियमित शिक्षण, अनुशासन एवं विद्यार्थियों के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण से विद्यालय को पुनः शैक्षणिक पटरी पर लाने में अहम भूमिका निभाई है। प्रधानाध्यापक मैकू राम द्वारा सभी अभिभावकों एवं छात्र-छात्राओं से स्पष्ट अनुरोध किया गया है, कि बिना उचित कारण विद्यालय से अनुपस्थित न रहें, ताकि बच्चों की शिक्षा में निरंतरता बनी रहे और उनका भविष्य सुरक्षित एवं उज्ज्वल हो सके। विद्यालय प्रशासन द्वारा विद्यार्थियों की हर गतिविधि, सुविधा एवं सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। अभिभावकों के सहयोग से यह पहल निश्चित ही विद्यालय को प्रगति के नए आयामों तक ले जाएगी।

# बजट श्रवण कार्यक्रम का आयोजन

**निज संवाददाता। बिक्रमगंज(रोहतास)**

रविवार को भारतीय जनता पार्टी के तत्वाधान में बजट प्रचार अभियान 2026 के अनुसार बजट श्रवण कार्यक्रम का आयोजन काराकाट विधानसभा के बिक्रमगंज मंडल के अंतर्गत घुसिया खुर्द केंद्र पर किया गया। श्रवण कार्यक्रम की अवसर पर कार्यक्रम प्रभारी नवनीत शाह एवं जिला प्रवक्ता नवीन चंद्र शाह उपस्थित थे। स्वतंत्र भारत का 80वां केंद्रीय बजट केंद्रीय वित्त मंत्री सीतारमण द्वारा संसद में प्रस्तुत किया गया जिसका श्रवण सामूहिक रूप से किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नेतृत्व में बजट प्रस्तुतीकरण की परंपरा में व्यापक परिवर्तन आया है। बजट को केवल आय व्यय का विवरण रखते हुए इसे विकसित भारत 2047 के को प्राप्त करने का संकल्प माध्यम बनाया गया है। सरकार गरीब कल्याण एवं आधारभूत ढांचे पर विशेष रूप से बल दे रही है। सचमुच में बजट अपने स्वरूप में दूरदर्शी और प्रेरक है तथा जिसका मुख्य उद्देश्य गरीबी उन्मूलन और आधारभूत ढांचे का सशक्त निर्माण रहा है। कार्यक्रम के शुभ अवसर पर वरिष्ठ कार्यकर्ताओं में लाल जी शर्मा, श्रीकांत शर्मा, मंडल के महामंत्री काशीनाथ पासवान, उपाध्यक्ष शंभू कुमार सिंह, मंत्री कुमारी देवी, महिला मोर्चा अध्यक्ष कमला देवी ,पंचायत अध्यक्ष इंद्रदेव चौधरी, बुथ कमेटी सदस्य नंदलाल शाह, पीतांबर गुप्ता, मुन्ना साह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जनता उपस्थित थे।



# काराकाट पुलिस की दोहरी सफलता, 17 साल से फरार वारंटी गिरफ्तार

**निज संवाददाता। रोहतास**

काराकाट थाना पुलिस ने लंबित मामलों के निष्पादन की दिशा में बड़ी कार्रवाई करते हुए 17 वर्ष पुराने केस में फरार चल रहे एक वारंटी को गिरफ्तार कर लिया है। इसके साथ ही पुलिस ने महज 24 घंटे के भीतर एक लापता युवती को भी सुरक्षित बरामद कर परिजनों को सौंप दिया। थानाध्यक्ष विवेक कुमार ने बताया कि वर्ष 2009 में काराकाट थाना क्षेत्र के धवनी गांव निवासी छठू साह के पुत्र कामेश्वर साह उर्फ गोबर साह के खिलाफ एक आपराधिक मामला दर्ज किया गया था।

अदालत से वारंट जारी होने के बाद से आरोपी लगातार फरार चल रहा था। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने छापेमारी कर उसे वारंटी के रूप में गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि थाना क्षेत्र में वर्षों से लंबित मामलों को चिह्नित कर कार्रवाई तेज कर दी गई है। फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापामारी अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने आम लोगों से किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील की। इसी क्रम में पुलिस को दूसरी सफलता लापता युवती के मामले में मिली। झारखंड के पलामू जिले के बिश्रामपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत हरहेपा गांव निवासी अंजू यादव की 19 वर्षीय पुत्री रुन्ता कुमारी को पुलिस ने सुरक्षित बरामद कर लिया। बताया गया कि रुन्ता कुमारी बरम बाबा मंदिर दवा कराने गई थी, जहां से वह अचानक लापता हो गई। परिजनों द्वारा शनिवार को थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। सूचना मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए युवती का पता लगाया और उसे सकुशल परिजनों के हवाले कर दिया।

### लापता युवती 24 घंटे में बरामद




### करगहर के जगजीवन राम स्टेडियम का होगा ऐतिहासिक कायाकल्प

# विधायक बशिष्ठ सिंह ने अधिकारियों संग किया निरीक्षण, 40 लाख का मास्टर प्लान तैयार

**निज संवाददाता। करगहर (रोहतास)**

करगहर प्रखंड मुख्यालय स्थित जगजीवन राम स्टेडियम, जो वर्षों से जर्जर अवस्था में पड़ा हुआ है, अब नए स्वरूप में नजर आएगा। क्षेत्र के युवाओं की लंबे समय से चली आ रही मांग को देखते हुए स्टेडियम के जीर्णोद्धार की दिशा में ठोस और निर्णायक पहल शुरू हो गई है। शुक्रवार को करगहर विधानसभा क्षेत्र के विधायक बशिष्ठ सिंह ने जिला प्रशासन के वरीय अधिकारियों के साथ स्टेडियम का स्थल निरीक्षण कर विकास कार्यों की रूपरेखा तय की। निरीक्षण के दौरान विधायक के साथ रोहतास के उप विकास आयुक्त (डीडीसी) विजय पांडे, जिला शिक्षा पदाधिकारी मदन राय तथा जिला खेल पदाधिकारी विनय प्रताप मौजूद रहे। अधिकारियों ने मैदान, चारदीवारी और परिसर की मौजूदा स्थिति का बारीकी से जायजा लिया और शीघ्र कार्य शुरू करने के निर्देश दिए।

◻ ओपन जिम, रनिंग ट्रैक और नई बाउंड्री वॉल से बदलेगी स्टेडियम की तस्वीर

निरीक्षण के बाद विधायक बशिष्ठ सिंह ने कहा, "करगहर का जगजीवन राम स्टेडियम क्षेत्र के युवाओं की पहचान रहा है, लेकिन वर्षों तक इसकी उपेक्षा हुई। जनता से किया गया वादा मेरी प्राथमिकता है। इस स्टेडियम का हर हाल में कायाकल्प किया जाएगा। जरूरत पड़ी तो विधायक निधि से भी राशि उपलब्ध कराई जाएगी।"



विधायक ने बताया कि स्टेडियम परिसर में आधुनिक सुविधा के रूप में ओपन जिम का निर्माण कराया जाएगा। इसके साथ ही मैदान में जगह-जगह बने गड्ढों को भरने के लिए मिट्टी भराई का कार्य शीघ्र शुरू होगा। उन्होंने कहा कि वर्ष 2015–20 के अपने पूर्व कार्यकाल में मनरेगा के तहत कराया गया अधूरा कार्य भी अब पूरा कराया जाएगा। युवाओं की मांग पर स्टेडियम में रनिंग ट्रैक का निर्माण कराया जाएगा। इसके अलावा चारों ओर से जर्जर हो चुकी बाउंड्री वॉल का पुनर्निर्माण किया जाएगा, ताकि खिलाड़ियों को सुरक्षित और बेहतर अभ्यास का माहौल मिल सके।

मौके पर मौजूद डीडीसी विजय पांडे ने कहा, "खेल विभाग की ओर से करीब 40 लाख रुपये का मास्टर प्लान तैयार किया गया है। इसके तहत मनरेगा योजना से मिट्टी भराई, बाउंड्री निर्माण और स्टेडियम परिसर में पौधारोपण कराया जाएगा।"

वहीं जिला खेल पदाधिकारी विनय प्रताप ने बताया, "स्टेडियम के दक्षिण-पश्चिम हिस्से में जल्द ही ओपन जिम का निर्माण कार्य शुरू होगा, जिससे स्थानीय युवाओं को फिटनेस की आधुनिक सुविधा मिलेगी।" स्टेडियम के कायाकल्प की घोषणा से क्षेत्र के खेल प्रेमियों और युवाओं में उत्साह देखा जा रहा है। लोगों का मानना है कि इससे करगहर में खेल गतिविधियों को नया जीवन मिलेगा और ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा।

# गंगा घाटों पर माघी पूर्णिमा पर आस्था का सैलाब

निज संवाददाता। बेगूसराय

बेगूसराय जिले के प्रसिद्ध सिमरिया सहित सभी प्रमुख गंगा घाटों पर माघी पूर्णिमा के पावन अवसर पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी है। सुबह से ही गंगा स्नान और पूजन के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। अब तक तीन लाख से अधिक श्रद्धालु स्नान कर चुके हैं। 'हर-हर गंगे और जय मां गंगे' के उद्घोष से पूरा गंगा तट भक्तिमय माहौल में डूबा नजर आया। ठंड के बावजूद लोगों के उत्साह में कोई कमी नहीं दिखी। महिलाएं, बुजुर्ग, युवा और बच्चे सभी गंगा स्नान कर पुण्य लाभ अर्जित करने के लिए घाटों पर पहुंचे। सिमरिया गंगा धाम, झमटिया घाट, चकिया घाट, बछवाड़ा और तेघड़ा क्षेत्र के घाटों पर सुबह से ही स्नान का सिलसिला शुरू हो गया था। बड़ी संख्या में श्रद्धालु रात में ही घाटों पर पहुंच गए थे, जिससे ब्रह्म मुहूर्त में गंगा स्नान कर सकें।



स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने सूर्य देव को अर्घ्य दिया और विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। बड़ी संख्या में लोगों ने दान-पुण्य भी किया और जरूरतमंदों को अन्न, वस्त्र एवं फल का दान दिया। इस दौरान मंदिरों में भी पूजा-अर्चना किया गया।


**माघ पूर्णिमा का धार्मिक महत्व**: हिंदू धर्म में माघ पूर्णिमा का विशेष महत्व है। शास्त्रों के अनुसार माघ मास को सभी महीनों में सबसे पवित्र माना गया है और इस माह में गंगा स्नान से विशेष पुण्य की प्राप्ति होती है। मान्यता है कि माघ पूर्णिमा के दिन देवता भी पृथ्वी पर आकर गंगा में स्नान करते हैं। इस दिन गंगा स्नान करने से व्यक्ति के सभी पाप नष्ट हो जाते और मोक्ष की प्राप्ति होती है। कहा जाता है कि माघ पूर्णिमा के दिन भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की पूजा करने से सुख-समृद्धि में वृद्धि होती है। इसके अलावा सत्यनारायण भगवान की कथा सुनने और कराने की भी परंपरा है। श्रद्धालुओं ने अपने घरों में सत्यनारायण कथा का आयोजन किया, वहीं घाटों पर ब्राह्मण भोजन कराकर पुण्य अर्जित किया।

**सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम**: श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। सिमरिया गंगा घाट पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। गोताखोरों की टीम और स्थानीय प्रशासन के कर्मी लगातार घाट पर निगरानी कर रहे थे। लोगों को पानी में आगे बढ़ने से रोका जा रहा था, जिससे श्रद्धालु सुरक्षित तरीके से स्नान कर सकें।

**भक्तिमय माहौल और मेले जैसा नजारा**: माघी पूर्णिमा के अवसर पर गंगा घाटों पर मेले जैसा माहौल देखने को मिला। पूजा सामग्री, फूल, प्रसाद और धार्मिक समान की दुकानों पर भीड़ लगी रही। बच्चों के लिए खिलौने और खाने-पीने की दुकानों पर रौनक रही। दूर-दराज के गांवों से आए श्रद्धालुओं ने इसे आस्था और परंपरा का पर्व बताया।

# रेलवे ओवर ब्रिज के नीचे लड़की की मिली लाश

निज संवाददाता। भागलपुर



भागलपुर में लहूलुहान स्थिति में एक युवती की लाश मिली है। शरीर के अलग-अलग हिस्सों में जख्म के निशान हैं। गला दबाकर हत्या किए जाने की आशंका जताई जा रही है। गले, पीठ और मुंह पर नाखून से कई बार वार किए गए हैं, जबकि नाक से खून बह रहा है। घटना, नवगछिया थाना क्षेत्र के बाबा बिषु रावत रेलवे ओवरब्रिज के नीचे की है। बगल से फोर लेन सड़क गुजरती है, ठीक उसके पास ही शव मिला है। आज माघ पूर्णिमा को लेकर सड़कों पर जाम लग गया था। जाम के दौरान लोगों की नजर युवती के डेड बॉडी पर पड़ी। लोगों ने घटना की जानकारी नवगछिया पुलिस को दी। सूचना मिलते ही नवगछिया पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। सूचना के बाद SDPO भी मौके पर पहुंचे।

**पुलिस ने फोटो की जारी**: प्रथम दृष्टया में आशंका जताई जा रही है कि युवती की कहीं और हत्या कर शव यहां लाकर फेंका गया है। जहां शव मिला है, वहां न तो खून फैला हुआ पाया गया और न ही संघर्ष के कोई स्पष्ट निशान दिखे। युवती ने ऊपर ब्लैक रंग का कपड़ा और नीचे रेड रंग का पजामा था। उसकी उम्र करीब 18 से 20 साल के बीच आंकी जा रही है। लड़की पैर में जूता भी पहनी हुई है। आसपास के लोगों ने दबी जुबान में कह रहा है कि लड़की रनिंग करने आई होगी, इसी दौरान इनके साथ अनहोनी हुई है।

**पोस्टमार्टम के लिए लाया गया बॉडी**: सूचना के बाद मौके पर फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया गया, जिसने साक्ष्य एकत्र किए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फिलहाल युवती की पहचान नहीं हो सकी है।

## संक्षिप्त समाचार

### संतश्री गुरु रविदास की जयंती पर नगर कीर्तन नाचते गाते झूमते श्रद्धालुओं ने लिया भाग

**अररिया**। अररिया के फुलकाहा थाना क्षेत्र के मानिकपुर में संतश्री गुरु रविदास की जयंती के मौके पर रविवार को उनके अनुयायियों और श्रद्धालुओं के द्वारा नगर कीर्तन निकाला गया। जिसमें उनके अनुयायी नाचते गाते झूमते नजर आए। बैंड बाजों के धुन के साथ निकले शोभायात्रा जुलूस में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। शोभायात्रा में विनोद आनंद हरिओम,परमानंद राम, शंभू कुमार राम, शिवचन्द राम, रामविलास राम, ब्रह्मदेव राम, अखलेश राम,विद्यानंद राम श्रवण राम,बृजकिशोर राम, कालेश्वर राम,दुर्गानंद राम,संतोष राम,महेश राम,फुलचानंद राम, राजदेव राम सहित बड़ी संख्या में समाज के लोगों ने भाग लिया। मौके पर वक्ताओं ने कहा कि गुरु रविदास जी 14वीं-15वीं सदी में भक्ति आंदोलन के महान संत कवि थे, जिनका जन्म वाराणसी के पास हुआ और वे मोची का काम करते थे।उन्होंने जाति-पाति का खंडन कर सामाजिक समानता और निर्गुण ईश्वर की भक्ति का संदेश दिया, और उनके भजन गुरु ग्रंथ साहिब में भी शामिल हैं। रविदासिया पंथ के संस्थापक और समाज सुधारक के रूप में वे पूजे जाते हैं।

### बुनकर कल्याण समिति के पूर्व सदस्य ने बजट को कपड़ा क्षेत्र में रोजगार का अवसर प्रदान करने वाला बताया

**अररिया**। बिहार बुनकर कल्याण समिति के पूर्व सदस्य अलीम अंसारी ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की ओर से आगामी वित्तीय वर्ष को लेकर पेश किए गए बजट को कपड़ा क्षेत्र खासकर खादी,हस्तकरघा और हस्तशिल्प के लिए वरदान साबित होने वाला बताया।उन्होंने पेश किए गए बजट की तारीफ की। बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए श्री अंसारी ने कहा कि पहली बार महात्मा गांधी स्वरोजगार योजना, मेघा टेक्सटाइल पार्क एवं पांच अन्य कपड़े क्षेत्र में केंद्र बनाने का बजट में प्रावधान किया गया है, जो निश्चित तौर पर कृषि के बाद कपड़ा क्षेत्र में रोजगार का अवसर प्रदान करने वाला साबित होगा। उन्होंने बताया कि खादी, हथ-करघा और हस्तशिल्पों को बढ़ावा देने के लिए महात्मा गांधी ग्राम स्वराज पहल का शुभारंभ,वस्त्र कौशल इको-सिस्टम को बढ़ावा और आधुनिकता के लिए समर्थन 2.0 मिशन,परंपरागत टेक्सटाइल क्लस्टर को आधुनिक बनाने के लिए वस्त्र उद्योगों का विस्तार और रोज़गार योजना,प्राकृतिक मानव निर्मित और न्यू एज फाइबर ने आत्मनिर्भरता के लिए राष्ट्रीय फाइबर योजना,जारी योजनाओं के एकीकरण और बढ़ावे के लिए राष्ट्रीय हथकरघा और हस्तशिल्प कार्यक्रम,विश्व स्तरीय और टिकाऊ वस्त्रों और परिधानों के लिए टैक्स-इको पहल,चुनौती के स्तर पर मेगा टेक्स्टाइल पार्को की स्थापना वस्त्र उद्योग के क्षेत्र में वरदान साबित होगी।

### इंटर परीक्षा 2026 की तैयारी पर सख्ती

**बांका**। बांका में इंटरमीडिएट वार्षिक परीक्षा 2026 को कदाचारमुक्त, शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला पदाधिकारी नवदीप शुक्ला और पुलिस अधीक्षक उपेंद्रनाथ वर्मा ने एक संयुक्त ब्रीफिंग का आयोजन किया। इस दौरान परीक्षा से संबंधित दायित्वों की समीक्षा की गई और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। ब्रीफिंग में कुछ संबंधित पदाधिकारी बिना किसी पूर्व सूचना के अनुपस्थित पाए गए। इस पर जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए सभी अनुपस्थित पदाधिकारियों से 24 घंटे के भीतर स्पष्टीकरण तलब किया है।

**दंडाधिकारी की जिम्मेदारी के प्रति उदासीनता**: संयुक्त ब्रीफिंग में अनुपस्थित पाए गए पदाधिकारियों में आवास पर्यवेक्षक सह प्रखंड समन्वयक, बौंसी; आपूर्ति निरीक्षक, बाराहाट; प्रखंड कृषि पदाधिकारी, बाराहाट; प्रखंड कृषि पदाधिकारी, रजौन; प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी, रजौन; प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी, रजौन; प्रखंड कृषि पदाधिकारी (मिट्टी जांच प्रयोगशाला), बांका; प्रखंड कल्याण पदाधिकारी, बांका; कनीय अभियंता, सिंचाई प्रमंडल, बांका; प्रखंड कल्याण पदाधिकारी, अमरपुर तथा प्रखंड कल्याण पदाधिकारी, चान्दन शामिल हैं। जिला पदाधिकारी नवदीप शुक्ला ने इस अनुपस्थिति को परीक्षा जैसे महत्वपूर्ण कार्य में स्टैटिक दंडाधिकारी की जिम्मेदारी के प्रति उदासीनता, लापरवाही और उच्चाधिकारी के आदेश की अवहेलना माना है। उन्होंने सभी अनुपस्थित पदाधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे 24 घंटे के भीतर अपना स्पष्टीकरण अपने-अपने विभागीय नियंत्री पदाधिकारी के माध्यम से प्रस्तुत करें। जिला पदाधिकारी ने स्पष्ट किया कि परीक्षा कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी पदाधिकारियों और कर्मियों को अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा, जिम्मेदारी और समयबद्धता के साथ करने का निर्देश दिया। चेतावनी दी गई है कि भविष्य में किसी भी चूक या लापरवाही की स्थिति में दोषी पदाधिकारियों और कर्मियों के विरुद्ध विधि-सम्मत कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### भाजपा ने की केंद्रीय बजट की सराहना

**बेगूसराय**। आज प्रस्तुत केंद्रीय बजट 2026-27 का बिहार बीजेपी ने स्वागत किया है। बेगूसराय में प्रदेश प्रवक्ता नीरज कुमार ने कहा है कि यह बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत के संकल्प को और मजबूत करने वाला सिद्ध होगा। जिसमें उत्पादकता बढ़ाने, युवाओं की क्षमता निर्माण और समावेशी विकास के तीन प्रमुख कर्तव्यों पर विशेष जोर दिया गया है। उन्होंने कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की ओर से पेश यह बजट पूंजीगत व्यय (कैपेक्स) में भारी वृद्धि के साथ बुनियादी ढांचे, रोजगार सृजन, कृषि, स्वास्थ्य और परिवहन क्षेत्र में क्रांतिकारी कदम उठाता है। बिहार के लिए बजट की घोषणाओं की सराहना करते हुए कहा कि यह बजट बिहार के तेज विकास की गति को नई ऊर्जा प्रदान करेगा।

**राज्य की कनेक्टिविटी को मजबूती मिलेगी**: बिहार को इस बजट से कई महत्वपूर्ण फायदे मिलने वाले हैं। वाराणसी-सिलीगुड़ी हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर की घोषणा से बिहार के कई जिलों से होकर गुजरने वाली यह परियोजना राज्य की कनेक्टिविटी को अभूतपूर्व स्तर पर मजबूत करेगी। जिससे यात्रा समय में कमी, व्यापार में वृद्धि और रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। पटना में इनलैंड वाटरवेज के लिए शिप रिपेयर इकोसिस्टम की स्थापना की घोषणा अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह गंगा नदी के माध्यम से होने वाले कारोबार को बढ़ावा देगा, हजारों नौकरियां पैदा करेगा और पूर्वी भारत के लिए एक नया आर्थिक केंद्र बनेगा। उन्होंने कहा कि बजट में पूर्वोदय राज्यों पर फोकस के तहत ईस्ट कोस्ट इंडस्ट्रियल कॉरिडोर महत्वपूर्ण पहल है।

**पर्यटन क्षेत्र में बड़ा फायदा होगा**: पर्यटन स्थलों के विकास से बिहार को औद्योगिक और पर्यटन क्षेत्र में बड़ा फायदा होगा। इसके साथ ही उच्च गति रेल और डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर जैसी परियोजनाओं से माल ढुलाई सस्ती और तेज होगी। किसानों, उद्यमियों और आम नागरिकों को सीधा लाभ पहुंचेगा। 16वीं वित्त आयोग की सिफारिशों के अनुसार 1.4 लाख करोड़ रुपये की अनुदान राशि से बिहार के विकास कार्यों को मजबूती मिलेगी। बजट युवाशक्ति को केंद्र में रखकर बनाया गया है, जिसमें कौशल विकास, स्टार्टअप, एमएसएमई और इंफ्रास्ट्रक्चर पर जोर है। मोदी सरकार का यह बजट गरीब, किसान, युवा और महिलाओं के कल्याण के साथ ही देश की आर्थिक मजबूती सुनिश्चित करता है। बिहार के विकास में केंद्र सरकार की प्रतिबद्धता एक बार फिर सिद्ध हुई है। नीरज कुमार ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी इस बजट की अच्छी बातों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए राज्य भर में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाएगी। भाजपा कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर लोगों को बताएंगे कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार हर वर्ग के विकास के लिए कितना कुछ कर रही है। हम सब मिलकर विकसित भारत के सपने को साकार करने में योगदान देंगे।


### यूजीसी बिल वापस लेने की मांग पर सवर्ण समाज का एकदिवसीय धरना प्रदर्शन

**अररिया**। समाहरणालय परिसर में केंद्र सरकार के नए यूजीसी नियमों के खिलाफ सवर्ण समाज के लोगों ने एकजुट होकर रविवार को एकदिवसीय धरना प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कर रहे धरनार्थियों ने इसे काला कानून बताते हुए उच्च शिक्षा में सवर्ण व मेधावी छात्रों के हितों के विरुद्ध बताया। धरना स्थल पर मौजूद लोगों ने यूजीसी काला कानून वापस लो के नारे लगाए और अपनी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने सरकार को चेतावनी दी कि यदि इन नियमों को वापस नहीं लिया गया, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। धरना प्रदर्शन का नेतृत्व पंडित अजय कुमार झा ने की।उन्होंने संबोधित करते हुए कहा कि यूजीसी के ये नए नियम उच्च शिक्षा में सवर्ण और मेधावी छात्रों के हितों के खिलाफ है।

## सड़क हादसे में ऑटो ड्राइवर की मौत

निज संवाददाता। बेगूसराय

बेगूसराय में सड़क हादसा हुआ है। एक साइकिल सवार व्यक्ति को बचाने के दौरान ऑटो अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया, जिसमें ऑटो ड्राइवर की मौके पर ही मौत हो गई। घटना SH-55 पर मुफस्सिल थाना क्षेत्र के कंकौल गांव के समीप की है। मृतक ऑटो ड्राइवर की पहचान सिंघौल थाना क्षेत्र के चांदवारा गांव स्थित वार्ड नबर-20 के रहने वाले देवशरण यादव के बेटे रविन कुमार यादव (24) के रूप में की गई है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि रविन कुमार यादव ऑटो चलाकर परिवार का भरण-पोषण करता था।



**ऑटो लेकर अपने घर चादवारा आ रहा था**: शनिवार की रात वह रजौरा की से ऑटो लेकर अपने घर चादवारा आ रहा था। इसी दौरान सदर ब्लॉक के पास एसएच-55 पर अचानक सामने आए साइकिल सवार आ गया। साइकिल सवार को बचाने के प्रयास में ऑटो का संतुलन बिगड़ गया और ऑटो सड़क किनारे पलट गया। जिसमें रविन की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही मुफस्सिल थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर सदर अस्पताल भेजा। जहां कि आज पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। वहीं, पुलिस क्षतिग्रस्त ऑटो को कब्जे में लेकर लेकर आगे की कार्रवाई कर रही है।

## राजद प्रवक्ता ने बजट को बताया जनविरोधी

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर में आज राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के प्रदेश प्रवक्ता अरुण कुमार यादव ने केंद्रीय बजट 2026-27 पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने इस बजट को पूरी तरह जनविरोधी और बिहार विरोधी बताया। यादव ने कहा कि बिहार और बिहारवासियों को इस बजट से काफी उम्मीदें थीं, लेकिन केंद्र सरकार ने एक बार फिर राज्य की अपेक्षाओं को पूरा नहीं किया। अरुण यादव के अनुसार, केंद्र की मोदी सरकार ने हमेशा की तरह इस बार भी बिहार के साथ सौतेला व्यवहार किया है। बजट में बिहार के विकास से संबंधित किसी ठोस या प्रभावी प्रावधान का अभाव स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है, जिससे राज्य के लोगों में निराशा है। उन्होंने यह भी कहा कि बिहार आज भी देश के सबसे गरीब और पिछड़े राज्यों में से एक है, जिसकी पुष्टि केंद्र सरकार के आर्थिक सर्वेक्षण और नीति आयोग के आंकड़े भी करते हैं।




**वार्षिक आय 70 हजार रुपये से भी कम**: राजद प्रवक्ता ने आंकड़े प्रस्तुत करते हुए बताया कि बिहार में प्रति व्यक्ति वार्षिक आय 70 हजार रुपये से भी कम है, जबकि रोजाना की औसत आय मात्र 100 से 190 रुपये के बीच है, जो देश में सबसे कम है। इसके अलावा, बिहार के प्रत्येक व्यक्ति पर औसतन 25 से 30 हजार रुपये का कर्ज है। साक्षरता दर, प्रति व्यक्ति निवेश और औद्योगिक विकास जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में भी बिहार देश में अंतिम पायदान पर है। यादव ने श्रम पोर्टल के आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि लगभग 2 करोड़ 90 लाख से अधिक बिहारी रोजगार की तलाश में दूसरे राज्यों में दिहाड़ी मजदूरी करने को मजबूर हैं। अरुण यादव ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने का वादा किया था, लेकिन यह वादा आज तक पूरा नहीं किया गया है।

## गंगा स्नान के दौरान 6 बच्चे डूबे

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर में गंगा स्नान करने के दौरान 6 बच्चे नदी में डूब गए। हादसे में एक लड़की अभी भी लापता है, जबकि पांच बच्चियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है। घटना, कहलगांव इलाके के बटेश्वर स्थान के पास गंगा नदी की है। माघ पूर्णिमा को लेकर परिजनों के साथ सभी बच्चे गंगा स्नान करने के लिए गए थे। तभी 6 बच्चों ने एक साथ गंगा में डुबकी लगाई। लोगों ने उन्हें डूबते हुए देखा। पांच बच्चों को किसी तरह रिश्तेदारों ने बाहर निकाल लिया, जबकि एक बच्ची पिछले 2 घंटे से लापता है।



**पिछले 2 घंटे से लापता किशोरी की तलाश**: लोगों ने घटना की जानकारी तुरंत कहलगांव पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद कहलगांव पुलिस ने एसडीआरएफ टीम को मौके पर बुलाया। पिछले 2 घंटे से लापता किशोरी की तलाश जारी है, लेकिन अभी तक उसका कोई अता-पता नहीं चल पाया है। स्थानीय संतोष मेहता ने बताया कि नदी में बेरिकेडिंग नहीं होने के कारण हादसा हुआ। लड़की के एक परिजन ने बताया कि 6 बच्चे स्नान कर रहे थे, तभी यह हादसा हुआ। 5 बच्चों को बाहर निकाल लिया गया है। सभी मधेपुरा के उदकिसनगंज के रहने वाले हैं। फिलहाल रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। बता दें कि माघ पूर्णिमा को लेकर बटेश्वर स्थान गंगा घाटों पर श्रद्धालुओं की भीड़ उम्र पड़ी। सुबह से यहां एक लाख श्रद्धालुओं ने गंगा में डुबकी लगाई। भारी भीड़ होने के बाद भी व्यवस्था लचर सामने आई।

## रबी फसलों के लिए आवेदन की अंतिम तिथि घोषित

निज संवाददाता। बांका

बांका जिले के किसानों के लिए रबी मौसम में राहत भरी खबर सामने आई है। जिले में रबी फसलों के संभावित उत्पादन को ध्यान में रखते हुए सरकार की ओर से सहायता योजना लागू की गई है। इस योजना के तहत फसल कटनी प्रयोग (सीसीई) के आधार पर यदि वास्तविक उपज दर में कमी पाई जाती है, तो किसानों को आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। यह सहायता राशि सीधे किसानों के बैंक खाते में डीबीटी (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) के माध्यम से भेजी जाएगी, जिससे प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी बनी रहे। योजना के अंतर्गत अलग-अलग रबी फसलों के लिए आवेदन की अंतिम तिथियां निर्धारित की गई हैं।



**28 फरवरी तक आवेदन कर सकते हैं किसान**: रबी मक्का के लिए किसान 28 फरवरी तक आवेदन कर सकते हैं। चना और मसूर के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 15 फरवरी तय की गई है। वहीं राई-सरसों, आलू और रबी टमाटर के लिए 31 जनवरी तक आवेदन की सुविधा दी गई है। गन्ना फसल के लिए 28 फरवरी तक तथा रबी अरहर और रबी मिर्च के लिए 31 मार्च तक आवेदन किया जा सकेगा। किसानों को सलाह दी गई है कि वे निर्धारित समय-सीमा के भीतर आवेदन प्रक्रिया पूरी कर लें, ताकि किसी प्रकार की परेशानी न हो और योजना का लाभ समय पर मिल सके। जिला सहकारिता पदाधिकारी जैनूल आबदीन अंसारी ने बताया कि यह योजना फसल कटनी प्रयोग पर आधारित है। यदि प्रयोग के दौरान वास्तविक उपज दर में कमी पाई जाती है, तो पात्र किसानों को आर्थिक सहायता दी जाएगी। योजना का लाभ लेने के लिए किसानों को ऑनलाइन आवेदन करना अनिवार्य है।


Govt. of Bihar

**Mines and Geology Department**
**District- Aurangabad.**

**Short Notice Inviting E-Auction for Settlement of Sand ghats**

(Through E-Procurement mode over https://eproc2.bihar.gov.in)

बिहार बालू खनन नीति, 2019 तथा बिहार खनिज (समानुदान, अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण निवारण) नियमावली, 2019 में उल्लिखित प्रावधानों के तहत औरंगाबाद जिला के विखंडित बालूघाटों/बालूखण्डों के आगामी पाँच वर्षों के लिए बंदोबस्ती के लिये विभिन्न चरणों में कराये गये ई–नीलामी में शून्य निविदा प्राप्त तथा PR-020229 (Mines)2025-26 द्वारा प्रकाशित विज्ञापन में एकल निविदा प्राप्त एवं प्रत्यार्पित बालूघाटों के लिये बालूघाटवार अल्प निविदा निम्न कार्यक्रमानुसार आमंत्रित की जाती है :–

1.ई–नीलामी कार्यक्रम :–

| क्र0 स0 | बालूखण्ड / बालूघाट | नदी का नाम | निविदा दस्तावेज बिक्री शुल्क (5,000/- रू0) जमाकर निविदा दस्तावेज डाउनलोड प्रारंभ करने की तिथि | अग्रधन राशि एवं ऑक्शन प्रोसेसिंग फीस ऑनलाईन जमा तथा निविदा दस्तावेज अपलोड करने की अंतिम तिथि एवं समय | तकनीकी निविदा की जाँच/मूल्यांकन कर सफल निविदादाताओं की सूची सिस्टम में अपलोड करने की अंतिम तिथि | ई–नीलामी प्रारंभ होने की तिथि एवं समय | ई–नीलामी समाप्ति की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Aurangabad Son 20-B | सोन | 30.01.2026 | 15.02.2026 के अपराह्न 11:55 बजे | 21.02.2026 | 23.02.2026 11:00 बजे पूर्वाह्न से | 23.02.2026 01:00 बजे अपराह्न तक |
| 2 | Aurangabad Son 20-C | | | | | | |
| 3 | Aurangabad Son 22-B | | | | | | |
| 4 | Aurangabad Son 24-A | | | | | | |
| 5 | Aurangabad Son 24-B | | | | | | |
| 6 | Aurangabad Son 24-C | | | | | | |
| 7 | Aurangabad Son 25-C | | | | | | |
| 8 | Aurangabad Son 27-A | | | | | | |
| 9 | Aurangabad Son 27-B | | | | | | |
| 10 | Aurangabad Son 27-C | | | | | | |
| 11 | Aurangabad Son 28-A | | | | | | |
| 12 | Aurangabad Son 29-A | | | | | | |
| 13 | Aurangabad Son 29-B | | | | | | |
| 14 | Aurangabad Son 29-C | | | | | | |
| 15 | Aurangabad Son 30 | | | | | | |
| 16 | Aurangabad MOEF SON 1-B | | | | | | |
| 17 | Aurangabad MOEF SON 1-D | | | | | | |
| 18 | Aurangabad MOEF SON 1-E | | | | | | |
| 19 | Aurangabad MOEF SON 1-F | | | | | | |
| 20 | Aurangabad MOEF SON 2-A | | | | | | |
| 21 | Aurangabad MOEF SON 2-B | | | | | | |
| 22 | Aurangabad MOEF SON 3-A | | | | | | |
| 23 | Aurangabad MOEF SON 3-B | | | | | | |
| 24 | Aurangabad MOEF SON 3-C | | | | | | |
| 25 | Aurangabad MOEF SON 3-D | | | | | | |
| 26 | Aurangabad MOEF SON 4-A | | | | | | |
| 27 | Aurangabad MOEF SON 4-B | | | | | | |
| 28 | Aurangabad MOEF SON 5-A | | | | | | |
| 29 | Aurangabad MOEF SON 5-B | | | | | | |
| 30 | Aurangabad MOEF SON 5-C | | | | | | |
| 31 | Aurangabad MOEF SON 5-D | | | | | | |
| 32 | Aurangabad MOEF SON 5-E | | | | | | |
| 33 | Aur Pun-01 to 05 | पुनपुन, नदी | 30.01.2026 | 15.02.2026 के अपराह्न 11:55 बजे | 21.02.2026 | 23.02.2026 11:00 बजे पूर्वाह्न से | 23.02.2026 01:00 बजे अपराह्न तक |
| 34 | Aur Pun-06 to 08 | | | | | | |
| 35 | Aur Pun-09 to 17 | | | | | | |
| 36 | Aur Pun-18 to 23 | | | | | | |
| 37 | Aur Pun-24 to 28 | | | | | | |
| 38 | Aur Pun-29 to 33 | | | | | | |
| 39 | Aur Pun-34 to 38 | | | | | | |
| 40 | Aur Pun-39 to 41 | | | | | | |
| 41 | AUR BA 01 to 03 | बटाने, नदी | 30.01.2026 | 15.02.2026 के अपराह्न 11:55 बजे | 21.02.2026 | 23.02.2026 11:00 बजे पूर्वाह्न से | 23.02.2026 01:00 बजे अपराह्न तक |
| 42 | AUR BA 04 to 05 | | | | | | |
| 43 | AUR BA 06 | | | | | | |
| 44 | AUR BA 07 | | | | | | |
| 45 | AUR BA 08 | | | | | | |
| 46 | AUR BA 09 | | | | | | |
| 47 | AUR BA 10 | | | | | | |
| 48 | AUR BA 11 to 12 | | | | | | |
| 49 | AUR BA 13 to 14 | | | | | | |
| 50 | AUR BA 15 to 17 | | | | | | |
| 51 | Madar 01 to 21 | मदार, नदी | 30.01.2026 | 15.02.2026 के अपराह्न 11:55 बजे | 21.02.2026 | 23.02.2026 11:00 बजे पूर्वाह्न से | 23.02.2026 01:00 बजे अपराह्न तक |
| 52 | Madar 22 to 32 | | | | | | |
| 53 | AUR AD 01 to 10 | अदरी, नदी | 30.01.2026 | 15.02.2026 के अपराह्न 11:55 बजे | 21.02.2026 | 23.02.2026 11:00 बजे पूर्वाह्न से | 23.02.2026 01:00 बजे अपराह्न तक |

विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

PR- 022987 ( Mines ) 2025-26

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

समाहर्त्ता, औरंगाबाद।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### प्रखंड विकास पदाधिकारी को मिला बीईओ का प्रभार

**आरा**| भोजपुर जिले के दो प्रखंडों में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी (बीईओ) का पद रिक्त होने के कारण जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा अस्थायी प्रभार की व्यवस्था की गई है। इस संबंध में कार्यालय आदेश जारी कर दिया गया है। जिला शिक्षा पदाधिकारी डॉ मानवेंद्र कुमार राय द्वारा जारी आदेश के अनुसार शिक्षा विभाग, बिहार पटना के पत्रांक के आलोक में यह कार्रवाई की गई है। आदेश के तहत विभागीय कार्यों के सुचारू संचालन को ध्यान में रखते हुए अधिकारियों को अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

### फुटपाथी दुकानदारों ने बैठक कर प्रखंड मुख्यालय के घेराव का लिया निर्णय

**गड़हनी**। नगर पंचायत गड़हनी में अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत हटाये गए फुटपाथी दुकानदारों ने आक्रोशित होकर शुक्रवार की रात सब्जी बाजार के पास एक बैठक किया। बैठक व्यवसाई संघ के बैनर तले संघ के अध्यक्ष श्रीनिवास यादव के नेतृत्व में की गई। बैठक में दुकानदारों ने कहा कि नगर पंचायत व प्रशासन के खिलाफ नगर पंचायत व प्रशासन से तंग आकर हमलोगों ने मोर्चा खोल दिया है। अतिक्रमण हटाने के बाद भी आए दिन नगर पंचायत व पुलिस प्रशासन द्वारा फुटपाथी दुकानदारों को परेशान किया जा रहा है। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि सोमवार को प्रखंड परिसर में एक दिवसीय सीओ के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया जाएगा। वही फुटपाथी दुकानदारों ने एक स्वर में कहा कि बनास नदी पुल के दक्षिण तरफ किसी भी फुटपाथी दुकानदारों के साथ अधिकारियों द्वारा कोई दुर्व्यवहार नही किया जा रहा है न परेशान किया जा रहा है। जबकि पुल के उत्तर नया बाजार में जान बूझकर आये दिन पुलिस प्रशासन के द्वारा तंग किया जा रहा है और धमकी भरे लहजे में कहा जा रहा है कि अपनी-अपनी गुमटी जल्द हटा लो नही तो फाइन लगाकर कार्रवाई की जाएगी। दुकानदारों का कहना हैं कि अतिक्रमण हटाने के बाद हम सभी दुकानदार सड़क से लगभग बीस फिट पीछे हट कर दुकान लगाए हैं। उसके बावजूद भी दुर्व्यवहार किया जा रहा है। वही व्यवसायिक संघ अध्यक्ष श्रीनिवास यादव ने कहा कि अतिक्रमण के समय नगर पंचायत द्वारा आश्वासन दिया गया था कि आप लोग को वेंडिंग जोन बना कर स्थायी दुकान लगाने की व्यवस्था की जाएगी, एक माह से ज्यादा बीत गया। लेकिन आज तक फुटपाथी दुकानदारों स्थायी जगह नही दी गया और आए दिन प्रशासन द्वारा फुटपाथी दुकानदारों को तंग किया जा रहा है। वही अध्यक्ष ने कहा कि प्रशासन का यही रवैया रहा तो सभी दुकानदार सड़क पर बैठकर आंदोलन करने पर मजबूर हो जायेंगे।

### इंटेलिजेंस रेडी स्कूल' का प्रमाण पत्र मिला

**आरा**| ब्राईट कैरियर पब्लिक स्कूल ने प्रतिष्ठित रिलायंस जियो (जियो इंस्टीट्यूट) के सहयोग से 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस रेडी स्कूल' का प्रमाण पत्र प्राप्त किया है। इस उपलब्धि के तहत विद्यालय के 100 से अधिक छात्र-छात्राओं ने सफलतापूर्वक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का प्रशिक्षण लेकर सर्टिफिकेशन हासिल किया। विद्यालय प्रबंधन के अनुसार, वर्तमान डिजिटल युग में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की समझ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। इसी उद्देश्य से जियो इंस्टीट्यूट के सहयोग से लगभग एक माह का विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

### कन्या रत्न सम्मान योजना की डीएम ने की समीक्षा

**आरा**। जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया की अध्यक्षता में शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किसान पंजीकरण, कन्या रत्न सम्मान योजना व ईज ऑफ लिविंग योजना के अंतर्गत जन सुनवाई से संबंधित विषयों पर महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की गयी। ईज ऑफ लिविंग योजना के अंतर्गत जन सुनवाई को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि प्रत्येक सोमवार व शुक्रवार को जिला, अनुमंडल, प्रखंड व पंचायत स्तर पर अनिवार्य तौर से जन सुनवाई आयोजित की जाए। साथ ही जन सुनवाई से संबंधित सभी विवरणों को नियमित तौर से पोर्टल पर अपलोड करना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने सभी प्रखंड व अनुमंडल कार्यालयों में सेवा संवाद काउंटर स्थापित करने का निर्देश दिया। ताकि आम जनता की समस्याओं का त्वरित व प्रभावी समाधान किया जा सके। कन्या रत्न सम्मान योजना की समीक्षा के क्रम में जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी संबंधित कार्यालय आपसी समन्वय स्थापित कर पात्र लाभुकों की पहचान सुनिश्चित करें और उन्हें समय पर लाभ प्रदान करें। किसान पंजीकरण की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि किसानों का पंजीकरण सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। जिलाधिकारी ने सीएससी (कॉमन सर्विस सेंटर) की सेवाओं का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित करने का निर्देश देते हुए कहा कि किसानों का पंजीकरण निःशुल्क किया जाएगा। जिलाधिकारी ने सीएससी समन्वयक को निर्देश दिया कि 2 से 6 फरवरी 2026 तक विशेष शिविर के दौरान जिले के सभी सीएससी केंद्र प्रातः 7 बजे से संध्या 7 बजे तक संचालित रहें। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सभी अंचलाधिकारियों को अधिक से अधिक किसानों को सेल्फ रजिस्ट्रेशन हेतु प्रेरित करने का निर्देश दिया।

### फर्जी फिंगरप्रिंट में 2 और पकड़ाए

**बक्सर**। साइबर कैफे में आधार कार्ड के माध्यम से पैसा निकालने आए लोगों का फिंगरप्रिंट बना कर गलत तरीके से पैसा निकालने वाले कैफे संचालक की गिरफ्तारी के बाद दो अन्य युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार युवकों से पूछताछ के बाद साइबर थाना पुलिस ने जेल भेज दिया। थाना क्षेत्र के चकरहंसी रामआशीष सिंह के पुत्र अजीत कुमार सिंह ने 23 जून 2025 को साइबर थाना में एफआईआर दर्ज कराई कि उनके बैंक खाते से 7 मार्च 2025 से 1 मई 2025 तक 20 बार में एक लाख सात हजार रुपए की निकासी कर ली गई है। एफआईआर दर्ज होने के बाद पुलिस उपाधीक्षक सह साइबर थानाध्यक्ष अविनाश कुमार कश्यप के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया।

### दिसंबर में 329 वादों में दिलाई गई सजा

**बक्सर**। डीएम साहिला ने अभियोजन की मासिक समीक्षात्मक बैठक कलेक्ट्रेट परिसर स्थित सभाकक्ष में किया। बैठक में त्वरित विचारण एवं सामान्य अभियोजन वादों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। दिसंबर 2025 में त्वरित विचारण के तहत जघन्य अपराध के 02 वाद, शस्त्र अधिनियम के 02 वाद तथा एनडीपीएस अधिनियम के 02 वाद सहित कुल 06 वादों में सजा दिलाई गई। वहीं सामान्य वादों के अंतर्गत जघन्य अपराध के 19 वाद, शस्त्र अधिनियम के 48 वाद, पास्को अधिनियम के 10 वाद, एससी-एसटी एक्ट का 01 वाद तथा उत्पाद अधिनियम के 329 वादों का निष्पादन किया गया। बैठक में विशेष लोक अभियोजक (उत्पाद अधिनियम) जिले के चर्चित मुरार थाना कांड संख्या 10/2022 में सुनवाई पूरी हो चुकी है। त्वरित विचारण के अंतर्गत 07 वादों में अभियुक्तों के फरार होने के कारण सजा नहीं सुनाई जा सकी है, जिनके विरुद्ध न्यायालय से एनबीडब्ल्यू निर्गत है।

### बक्सर-पटना फोरलेन पर सड़क हादसे में 4 की मौत

**बक्सर**। बक्सर-पटना फोरलेन पर रविवार सुबह हुए एक भीषण सड़क हादसे में चार लोगों की मौत हो गई। नया भोजपुर थाना क्षेत्र के चंदा गांव के पास घने कोहरे और तेज रफ्तार के कारण यह टक्कर हुई, जिसमें दो महिलाएं और एक एसएसबी जवान भी शामिल हैं। जानकारी के अनुसार, रविवार सुबह करीब पांच बजे एक कार में सवार चार लोग बक्सर की ओर जा रहे थे। चंदा गांव के समीप तेज रफ्तार ट्रक ने कार को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

**हॉस्पीटल पहुंचते घायल की मौतः** इस हादसे में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया था। स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी और घायल को सदर अस्पताल बक्सर पहुंचाया। अस्पताल में डॉक्टरों ने घायल व्यक्ति को भी मृत घोषित कर दिया।

**विजिबिलिटी कम होने से हादसाः** प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, सुबह के समय इलाके में घना कोहरा छाया हुआ था, जिससे दृश्यता काफी कम थी। आशंका जताई जा रही है कि कम विजिबिलिटी और तेज रफ्तार के कारण यह हादसा हुआ। सूचना मिलते ही नया भोजपुर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा तथा क्षतिग्रस्त वाहन को सड़क से हटाकर यातायात बहाल कराया।

# रिसेप्शन पार्टी में तमंचे पर डांस और हर्ष फायरिंग

निज संवाददाता | आरा

भोजपुर में एक सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान तमंचे पर डांस करने और हर्ष फायरिंग का वीडियो सामने आया है। इस मामले में संज्ञान लेते हुए टाउन थाना पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जिसकी पहचान बिंद टोली निवासी दीपांशु कुमार उर्फ छोटू के तौर पर हुई है। एएसआई जावेद आलम के बयान पर प्राथमिकी दर्ज की गई है, हालांकि पुलिस अभी तक हथियार बरामद नहीं कर सकी है। पुलिस के अनुसार, सोशल मीडिया पर अलग-अलग तीन वीडियो जारी किए गए हैं। जिनमें तीन युवक एक स्टेज पर भोजपुरी गानों की धुन पर हथियार लहराते और फायरिंग करते नजर आ रहे हैं। जांच में इस बात पुष्टि हुई है कि घटना टाउन थाना क्षेत्र की है। यह वीडियो बहुभोज(रिसेप्शन) के अवसर पर आयोजित एक सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान का बताया जा रहा है। कार्यक्रम में महिला डांसरों के साथ कुछ युवक भी स्टेज पर मौजूद थे। इसी दौरान हथियारों का खुलेआम प्रदर्शन किया गया।

**कानून-व्यवस्था पर सवालः** वायरल वीडियो में भोजपुरी गीत 'तोर मजनुआ रंगदार के थाना दिवाना बा...' सुनाई दे रहा है, जिसके बीच एक युवक पिस्टल लहराते हुए फायरिंग करता दिखाई दे रहा है। वहीं, एक अन्य वीडियो में अश्लील गीत की धुन पर डांस हो रहा है। इसी दौरान एक युवक महिला डांसर को पकड़कर उसके हाथ में पिस्टल थमा देता है और खतरनाक तरीके से फायरिंग करता है। इस पूरी घटना ने जिले की कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। गिरफ्तार आरोपी दीपांशु कुमार उर्फ छोटू ने पूछताछ में पुलिस को बताया है कि उसके एक साथी के पास देसी पिस्टल था, जिससे फायरिंग की गई। पुलिस इस जानकारी के आधार पर दूसरे आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि वीडियो में दिख रहे अन्य युवकों की पहचान भी कर ली गई है और जल्द ही सभी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।



◆ महिला डांसर के हाथ में युवक ने थमाया पिस्टल, भोजपुरी गानों पर झूमते दिखे

**आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगीः** इधर, पुलिस अधीक्षक राज ने मामले को गंभीरता से लेते हुए वायरल वीडियो की गहन जांच के आदेश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया है कि वीडियो में शामिल सभी युवकों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। सार्वजनिक कार्यक्रमों में हथियार लहराने और फायरिंग करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा और कानून के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## गड़हनी प्रखंड में 18784 जॉब कार्ड धारक, जिसमें 5369 जॉब कार्ड एक्टिव

निज संवाददाता | आरा

मनरेगा कार्यालय का फोटो 6 माह पहले 12000 हजार बनाया गया था जॉब कार्ड प्रधानमंत्री आवास योजना को लेकर करीब 6 माह पहले 12000 लोगों ने मारेगा के द्वारा जॉब कार्ड बनाया था। क्योंकि आवास योजना का फॉर्म भरते समय जॉब कार्ड नम्बर भरना था। इसलिए लोग मनरेगा के द्वारा अंधाधुंध जॉब कार्ड बनाया गया है। आवास योजना को ले जितने जॉब कार्ड बनाया गया उसमें एक भी जॉब कार्ड एक्टिव नहीं है। ई केवाईसी के बाद सभी जॉब कार्ड को कैंसिल कर दिया जाएगा। वहीं जो जॉब कार्ड धारक की मृत्यु हो गई उनका भी नाम कट जाएगा। जो जॉब कार्ड धारक बचेंगे सिर्फ उनको ही 125 दिन का काम दिया जाएगा। कार्यक्रम पदाधिकारी अमरेंद्र सिंह ने बताया कि पहले से ही बहुत सा ऐसे जॉब कार्ड बन गया है जो मजदूर नहीं है किसी अन्य कार्य के लिए बनाए थे। उन सभी जॉब कार्ड का सत्यापन कर कैंसिल कर दिया जाएगा। जॉब कार्ड वही बचेगा जो एक्टिव मोड में रहेगा। उन सभी जॉब कार्ड धारकों को जी राम जी के तहत



125 दिन काम दिया जाएगा। मार्च के पहले ई केवाईसी के माध्यम से सत्यापन कर लिया जाएगा। सिटी रिपोर्टर |गड़हनी मनरेगा में जॉब कार्ड धारकों को सत्यापन करने को लेकर दो माह में गड़हनी प्रखंड में घर-घर जाकर ई-केवाईसी कराया जा रहा है। ई-केवाईसी से पता चल पाएगा कि गड़हनी प्रखंड में कितने जॉब कार्ड धारी जिंदा हैं? उनका जॉब कार्ड एक्टिव है अथवा नहीं? इधर बताया जा रहा कि गड़हनी प्रखंड में कुल 18784 जॉब कार्ड धारक हैं। जिसमें 5369 जॉब कार्ड एक्टिव है। एक्टिव कार्ड धारकों में से 3500 जॉब कार्ड धारकों का प्रखंड में ई-केवाईसी किया जा चुका है। सभी रोजगार सेवक दिसंबर 2025 से जॉब कार्ड धारक के घर जाकर मोबाइल फोन से चेहरे का सत्यापन कर ई-केवाईसी कर रहे है। मार्च तक सभी कार्ड धारकों का ई-केवाईसी करने का लक्ष्य रखा गया है।

## बिना हेलमेट चालकों को गुलाब दे किया जागरूक



निज संवाददाता | आरा

आरा रोटी बैंक चैरिटेबल ट्रस्ट ने चर्च मोड़ पर सड़क यातायात जागरुकता अभियान चलाया। अभियान के दौरान बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चालकों को गुलाब का फूल भेंट कर उन्हें हेलमेट पहनने के महत्व के बारे में समझाया गया और बताया गया कि यह उनके साथ-साथ उनके परिवार की सुरक्षा के लिए भी आवश्यक है। अभियान का नेतृत्व यातायात पुलिस उपाधीक्षक मनोज कुमार सुधांशु एवं यातायात थानाध्यक्ष नागेंद्र राम ने किया। इस दौरान वाहन चालकों से अपील की गई कि वे वाहन चलाते समय सभी आवश्यक कागजात अपने साथ रखें। वहीं, नाबालिग वाहन चालकों को सख्त हिदायत दी गई कि वे वाहन न चलाएं। यातायात पुलिस उपाधीक्षक मनोज कुमार सुधांशु ने कहा कि शहर की सामाजिक संस्था आरा रोटी बैंक द्वारा चलाया गया। हेलमेट पहनने से व्यक्ति अमर नहीं होता, लेकिन दुर्घटना में जान बचने की संभावना कई गुना बढ़ जाती है। हादसे मोहल्ले की सड़कों पर भी हो सकते हैं। महिलाएं और बच्चे भी उतने ही अनमोल हैं।

## महाशिवरात्रि पर भव्य शिव बारात की तैयारी तेज

निज संवाददाता | आरा

महाशिवरात्रि के अवसर पर 15 फरवरी को बाबा भोलेनाथ का शुभ-विवाह और भव्य शिव बारात शोभा यात्रा होगा। इसको लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में आज आरा शहर के चंदवा स्थित एक निजी होटल में श्री शिव बारात शोभा यात्रा समिति की ओर से एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में शहर के प्रबुद्ध नागरिकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और समिति के पदाधिकारियों ने भाग लिया और कार्यक्रम को भव्य व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने को लेकर विस्तृत चर्चा की। समिति की ओर से बताया गया कि महाशिवरात्रि महोत्सव के तहत 14 फरवरी को गुज्जुलला शिव मंदिर, हनुमान टोला में बाबा भोलेनाथ का रुद्राभिषेक और हल्दी कार्यक्रम आयोजित होगा। 15 फरवरी को फाल्गुन माह के कृष्ण पक्ष त्रयोदशी तिथि को महाशिवरात्रि




के शुभ मुहूर्त में रामगढ़िया स्थित जानकी मंदिर में भव्य महाआरती के साथ बाबा भोलेनाथ की बारात सिद्धनाथ मंदिर, बिंदटोली के लिए प्रस्थान करेगी।

**बाबा का विवाह संपन्न कराया जाएगाः** शिव बारात शोभा यात्रा रामगढ़िया से प्रारंभ होकर चेता साह मंदिर, अबरपुल, चौक आर्य पथ, बड़ी चौक, गोपाली चौक, जेल रोड, शिवगंज, महादेवा, चित्र टोली, टाउन थाना, नाला रोड और श्रीराम चौक होते हुए बिंदटोली स्थित बाबा सिद्धनाथ मंदिर पहुंचेगी, जहां विधि-विधान के साथ बाबा का विवाह संपन्न कराया जाएगा। समिति ने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

**कार्यक्रम की शुरुआत 9 फरवरी सेः** समिति के अध्यक्ष अरुण कुमार गुप्ता ने बताया कि पिछले साल के मुताबिक इस साल भी महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर शिव बारात का आयोजन किया गया है। इस बार कार्यक्रम की शुरुआत 9 फरवरी से हो रही है। इसी दिन आयोजन समिति की ओर से प्रचारक रथ रवाना किया जाएगा। 14 फरवरी की सुबह महारुद्राभिषेक और शाम में हल्दी का कार्यक्रम किया जाएगा। 15 फरवरी को एक भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी। शहरवासियों से निवेदन है कि इस आयोजन बढ़-चढ़कर हिस्सा लेकर कार्यक्रम को भव्य बनाए। इस बात मुरादाबाद की वैष्णवी कलामंच के कलाकार के करीब छह झांकियां शामिल होंगी। पिछले साल तीन झाकियां थी। इसके साथ तीन झाकियां बाहर से आ रही है। पिछले साल के मुताबिक इस बार चारगुणा बड़ी झाकियां होगी। इस बार की भव्यवता ज्यादा होगी,आरा शहर के सभी शिवभक्तों से गुजारिश है कि कार्यक्रम में हजारों की संख्या में भाग ले।

## सन्नी हत्याकांड में 3 आरोपी गिरफ्तार

निज संवाददाता | आरा

भोजपुर पुलिस ने छात्र सन्नी कुमार की अपहरण और हत्या मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मृतक के पिता उपेंद्र सिंह ने नवादा थाना में सिंगही निवासी राजा के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्राथमिकी के अनुसार, सन्नी कुमार सिंह शुक्रवार की सुबह रोज की तरह सुबह साढ़े सात बजे के.जी. रोड स्थित कोचिंग में पढ़ने गया था। क्लास खत्म होने के बाद करीब ग्यारह बजे सन्नी के ही मोबाइल से उसके परिजनों को कॉल आया, जिसमें उसने बताया कि राजा उसे जबरन उठाकर गड़हनी ले जा रहा है। इसके बाद कॉल कट गया और मोबाइल स्विच ऑफ हो गया। इस सूचना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। गिरफ्तार आरोपितों में टाउन थाना क्षेत्र के चारखम्बा गली निवासी बादल कुमार उर्फ मुखिया, महादेव खड़ा



कुआं के आदर्श कुमार ठाकुर उर्फ नेपाली और अजीमाबाद के ब्रह्मपुर गांव निवासी अनीश के तौर पर हुई है। जो वर्तमान में जेल रोड प्रकाश प्रेस वाली गली में रहता है।

**शादी समारोह में मारा था थप्पड़ः** नवादा थानाध्यक्ष बिपिन बिहारी ने बताया कि पूछताछ के दौरान बादल कुमार उर्फ मुखिया ने कई अहम जानकारियां दी है। उसने स्वीकार किया कि करीब एक वर्ष पूर्व एक शादी समारोह के दौरान जातिगत गाना बजाने को लेकर सन्नी कुमार सिंह से उसका विवाद हुआ था। उस दौरान सन्नी ने उसे थप्पड़ भी मारा था, जिससे वह रंजिश पालने लगा।

**इंस्टाग्राम पर हुआ था विवादः** इसके अलावा कुछ दिन पहले सन्नी कुमार सिंह ने उसकी गर्लफ्रेंड अंकिता सिंह, जो वर्तमान में दिल्ली से सटे फरीदाबाद में रहती है। इंस्टाग्राम पर गाली-गलौज किया गया था। इस बात को लेकर सन्नी और उसके चचेरे भाई करण से भी कहासुनी हुई थी।

## आईटीआई स्टेडियम का नाम ओलंपियन के नाम पर

निज संवाददाता | बक्सर

बक्सर जिले के आईटीआई मैदान में 43.38 करोड़ रुपये की लागत से निर्माणाधीन स्टेडियम एवं स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का नामकरण अब महान अंतरराष्ट्रीय एथलीट एवं ओलंपियन स्वर्गीय शिवनाथ सिंह के नाम पर किया जाएगा। इस निर्णय से जिले भर के खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों में उत्साह का माहौल है। इस नामकरण की मांग को लेकर बक्सर सांसद सुधाकर सिंह लगातार पत्राचार करते रहे थे। उन्होंने 18 दिसंबर 2025 को बिहार के मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर स्टेडियम का नाम स्व. शिवनाथ सिंह के नाम पर रखने का अनुरोध किया था, जिसे अब मंजूरी मिल गई है।

**युवाओं के लिए प्रेरणा का बड़ा स्रोत बनेगाः** सांसद सुधाकर सिंह ने बताया कि यह नामकरण बक्सर की खेल विरासत को सम्मान देने के साथ-साथ युवाओं के लिए प्रेरणा का बड़ा स्रोत बनेगा। वहीं, भाजपा की खेल मंत्री श्रेयसी सिंह ने भी बक्सर दौरे के दौरान किला मैदान स्थित मंच से इसकी आधिकारिक घोषणा की।

**मैराथन में 11वां स्थान हासिल कियाः** मंत्री श्रेयसी सिंह ने कहा कि राज्य सरकार खिलाड़ियों के सम्मान और खेल विकास के लिए प्रतिबद्ध है। शिवनाथ सिंह जैसे महान खिलाड़ियों को याद रखना हमारी जिम्मेदारी है। स्वर्गीय शिवनाथ सिंह



(1946–2003) बिहार के बक्सर जिले के गौरव थे। वे देश के प्रतिष्ठित मैराथन धावक रहे और 1976 मॉन्ट्रियल ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए मैराथन में 11वां स्थान हासिल किया, जो अब तक किसी भारतीय का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन माना जाता है। इसके अलावा, उन्होंने 1974 तेहरान एशियाई खेलों में रजत पदक जीता था और लगातार सात बार राष्ट्रीय मैराथन चैंपियनशिप अपने नाम कर अभूतपूर्व उपलब्धि हासिल की थी। खिलाड़ियों ने इस फैसले का स्वागत करते हुए इसे जिले के लिए ऐतिहासिक कदम बताया है।

## नाबालिग छात्रा से दुष्कर्म मामले में आरोपी पिता और पुत्र फरार

निज संवाददाता | आरा

धनगाई थाना क्षेत्र के एक गांव में एक नाबालिग छात्रा को को लगातार सात दिनों तक कमरे में बंद रख कर दुष्कर्म कांड में फरार आरोपी पिता-पुत्र को पुलिस बेसब्री से खोज रही है। थानाध्यक्ष विश्वजीत के नेतृत्व में पुलिस भी संभावित जगहों पर लगातार छापेमारी कर आरोपितों के गिरफ्तारी में जुटी हुई है। दूसरी तरफ, पीड़ित नाबालिग के परिजन घटना को लेकर सदमे में हैं। नाबालिग के पिता पड़ोसी पिता-पुत्र के कारनामों को लेकर बहदवास स्थिति में हैं। पीड़ित के परिजनों को नाबालिग के भविष्य की चिंता सता रही है। बताया जाता है कि नाबालिग जगदीशपुर प्रखंड में सरकारी विद्यालय में पढ़ती है। इस बार 17 फरवरी से होने वाले मैट्रिक की परीक्षा में शामिल होने की तैयारी में जुटी हुई थी। लेकिन, इसी बीच उसके साथ हुई घटना के बाद वो सदमे में हैं। परिजन भी इस बात को लेकर चिंतित हैं कि वो कुछ दिनों



बाद होने वाले मैट्रिक की परीक्षा में शामिल हो पाएगी कि नहीं। पीड़ित के मां के आवेदन पर हुआ केस दर्ज पीड़ित नाबालिग की मां के बयान पर धनगाई थाना में मिथुन चौधरी औऱ उसके पिता मनजी उर्फ रमेश चौधरी के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। 15 वर्षीय नाबालिग को हथियार (कट्टा) का भय दिखा उसके मुंह पर कपड़ा और हाथ को गमछा और पैर को रस्सी से बांधकर 7 दिनों तक कुकर्म करने की घटना की चर्चा तेज हो गई है।वहीं दूसरी ओर नाबालिग के परिजनों में मायूसी पसरी हुई है। पूर्व विधायक भाई दिनेश ने नाबालिग के परिजनों से मुलाकात कर दोषियों के शीघ्र गिरफ्तारी व कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

## विजेता खिलाड़ियों को किया गया सम्मानित

निज संवाददाता | बक्सर

महर्षि विश्वामित्र महाविद्यालय, बक्सर के तत्वावधान में आयोजित त्रिदिवसीय महर्षि विश्वामित्र वार्षिक खेलकूद महोत्सव का तीसरे एवं अंतिम दिन शनिवार को भव्य समापन हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं के साथ-साथ वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा के अंतर्गत आयोजित अंतर-महाविद्यालय वुशु पुरुष/महिला प्रतियोगिता 2025-26 का समापन सत्र सह पुरस्कार वितरण समारोह उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। समारोह की मुख्य अतिथि बक्सर नगर परिषद की मुख्य पार्षद कामरुन निशा रहीं। विशिष्ट अतिथि के रूप में महाविद्यालय के पूर्व प्रभारी प्राचार्य प्रो डॉ सुभाष चन्द्र पाठक एवं डॉ आनंद भूषण पाण्डेय की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए आयोजन की संपूर्ण जिम्मेदारी महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो डॉ कृष्णा कान्त सिंह ने निभाई, जबकि क्रीड़ा




सचिव डॉ अवनीश कुमार पाण्डेय ने महोत्सव के सफल आयोजन पर महाविद्यालय परिवार को साधुवाद दिया। मुख्य अतिथि कमरुन निशा ने अपने संबोधन में कहा कि खेल केवल शारीरिक विकास का माध्यम नहीं, बल्कि अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना के निर्माण का सशक्त जरिया हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से खेल और शिक्षा दोनों क्षेत्रों में उत्कृष्टता हासिल करने का आह्वान किया। विशिष्ट अतिथियों ने खिलाड़ियों के दमदार प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन ग्रामीण व अर्धशहरी क्षेत्रों के प्रतिभावान खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का सशक्त मंच प्रदान करते हैं। प्राचार्य प्रो डॉ कृष्णा कान्त सिंह ने कहा कि महाविद्यालय विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु शिक्षा, खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के संतुलित समन्वय को प्राथमिकता देता है। समारोह के दौरान महाविद्यालय स्तरीय खेलकूद एवं अंतर-महाविद्यालय वुशु प्रतियोगिता के विजेता व उपविजेता खिलाड़ियों को मेडल, ट्रॉफी एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में शिक्षकों, शिक्षकेत्तर कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं की सक्रिय सहभागिता उल्लेखनीय रही। इसमें डॉ. महेंद्र प्रताप सिंह, डॉ. सुजीत कुमार यादव, डॉ. पंकज कुमार चौधरी, डॉ. रवि प्रभात, डॉ. सैकत देवनाथ, डॉ. भरत कुमार, डॉ. रासबिहारी शर्मा, डॉ. योगर्षि राजपूत, डॉ. नवीन शंकर पाठक, डॉ. प्रियरंजन चौबे, डॉ. अर्चना राय, डॉ. छाया चौबे, डॉ. विरेंद्र कुमार, डॉ. आलोक कुमार चतुर्वेदी, डॉ. दीपक कुमार शर्मा, डॉ. अमन कुमार सिंह, डॉ. आदित्य कुमार सिंह, डॉ. अनुराग श्रीवास्तव, डॉ. प्रीति मोर्या, डॉ. रवि कुमार ठाकुर, डॉ. सुमन श्रीवास्तव, डॉ. इसरार आलम, डॉ. जय प्रकाश मिश्रा, डॉ. सीमा कुमारी, डॉ. अर्चना पांडेय, विकास कुमार राणा, विनायक दत्त पाठक, चिन्मय प्रकाश झा, एनसीसी कैडेट्स, विभिन्न विभागों के छात्र-छात्राएं एवं बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



# संक्षिप्त समाचार

## ऊर्जा संकट- पर्यावरण संरक्षण से निपटने को तकनीक जरूरी

### वैशाली इंजीनियरिंग कॉलेज में राष्ट्रीय कार्यशाला संपन्न

**हाजीपुर।** वैशाली के राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय में विद्युत अभियंत्रण विभाग द्वारा आयोजित साप्ताहिक राष्ट्रीय कार्यशाला 'इंटरनेट ऑफ एनर्जी के माध्यम से नवीकरणीय ऊर्जा का एकीकरण' आज संपन्न हो गई। बिहार काउंसिल ऑन साइंस एंड टेक्नोलॉजी के सौजन्य से 27 जनवरी से शुरू हुई इस कार्यशाला में देश भर से 500 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यशाला में 225 ऑफलाइन प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र दिए गए, जबकि लगभग 300 प्रतिभागी ऑनलाइन माध्यम से जुड़े रहे। समापन समारोह में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अनंत कुमार और कार्यशाला संयोजक प्रो. रजनी कुमारी सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। प्राचार्य डॉ. अनंत कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि ऊर्जा संकट, पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास की चुनौतियों से निपटने के लिए नवीकरणीय ऊर्जा और इंटरनेट ऑफ एनर्जी जैसी उन्नत तकनीकों का समन्वय आवश्यक है।

उन्होंने इस आयोजन को वैशाली और पूरे राज्य के लिए गौरव का विषय बताया, जो छात्रों को उद्योग और शोध से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यशाला संयोजक प्रो. रजनी कुमारी ने बताया कि इसका उद्देश्य प्रतिभागियों को नवीकरणीय ऊर्जा, स्मार्ट ग्रिड, ऊर्जा प्रबंधन और भविष्य की ऊर्जा प्रणालियों की नवीनतम शोध प्रवृत्तियों तथा व्यावहारिक अनुप्रयोगों से अवगत कराना था। देश के प्रतिष्ठित संस्थानों के विशेषज्ञों ने विशेष व्याख्यानों और तकनीकी सत्रों के माध्यम से अपना ज्ञान साझा किया। मीडिया प्रभारी डॉ. प्रदीप कुमार श्रीवास्तव ने इस राष्ट्रीय आयोजन की सफलता का श्रेय प्राचार्य के कुशल निर्देशन और विभाग के फैकल्टी सदस्यों की मेहनत को दिया। समापन सत्र में वक्ताओं ने इस बात पर जोर दिया कि नवीकरणीय ऊर्जा और डिजिटल तकनीकों का समन्वय भविष्य की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। कार्यक्रम के अंत में आयोजक टीम और स्वयंसेवकों के प्रयासों की सराहना की गई, और सभी सफल प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। इस कार्यशाला को तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में अभियंत्रण महाविद्यालय वैशाली की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है।

## बाइक सवार की मौत, दोस्त के साथ मेले से लौट रहा था, अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, तीन भाइयों में सबसे छोटा

**हाजीपुर।** वैशाली जिले के चेहराकाला प्रखंड में एक सड़क हादसे में 25 वर्षीय युवक राजेश कुमार की मौत हो गई। वह अपने दोस्त के साथ मेले से लौट रहे थे, तभी एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। इस घटना में राजेश के दोस्त विक्रम कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। परिजनों ने बताया कि राजेश कुमार अपने दोस्त विक्रम कुमार के साथ गांव में लगे मेले को देखने गए थे। घर लौटते समय रास्ते में एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक चालक राजेश कुमार की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक राजेश कुमार वार्ड संख्या 4 के सहेंद्र राय के पुत्र थे। वह तीन भाइयों में सबसे छोटे थे। राजेश पढ़ाई के साथ-साथ कोचिंग भी पढ़ाते थे और शादी समारोहों में कैमरा चलाने का काम भी करते थे। इस दुखद खबर से परिवार और इलाके में शोक का माहौल है। हादसे में गंभीर रूप से घायल विक्रम कुमार का बायां हाथ दो जगह से फ्रैक्चर हो गया है। उन्हें तुरंत मुजफ्फरपुर के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अज्ञात वाहन के चालक की तलाश जारी है और दुर्घटना की सही वजह का पता लगाने के लिए जांच की जा रही है। इस अवसर पर पंचायत के मुखिया और सरपंच ने पीड़ित परिवार को सांत्वना दी।

## जज के ड्राइवर ने नशे में पत्नी को मारी गोली, हाजीपुर में शराब छोड़ने को लेकर होता था विवाद

हाजीपुर। वैशाली में जज के ड्राइवर अर्जुन कुमार ने पत्नी गुड़िया देवी(29) की सिर में गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस के अनुसार, पति अक्सर शराब के नशे में घर आता था। इसी का विरोध करने पर गुरुवार को आरोपी ने गुड़िया को गोली मार दी। यह घटना 29 जनवरी की रात करीब 11:15 बजे हाजीपुर नगर थाना क्षेत्र के चौहट्टा चौक के पास हुई। आरोपी ने घटना की जानकारी खुद पुलिस को फोन कर दी। इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस को आरोपी ने बताया, पड़ोसियों से अक्सर पानी गिराने को लेकर विवाद होता था।

इसी विवाद में पड़ोसियों ने मेरी पत्नी की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने शुरुआत में अर्जुन पासवान के आरोपों के आधार पर दो लोगों को हिरासत में लिया था। हालांकि, जांच के दौरान पुलिस टीम को घर के अंदर ही गोली चलने के अहम सुराग मिले, जिससे पति पर शक गहरा गया। गहन पड़ताल के बाद पुलिस ने खुलासा किया कि पत्नी का हत्यारा कोई और नहीं, बल्कि उसका पति अर्जुन कुमार ही था। पुलिस ने यह भी बताया कि अर्जुन कुमार आपराधिक प्रवृत्ति का व्यक्ति है। पत्नी गुड़िया देवी की हत्या मामले में आरोपी पति अर्जुन पासवान को गिरफ्तार किया गया है। अर्जुन पासवान नशे का आदि था वे हमेशा नशा करके ही आया करता था और इसी को लेकर घर में विवाद हुआ करता था।

जिस दिन महिला की हत्या हुई थी उस दिन अर्जुन पासवान नशे में था। वो विरोध की थी तो इसी आवेश में आकर अर्जुन पासवान ने पत्नी गुड़िया देवी की सर में गोली मारकर हत्या कर दिया था। और उसके द्वारा यह बताया गया था कि पड़ोसी से विवाद के कारण पत्नी की हत्या हुई है, आरोपी पति अर्जुन पासवान द्वारा बार बार बयान बदला जा रहा था जिससे पुलिस को शक हुआ था। जिसके बाद घर कि तलाशी ली गई। और उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो उसने हत्या का राज पुलिस को बताया। घटना में इस्तेमाल किए गए देशी पिस्टल भी बरामद किया गया है। आरोपी पति अर्जुन पासवान को जेल भेजा जा रहा है। डीएसपी सुबोध कुमार ने बताया कि अर्जुन पासवान पर पूर्व से चार अपराधिक मामले दर्ज है और अपराधी प्रवृत्ति के लोग हैं। आर्म्स एक्ट, चोरी और मादक पदार्थ तस्करी, का मामला दर्ज है। उन्होंने बताया कि अर्जुन पासवान पेशेवर अपराधी हैं।

# नेउरा को नया प्रखंड बनाने की मांग ने पकड़ा जोर

निज संवाददाता। बिहटा

### संघर्ष मोर्चा ने किया बैठक का आयोजन



बिहटा प्रखंड के अंतर्गत नेउरा को अलग प्रखंड का दर्जा देने की मांग एक बार फिर तेज हो गई है। इसी कड़ी में रविवार को नेउरा प्रखंड निर्माण संघर्ष मोर्चा के बैनर तले एक दिवसीय बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें नेउरा सहित आसपास की नौ पंचायतों के स्थानीय लोग, जनप्रतिनिधि और समाजसेवी बड़ी संख्या में शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता पैक्स अध्यक्ष जयशंकर प्रसाद ने की। बैठक में नेउरा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि उदय कुमार, मखदुमपुर पंचायत के मुखिया अजय प्रसाद, पंचायत समिति सदस्य सहजानंद शर्मा, सरपंच मो. समीम, उप मुखिया साहिल कुमार, बेला पैक्स अध्यक्ष रोहित कुमार और पूर्व पंचायत समिति सदस्य विजय यादव की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। इसके अलावा फुलवारी प्रखंड के अंडा पंचायत के मुखिया सुनील यादव, सरारी पंचायत के गुड्डु कुमार, छात्र नेता संतोष कुमार तथा गोढ़ना गांव के कई ग्रामीण भी बैठक में मौजूद रहे।

बैठक को संबोधित करते हुए संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष जयशंकर प्रसाद ने कहा कि नेउरा को प्रखंड का दर्जा देने की मांग कोई नई नहीं है। यह आंदोलन वर्ष 1990 से लगातार जारी है। उन्होंने बताया कि नेउरा और आसपास की पंचायतों के लोगों को छोटे-छोटे प्रशासनिक कार्यों के लिए भी बिहटा प्रखंड कार्यालय जाना पड़ता है, जो काफी दूर है। इससे आम लोगों, खासकर किसानों, छात्रों और बुजुर्गों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। वक्ताओं ने कहा कि नेउरा क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति, जनसंख्या और पंचायतों की संख्या को देखते हुए इसे प्रखंड बनाया जाना पूरी तरह से जायज है। प्रखंड बनने से प्रशासनिक कार्यों में तेजी आएगी और विकास योजनाओं का लाभ सीधे ग्रामीणों तक पहुंच सकेगा।

संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष मुन्ना कुमार ने कहा कि आगामी दिनों में ग्रामीण विकास मंत्री को ज्ञापन सौंपकर नेउरा को प्रखंड का दर्जा देने की मांग को औपचारिक रूप से उठाया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि जब तक नेउरा को अलग प्रखंड का दर्जा नहीं मिल जाता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। जयशंकर प्रसाद ने बताया कि संगठन द्वारा हर वर्ष और हर महीने इस तरह की बैठकें आयोजित की जाती हैं, ताकि जनसमर्थन मजबूत हो और सरकार तक जनता की आवाज लगातार पहुंचती रहे। बैठक के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने एक स्वर में नेउरा को प्रखंड बनाए जाने की मांग को दोहराया।

# भूमि विवाद में अब मनमानी नहीं करेगी पुलिस, नया आदेश लागू

निज संवाददाता। पटना

जमीन से जुड़े विवादों में अब पुलिस अपनी मर्जी से किसी भी तरह का हस्तक्षेप नहीं कर सकेगी। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग की ओर से जारी नया आदेश एक फरवरी से प्रभावी हो गया है। इसके तहत स्पष्ट कर दिया गया है कि भूमि विवाद पूरी तरह से राजस्व और न्यायिक प्रक्रिया का विषय है, जबकि पुलिस की भूमिका केवल शांति और कानून-व्यवस्था बनाए रखने तक सीमित रहेगी। उपमुख्यमंत्री सह राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि बिना सक्षम प्राधिकार के आदेश के यदि किसी भी स्तर पर पुलिस द्वारा दखल-कब्जा दिलाने, चहारदीवारी कराने या निर्माण कराने की शिकायत सामने आती है, तो संबंधित पुलिस पदाधिकारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने साफ कहा कि पुलिस को भूमि विवाद के निपटारे में पक्षकार की तरह व्यवहार करने का अधिकार नहीं है। नए आदेश के अनुसार, भूमि विवाद की सूचना मिलते ही संबंधित थाना में स्टेशन डायरी दर्ज करना अनिवार्य होगा। इसमें दोनों पक्षों का नाम-पता, विवाद का स्वरूप—राजस्व, सिविल या आपसी—और भूमि से जुड़ा पूरा विवरण दर्ज किया जाएगा। इसमें थाना क्षेत्र, खाता संख्या, खेसरा संख्या, रकबा और भूमि की किस्म जैसी जानकारियां शामिल होंगी। साथ ही यह भी स्पष्ट किया जाएगा कि मामला प्रथम दृष्टया किस राजस्व न्यायालय के क्षेत्राधिकार में आता है। प्रत्येक भूमि विवाद की लिखित सूचना संबंधित अंचलाधिकारी को देना अनिवार्य किया गया है। यह सूचना ई-मेल या विभागीय पोर्टल के माध्यम से भी भेजी जा सकेगी। विभाग का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि सभी मामलों की निगरानी राजस्व प्रशासन के माध्यम से हो और किसी भी तरह की अनधिकृत कार्रवाई रोकी जा सके। भूमि विवादों के त्वरित समाधान के लिए अब हर शनिवार को अंचलाधिकारी और थाना प्रभारी की संयुक्त बैठक होगी। इस बैठक में लंबित मामलों की समीक्षा की जाएगी और उनकी प्रगति रिपोर्ट विभागीय पोर्टल पर अपलोड की जाएगी, ताकि पारदर्शिता बनी रहे। हालांकि, धारा 107/116 दंड प्रक्रिया संहिता (बीएनएस के समकक्ष प्रावधान) के तहत पुलिस की भूमिका पहले की तरह बनी रहेगी, लेकिन इसका उपयोग केवल शांति व्यवस्था बनाए रखने तक सीमित होगा। भूमि के स्वामित्व या कब्जे से जुड़े मामलों में पुलिस कोई स्वतंत्र निर्णय नहीं ले सकेगी।

## समाज में शिक्षा का अलख जगाने वाले सेवानिवृत शिक्षक के निधन पर शोक की लहर

निज संवाददाता। मसौढ़ी, पटना



शिक्षा का अलख जगाने वाले व्योवृद्ध सेवानिवृत शिक्षक रामचंद्र सर 85वर्ष के निधन से क्षेत्रवासियों में शोक की लहर दौड़ पड़ी है. गौरतलब हो कि रविवार की अल सुबह उनका हृदय गति रुकने से निधन हो गया. क्षेत्र में उनके निधन की सूचना फैलते ही उनके स्वजनों,शुभचिंतकों व शिष्यों में शोक की लहर फैल गयी.उनके निधन के खबर सुनते हुए सोशल मीडिया (फेसबुक) पर उनके समर्पण,ज्ञान और अनुशासन को याद करते हुए,शोक संदेशों के साथ साझा की.बड़ी संख्या में लोगों ने मसौढ़ी के गांधी मैदान स्थित उनके आवास पर पहुंच कर उनके पार्थिव शरीर का दर्शन किया.

ईश्वर से उनके आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की.ज्ञात हो कि स्वर्गीय रामचंद्र सर का संपूर्ण जीवन शिक्षा व समाजसेवा को समर्पित था.रामचंद्र सर ने शिक्षा के क्षेत्र में जो अलख जगाई, वह आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बनी रहेगी। हजारों विद्यार्थियों के जीवन को उन्होंने नई दिशा दी।वें लंबे समय तक श्रीमति गिरिजा कुंवर हाई स्कूल में गणित विषय के शिक्षक थे, उनके पुत्र राहुल सर भी शिक्षक हैं,विद्या एजुकेशनल ग्रुप डायरेक्टर भी हैं,उनके निधन पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने गहरा शोक व्यक्त किया है।

# युवक को थप्पड़ मारने के आरोप में महिला दरोगा श्वेता भारती निलंबित

निज संवाददाता। बिहटा, पटना

पटना जिले के बिहटा थाना में तैनात महिला दरोगा श्वेता भारती को युवक के साथ मारपीट के आरोप में निलंबित कर दिया गया है। यह कार्रवाई पटना पश्चिम सिटी एसपी भानु प्रताप सिंह के निर्देश पर की गई है। मामला जमीन से जुड़े रास्ता विवाद से संबंधित बताया जा रहा है, जिसमें पुलिस की भूमिका पर सवाल खड़े हुए थे।

दरअसल, हाल ही में सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हुआ था, जिसमें महिला दरोगा श्वेता भारती एक युवक को थप्पड़ मारते हुए दिखाई दे रही थीं। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस विभाग ने मामले को गंभीरता से लिया और इसकी जांच कराई गई। जांच में प्रथम दृष्टया आरोप सही पाए जाने के बाद महिला दरोगा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया।



महिला दरोगा श्वेता भारती।

पटना पश्चिम सिटी एसपी भानु प्रताप सिंह ने बताया कि वायरल वीडियो की सत्यता की जांच की गई, जिसमें महिला पुलिस पदाधिकारी का आचरण विभागीय नियमों के विपरीत पाया गया। इसके बाद निलंबन की कार्रवाई की गई है। साथ ही पूरे मामले की विस्तृत जांच के आदेश भी दिए गए हैं, ताकि घटना के सभी पहलुओं की निष्पक्ष जांच हो सके।

एसपी ने बताया कि 24 जनवरी को बिहटा थाना क्षेत्र के श्रीरामपुर गांव में रास्ते को लेकर विवाद होने की सूचना 112 डायल के माध्यम से पुलिस को मिली थी। सूचना मिलने के बाद बिहटा थाना में पदस्थापित महिला दरोगा श्वेता भारती पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंची थीं। इसी दौरान दोनों पक्षों के बीच कहासुनी बढ़ गई और माहौल तनावपूर्ण हो गया। आरोप है कि इसी दौरान महिला दरोगा ने एक युवक को थप्पड़ मार दिया। घटना का वीडियो सामने आने के बाद पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे थे। विभागीय स्तर पर इसे अनुशासनहीनता मानते हुए कार्रवाई की गई है। पुलिस प्रशासन का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद आगे की कार्रवाई तथ्यों के आधार पर की जाएगी।

## आज से 6 फरवरी तक होगा 25वां भारत रंग महोत्सव, देश-विदेश की रंगमंडलियां करेंगी नाट्य प्रस्तुतियां

निज संवाददाता। पटना

नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा के तत्वावधान में 25वें भारत रंग महोत्सव–2026 का आयोजन आज फरवरी से 6 फरवरी तक पटना के प्रेमचंद रंगशाला में किया जाएगा। इस महोत्सव का आयोजन पिक्चर एन क्राफ्ट द्वारा कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, बिहार सरकार तथा बिहार संगीत नाटक अकादमी के सहयोग से किया जा रहा है। पांच दिवसीय इस रंग महोत्सव में देश के विभिन्न राज्यों के साथ-साथ नेपाल की रंगमंडलियां भी अपनी प्रस्तुतियां देंगी।

महोत्सव का उद्घाटन आज शाम 6:30 बजे होगा। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि कला एवं संस्कृति विभाग के सचिव प्रणव कुमार होंगे, जबकि सूचना आयुक्त त्रिपुरारी शरण विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में रूबी, आईएएस मौजूद रहेंगी। संस्कृति निदेशक एवं प्रख्यात नाटककार, संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार विजेता हृषिकेश सुलभ तथा संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार विजेता परवेज़ अख्तर भी समारोह में शामिल होंगे। स्वागत भाषण नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा के उप रजिस्ट्रार मनोज रमेला देंगे, जबकि धन्यवाद ज्ञापन एनएसडी के पूर्व छात्र एवं पटना समन्वयक रणधीर कुमार द्वारा किया जाएगा। उद्घाटन दिवस पर कानपुर (उत्तर प्रदेश) की रसरंग फाउंडेशन द्वारा अलखनंदन लिखित और नीरज कुमार कुशवाहा निर्देशित नाटक चंदा बेदनी का मंचन किया जाएगा। हिंदी और अवधी भाषा में प्रस्तुत यह




नाटक लगभग एक घंटा पचास मिनट का होगा।

3 फरवरी को ओडिशा के झारसुगुड़ा स्थित मिरर थिएटर द्वारा डॉ. सुभाष चंद्र प्रधान लिखित एवं निर्देशित उड़िया नाटक उलपी का मंचन किया जाएगा। 4 फरवरी को नेपाल के एस्थेटिक डांस स्टूडियो द्वारा नम्रता केसी निर्देशित नेपाली नृत्य नाटक मोक्षदा प्रस्तुत किया जाएगा। 5 फरवरी को राजस्थानी भाषा में सरताज नारायण माथुर द्वारा लिखित एवं निर्देशित नाटक गौ रो दान का मंचन होगा। वहीं, महोत्सव के अंतिम दिन 6 फरवरी को पश्चिम बंगाल के बहरामपुर स्थित ऋत्विक रंगमंडली द्वारा स्नेहाशीष भट्टाचार्य लिखित और बिप्लब डे निर्देशित बंगाली नाटक निर्जन रखाल का मंचन किया जाएगा। इसी दिन समापन समारोह भी आयोजित किया जाएगा। आयोजकों के अनुसार भारत रंग महोत्सव का उद्देश्य रंगकर्म को प्रोत्साहित करना और विभिन्न भाषाओं एवं संस्कृतियों को एक साझा मंच प्रदान करना है। पटना में आयोजित यह महोत्सव रंगप्रेमियों के लिए एक सांस्कृतिक उत्सव के रूप में यादगार साबित होगा।

## जेपी गंगा पथ की डबल डेकर बस अब बनेगी जश्न और निजी आयोजनों का नया ठिकाना

निज संवाददाता। पटना

राजधानी पटना के जेपी गंगा पथ पर पर्यटकों को गंगा दर्शन कराने वाली डबल डेकर बस सेवा अब केवल सैर-सपाटे तक सीमित नहीं रहेगी। शहरवासी अब इस बस को जन्मदिन समारोह, निजी पार्टी, पारिवारिक आयोजन या किसी विशेष अवसर के लिए भी बुक कर सकेंगे। इसके लिए प्रति ट्रिप 4,000 रुपये का किराया तय किया गया है। एक ट्रिप की अवधि डेढ़ घंटे होगी और भुगतान ट्रिप के आधार पर लिया जाएगा।

बिहार पर्यटन विकास निगम के अनुसार, यह डबल डेकर बस दीघा घाट से कंगन घाट तक संचालित होती है। यात्रा के दौरान बस के ऊपरी डेक से यात्रियों को 360 डिग्री का मनोरम दृश्य, गंगा की ठंडी हवा और पटना के ऐतिहासिक व सांस्कृतिक स्थलों का अद्भुत नजारा देखने को मिलता है। यही कारण है कि यह बस पर्यटकों के साथ-साथ स्थानीय लोगों के बीच भी तेजी से लोकप्रिय हो रही है।

पर्यटन निगम ने बताया कि डबल डेकर बस शाम 5 बजे से रात 10 बजे तक चलाई जाती है। बस में कुल 40 सीटें हैं, जिनमें नीचे के डेक पर 20 एसी सीटें और ऊपर के डेक पर 20 ओपन सीटें उपलब्ध हैं। यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए बस में टॉयलेट, रेफ्रिजरेटर और एक प्रशिक्षित गाइड की भी व्यवस्था की गई है।

बस में मौजूद गाइड यात्रियों को दीघा घाट से जेपी गंगा पथ गोलंबर, सभ्यता द्वार, दरभंगा हाउस, गांधी घाट,



महात्मा गांधी सेतु, चित्रगुप्त मंदिर और कंगन घाट जैसे प्रमुख स्थलों के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व की जानकारी देता है, जिससे यात्रा केवल मनोरंजन नहीं बल्कि ज्ञानवर्धक अनुभव भी बन जाती है।

सामान्य दिनों में इस डबल डेकर बस का किराया एक तरफ 50 रुपये प्रति व्यक्ति और दोनों तरफ 100 रुपये प्रति व्यक्ति निर्धारित किया गया है। वहीं निजी बुकिंग की सुविधा शुरू होने से अब लोग खास मौकों को यादगार बनाने के लिए इस बस का उपयोग कर सकेंगे।

पर्यटन विभाग के आंकड़ों के मुताबिक, सितंबर 2025 से अब तक 4,370 पर्यटक इस डबल डेकर बस में सैर कर चुके हैं। बिहार पर्यटन विकास निगम का मानना है कि यह पहल न केवल पटना में पर्यटन को नई पहचान देगी, बल्कि स्थानीय लोगों को भी अपने शहर को एक नए नजरिये से देखने का अवसर प्रदान करेगी।

# मगही महोत्सव में लोक नाटक 'बेटी बेचवा' का मंचन

निज संवाददाता। मसौढ़ी

रविवार को नगर क्षेत्र के मसौढ़ी पाली पथ स्थित छिलका पर श्री कृष्णा नर्सिंग होम के प्रांगण में इलाके के सुप्रसिद्ध नालवादक स्वर्गीय उपेंद्र प्रसाद के स्मृति में मगही उत्थान कला परिषद मसौढ़ी के द्वारा 5वां मगही कवि व नाटक महोत्सव का आयोजन किया गया, कार्यक्रम का उद्घाटन एसीएसटी अनुसूची जाति के अध्यक्ष शिव कुमार व समाजसेवी डॉ रामजयपाल सिंह ने दीप प्रज्वलित कर संयुक्त रूप से की, कार्यक्रम की शुरुआत नालवादक उपेंद्र प्रसाद के तैल्य चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि करते हुए, विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाली हस्तियों को सम्मानित किया गया और मगही भाषियों ने अपनी मातृभाषा के प्रति गहरा प्रेम और उत्साह प्रदर्शित किया। उसके बाद कविता पाठ किया गया,और लोकनाटक 'बेटी बेचवा (बेटी वियोग)' का सफल मंचन किया गया। यह आयोजन ग्रामीण अंचल में मगही भाषा,लोकसंस्कृति और रंगमंच के संरक्षण के उद्देश्य से किया गया था।लोकनाट्य सम्राट भिखारी ठाकुर द्वारा रचित यह नाटक ग्रामीण समाज की कड़वी सच्चाइयों को उजागर करता है। इसमें गरीबी, पितृसत्तात्मक सोच और धन के लालच में बेटियों की बेमेल शादियों तथा




खरीद-फरोख्त जैसी अमानवीय कुरीतियों को प्रभावी ढंग से दर्शाया गया। नाटक की कहानी एक निर्धन परिवार की बेटी के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसकी शादी उसकी इच्छा के विरुद्ध एक वृद्ध पुरुष से कर दी जाती है।धर्मेंद्र कुमार रंगकर्मी ने अपने संबोधन में कहा कि मगही भाषा को भारतीय संविधान की 8वीं अनुसूची में शामिल किया जाए, और मसौढ़ी में कला प्रेमियों के लिए कला मंच का निर्माण किया जाए, वही लोक गायक संतोष तूफानी अपने सुर की आवाज से अपने विभिन्न मगही और भोजपुरी गीतों को गाकर खूब तालियां बटोरी।इस मौके पर नवल भारती अमित कुमार नाल वादक सुमित कुमार वीआईपी पार्टी जिला अध्यक्ष डॉ राजू बिंद सहित बड़ी संख्या में संगीत प्रेमी श्रोता मौजूद थे।

# यह बजट 'खर्च करने वाली सरकार' का नहीं, बल्कि 'भविष्य गढ़ने वाली सरकार' की सोच को दर्शाता है – ऋतुराज सिन्हा

निज संवाददाता। पटना

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय मंत्री ऋतुराज सिन्हा ने केंद्रीय बजट 2026–27 पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह बजट केवल आंकड़ों का संकलन नहीं, बल्कि भारत के अगले दो–तीन दशकों की दिशा तय करने वाला नीति-दस्तावेज़ है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने एक बार फिर स्पष्ट किया है कि उसका लक्ष्य अल्पकालिक लोकलुभावन खर्च नहीं, बल्कि दीर्घकालिक, टिकाऊ और रोजगारोन्मुख विकास है।

ऋतुराज सिन्हा ने कहा कि 12.2 लाख करोड़ के रिकॉर्ड सार्वजनिक पूंजीगत व्यय के माध्यम से सरकार ने यह संकेत दिया है कि बुनियादी ढाँचा, उद्योग, लॉजिस्टिक्स और शहरों का विकास ही भविष्य की आर्थिक मजबूती की कुंजी है। शिक्षा, कौशल विकास और रोजगार को बजट के केंद्र में रखकर युवाओं को "लाभार्थी" नहीं, बल्कि "राष्ट्र-निर्माण का भागीदार" बनाने की स्पष्ट सोच दिखाई देती है। उन्होंने कहा कि युवाओं के लिए यह बजट ठोस अवसर लेकर आया है। स्वास्थ्य क्षेत्र में 1 लाख नए एलाइड हेल्थ प्रोफेशनल्स और 1.5 लाख केयरगिवर्स के प्रशिक्षण का लक्ष्य, AVGC सेक्टर में 20 लाख संभावित नौकरियों की तैयारी, पर्यटन, खेल, डिजाइन और सेवाओं पर केंद्रित योजनाएँ—ये सभी पढ़े-लिखे और कौशलयुक्त युवाओं के लिए नए रोजगार मार्ग खोलती हैं। "एजुकेशन टू एम्प्लॉयमेंट" पर केंद्रित उच्चस्तरीय समिति भविष्य की नौकरियों को ध्यान में रखकर नीति निर्माण का रोडमैप तैयार करेगी। एमएसएमई और उद्यमियों के लिए बजट को निर्णायक बताते हुए श्री सिन्हा ने कहा कि 10,000 करोड़ का एसएमई ग्रोथ फंड, टी-रेड्स प्लेटफॉर्म के माध्यम से अब तक 7 लाख करोड़ से



अधिक की तरलता, और सरकारी खरीद में एमएसएमई भुगतान को और तेज़ करने के प्रावधान—ये सभी छोटे उद्यमों को "सर्वाइव" से "स्केल" करने में मदद करेंगे। अनुपालन को सरल बनाकर और सस्ती फाइनेंसिंग उपलब्ध कराकर सरकार ने ईमानदार उद्यमियों का भरोसा मजबूत किया है। बिहार के संदर्भ में उन्होंने कहा कि बजट 2026–27 राज्य को राष्ट्रीय विकास की मुख्यधारा में मजबूती से जोड़ता है। दिल्ली–वाराणसी और वाराणसी–सिलीगुड़ी सहित 7 हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर से बिहार की कनेक्टिविटी को ऐतिहासिक गति मिलेगी। पटना में इनलैंड वॉटरवेज़ के लिए शिप रिपेयर इकोसिस्टम की स्थापना से स्थानीय युवाओं के लिए तकनीकी और औद्योगिक रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। यह "पूर्वोदय" की भावना को ज़मीन पर उतारने वाला बजट है। अंत में ऋतुराज सिन्हा ने कहा कि यह बजट स्पष्ट करता है कि सरकार का उद्देश्य केवल संसाधनों का वितरण नहीं, बल्कि ऐसी मजबूत आधारशिला तैयार करना है जिस पर आत्मनिर्भर, प्रतिस्पर्धी और समावेशी भारत का निर्माण हो सके। यह बजट आज की जरूरतों के साथ-साथ आने वाली पीढ़ियों की आकांक्षाओं को भी ध्यान में रखता है।

## संक्षिप्त समाचार

## चोरी की चार वाहन के साथ एक आरोपित गिरफ्तार

**पश्चिमी सिंहभूम।** पश्चिमी सिंहभूम जिले में पुलिस ने चोरी के एक सक्रिय गिरोह पर कार्रवाई करते हुए मुफस्सिल थाना क्षेत्र से चोरी की चार वाहन बरामद की हैं। इस कार्रवाई में पुलिस ने एक शातिर वाहन चोर को भी गिरफ्तार किया है, जिसका पूर्व से आपराधिक इतिहास रहा है। यह जानकारी रविवार को अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बहामन टुटी ने प्रेस वार्ता के दौरान दी। उन्होंने बताया कि पुलिस अधीक्षक अमित रेणु को गुप्त सूचना मिली थी कि मुफस्सिल थाना क्षेत्र के ग्राम खप्परसाई निवासी राजदीप सिंह महली अपने घर में चोरी की बाइक छिपाकर रखे हुए है और उन्हें बेचने की फिराक में है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए तत्काल एक विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए ग्राम खप्परसाई स्थित आरोपित के घर पर छापेमारी की, जहां विधिवत तलाशी के दौरान घर के बरामदे से तीन बाइक और एक होंडा एक्टिवा स्कूटी बरामद की गई। मौके से एक युवक को हिरासत में लिया गया, जिसने पूछताछ के दौरान अपना नाम राजदीप सिंह महली उर्फ जिन्दा बताया। पुलिस पूछताछ में आरोपित ने स्वीकार किया कि बरामद सभी चारों दोपहिया वाहन चोरी के हैं। उसने यह भी बताया कि उसने चार से पांच दिन पहले सदर थाना क्षेत्र के बस स्टैंड और मंगला हाट इलाके से इन वाहनों की चोरी की थी। जांच के दौरान यह भी सामने आया है कि राजदीप सिंह महली पूर्व में भी कई चोरी की घटनाओं में शामिल रह चुका है। छापेमारी टीम में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर बहामन टुटी, मुफस्सिल थाना प्रभारी विनोद कुमार, पुलिसकर्मी मिथुन कुमार, रामायण सिंह, दिनेश कुमार सहित मुफस्सिल थाना रिजर्व गार्ड के सशस्त्र बल शामिल थे।

### केंद्रीय बजट का भाजपा महानगर ने किया स्वागत

**पूर्वी सिंहभूम।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रविवार को लगातार नौवीं बार केंद्रीय बजट पेश किया। इस अवसर पर भाजपा जमशेदपुर महानगर के साकची स्थित जिला कार्यालय पर बजट का सीधा प्रसारण किया गया। इस दौरान पार्टी के नेताओं ने बजट का स्वागत किया और उसकी सराहना की। पार्टी के जिलाध्यक्ष संजीव सिन्हा के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में झारखंड भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिनेशानंद गोस्वामी, जमशेदपुर पूर्वी की विधायक पूर्णिमा साहू मौजूद थे। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के पूरे बजट भाषण को ध्यानपूर्वक सुना और बजट की विभिन्न विशेषताओं को जन जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष संजीव सिन्हा ने कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लगातार नौवीं बार बजट पेश किया है जो नीति में निरंतरता और उनके अनुभव को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि यह बजट देश के हर वर्ग की अपेक्षाओं को पूरा करेगा और विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में मील का पत्थर साबित होगा। इस मौके पर पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष देवेंद्र सिंह, चंद्रशेखर मिश्रा, दिनेश कुमार, योगेश मल्होत्रा, जटाशंकर पांडेय, रीता मिश्रा, प्रदीप महतो, बबुआ सिंह, राजीव सिंह, अनिल मोदी, संजीव सिंह, जितेंद्र राय, पप्पू सिंह, कृष्णा शर्मा काली, प्रेम झा, संजीत चौरसिया, अखिल सिंह सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

## खूंटी जिला परिवहन कार्यालय को मिला गुड समरीटन अवार्ड

**खूंटी।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत होटल बीएनआर में शनिवार को आयोजित सड़क सुरक्षा सेमिनार के दौरान जिला परिवहन कार्यालय पूरे राज्य में उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। परिवहन मंत्री दीपक बीरूआ ने 'गुड समरीटन अवार्ड' प्रदान किया, जिसमें खूंटी जिला को राज्य भर में के द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। साथ ही सड़क सुरक्षा माह के दौरान प्रभावी जागरूकता कार्यक्रमों के सफल आयोजन के लिए प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो भी दिया गया। यह सम्मान जिला परिवहन पदाधिकारी, मोटरयान निरीक्षक एवं जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक ने प्राप्त किया। विभाग की ओर से रविवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया कि सड़क सुरक्षा माह के दौरान जिला परिवहन कार्यालय ककी ओर से व्यापक जन जागरूकता अभियान चलाए गए। जागरूकता वाहन के माध्यम से प्रखंडों और हाट-बाजारों में यातायात नियमों की जानकारी दी गई। नुक्कड़ नाटक, पैंफलेट वितरण और मोटर वाहन अधिनियम, मुआवजा प्रावधान तथा गुड समरीटन कानून पर विशेष जानकारी दी गई। बिरसा कॉलेज, लोयला स्कूल, डीएवी स्कूल सहित कई शिक्षण संस्थानों में कार्यशालाएं आयोजित कर छात्रों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। गणतंत्र दिवस पर सड़क सुरक्षा विषयक झांकी प्रस्तुति में जिला परिवहन कार्यालय को प्रथम स्थान मिला। पूरे माह वाहन जांच अभियान, पुष्प अभियान, हॉकी मैच, सदर अस्पताल में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच, सड़क सुरक्षा प्रतिज्ञा, हस्ताक्षर और सेल्फी अभियान तथा 'रन फॉर रोड सेफ्टी' जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को यातायात नियमों के पालन के लिए प्रेरित किया गया और हेलमेट भी वितरित किए गए।

## ग्रामीणों को 125 दिनों की रोजगार गारंटी देता है वीबी-जी राम-जी : कोचे

**खूंटी।** भाजपा के पूर्व विधायक कोचे मुंडा ने कहा कि वीबी जी राम जी अधिनियम ग्रामीण परिवारों के लिए प्रति वित्तीय वर्ष 125 दिनों की वैधानिक रोजगार की गारंटी देता है। यह पहल सशक्तिकरण, समावेशी विकास, योजनाओं के अभिसरण (कन्वर्जेंस) और परिपूर्णता (सैचुरेशन) के माध्यम से सेवा को मजबूत बनाती है। पूर्व विधायक रविवार को नगर भवन तोरपा में वीबी जी राम जी अधिनियम को लेकर आयोजित मंडल स्तरीय कार्यशाला को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। कोचे ने कहा कि इस अधिनियम के लागू होने से समृद्ध, सक्षम और आत्मनिर्भर ग्रामीण भारत की नींव और अधिक मजबूत होगी। कार्यशाला की अध्यक्षता मण्डल अध्यक्ष सुबोध कुमार ने की। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य संतोष जयसवाल ने कार्यकर्ताओं से अपील किया कि वे अधिनियम की जानकारी लोगों को दें और विपक्ष के कुतर्क का जवाब दें।कार्यक्रम में प्रभारी जिला महामंत्री निखिल कंडुलना, जिला संयोजक भगीरथ राय सहित अन्य ने वीबी जी राम जी अधिनियम के बारे में बताया और कहा कि इस अधिनियम के बारे में अपने अपने बूथों में लोगो को जागरूक करें। कार्यक्रम का संचालन दीपक तिग्गा ने किया। कार्यक्रम में तपकारा मण्डल अध्यक्ष मुस्कु स्वासी, विनोद भगत, शशांक शेखर राय, दीपक तिग्गा, नीरज जायसवाल, सुबोध जायसवाल, राजू साहू, कृष्णा भगत सहित अन्य उपस्थित थे।

### फ्लाइट ऑफ़ फैंटेसी: झारखंड–ओडिशा के 70 बच्चों को पहली बार मिलेगा हवाई यात्रा का अनुभव

**रांची।** राउंडटेबल इंडिया एरिया–16 (झारखंड–ओडिशा) की ओर से आयोजित 'फ्लाइट ऑफ़ फैंटेसी' कार्यक्रम के तहत ग्रामीण और जरूरतमंद बच्चों के सपनों को नई उड़ान मिलने जा रही है। इस पहल के अंतर्गत झारखंड और ओडिशा के कुल 70 बच्चों को पहली बार हवाई यात्रा का अनुभव कराया जाएगा। रांची में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में राउंडटेबल इंडिया के अध्यक्ष आकाश खोसला, विक्रांत छाबड़ा, अर्पित जैन एवं मीडिया प्रभारी पौरुष जैन ने संयुक्त रूप से इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह यात्रा सोमवार, 02 फरवरी 2026 को प्रारंभ होगी, जब सभी बच्चे रांची हवाई अड्डे से दिल्ली के लिए रवाना होंगे। दिल्ली पहुंचने के बाद बच्चों को राष्ट्रपति भवन और संसद भवन का शैक्षणिक भ्रमण कराया जाएगा। इससे उन्हें देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था और प्रशासनिक प्रणाली को नजदीक से समझने का अवसर मिलेगा। मीडिया प्रभारी पौरुष जैन ने बताया कि इस कार्यक्रम में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ के पुत्र ऐश्वर सेठ का विशेष सहयोग रहा है। दिल्ली प्रवास के दौरान रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने बच्चों को अपने आवास पर दोपहर भोज के लिए आमंत्रित किया है। यात्रा के दौरान बच्चों के आवास और भोजन की व्यवस्था एक स्टार होटल में की गई है, ताकि वे सुरक्षित और आरामदायक वातावरण में इस अनुभव का आनंद ले सकें।

# मजबूत इरादों के साथ हर कर्तव्य को पूरा करने वाला है बजट : संजय सेठ

**एजेंसी। रांची**



रांची के सांसद एवं रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने केंद्रीय बजट को वायदों का नहीं, बल्कि कर्तव्य और मजबूत इरादों का बजट बताते हुए कहा कि यह बजट देश की जनता के प्रति सरकार के प्रत्येक दायित्व को पूरा करने का संकल्प दर्शाता है। बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए संजय सेठ ने रविवार को कहा कि इसमें हर क्षेत्र, हर वर्ग और हर नागरिक को सशक्त बनाने का स्पष्ट दृष्टिकोण है। यह केवल घोषणाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि जमीनी स्तर पर प्रोत्साहन और सहयोग देने वाला विजन प्रस्तुत करता है, जो नागरिकों को हर कदम पर आगे बढ़ने में सहायता करेगा। रक्षा राज्य मंत्री ने रांची में निमहंस-2 की स्वीकृति के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि यह संस्थान राष्ट्रीय स्तर का मनोचिकित्सा केंद्र होगा, जहां आधुनिक उपचार एवं शोध की व्यापक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। उन्होंने कहा कि केंद्रीय बजट में रांची को राष्ट्रीय महत्व के संस्थान की सौगात मिलना झारखंडवासियों के लिए गौरव का विषय है। संजय सेठ ने कहा कि प्रधानमंत्री विरासत और विकास को साथ लेकर आगे बढ़ने का मार्गदर्शन देते हैं, जिसकी स्पष्ट झलक इस बजट में देखने को मिलती है। उन्होंने कहा कि यह बजट विनिर्माण से लेकर बुनियादी ढांचे तक, स्वास्थ्य से लेकर पर्यटन तक, ग्रामीण क्षेत्रों से लेकर एआई तक, खेल से लेकर तीर्थों तक-हर क्षेत्र को समाहित करते हुए विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करता है। यह बजट गांव, कस्बे और शहर के युवाओं, महिलाओं और किसानों के सपनों को नई ऊर्जा देने वाला है। उन्होंने कहा कि बजट में गांव से शहर तक, राजमार्ग से समुद्र तक, शिक्षा से स्वास्थ्य तक सभी क्षेत्रों का संतुलित समन्वय किया गया है। यह बजट विकसित भारत के लक्ष्य को एक मजबूत आधार प्रदान करता है। रक्षा बजट को 7.85 लाख करोड़ रुपये किए जाने पर संजय सेठ ने प्रधानमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इससे देश का रक्षा क्षेत्र आत्मनिर्भरता की दिशा में और मजबूत होगा। साथ ही सीमा क्षेत्रों में बुनियादी ढांचा सुदृढ़ होगा और भूतपूर्व सैनिकों के कल्याण को भी बल मिलेगा। उन्होंने कहा कि यह पहली बार है जब खेल क्षेत्र को बजट में विशेष प्राथमिकता दी गई है। खेल क्षेत्र रोजगार, कौशल विकास और आजीविका के अनेक अवसर प्रदान करता है। खेलो इंडिया कार्यक्रम के तहत अगले दशक में खेल क्षेत्र को रूपांतरित करने के लिए खेलो इंडिया मिशन शुरू करने का प्रस्ताव सराहनीय है। संजय सेठ ने इस बजट को युवा शक्ति को समर्पित बजट बताते हुए कहा कि इसमें शिक्षा, रोजगार और कौशल विकास के माध्यम से देश की आर्थिक वृद्धि को बनाए रखने का स्पष्ट लक्ष्य रखा गया है। अंत में उन्होंने कहा कि सबका साथ, सबका विकास और हर नागरिक के प्रति कर्तव्य को केंद्र में रखकर यह बजट तैयार किया गया है। इस समावेशी बजट के लिए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एवं पूरी केंद्र सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया।

## झारखंड के तापमान में तीन से चार डिग्री वृद्धि की संभावना



**एजेंसी। रांची**

झारखंड में ठंड का असर धीरे-धीरे कम हो रहा है और आने वाले चार दिनों में न्यूनतम तापमान में 3-4 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होने की संभावना है। यह जानकारी मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने रविवार को दी। अभिषेक आनंद ने बताया कि इस माह राज्य भर में मौसम में उतार-चढ़ाव देखने को मिलेगा। फिलहाल राज्य के कई जिलों में दिन के समय आंशिक बादल छाए रहेंगे। दिन में हल्की गर्मी का एहसास होगा, जबकि सुबह और शाम में लोगों को ठंड महसूस होगी। पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में सबसे अधिक तापमान चाईबासा में 29.8 डिग्री सेल्सियस, जबकि सबसे कम तापमान गुमला में 8.1 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। रविवार को रांची और आसपास के इलाकों में सुबह से आंशिक बादल छाए रहे। दोपहर में हल्की गर्मी महसूस की गई, जबकि सुबह और शाम में ठंड का एहसास हुआ। रांची में रविवार को अधिकतम तापमान 25.8 डिग्री और न्यूनतम तापमान 11. 6 डिग्री, जमशेदपुर में अधिकतम 28.8 और न्यूनतम 14.8 डिग्री, डाल्टनगंज में अधिकतम 28.4 न्यूनतम 9.9 डिग्री, बोकारो में अधिकतम 28.1 और न्यूनतम 12.2 डिग्री एवं चाईबासा में अधिकतम तापमान 29.8 डिग्री और न्यूनतम 12.8 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

## आम नागरिकों के लिए यह बजट उम्मीद की किरण:आजसू

**एजेंसी। पूर्वी सिंहभूम**

आजसू पार्टी ने केंद्र सरकार की ओर से प्रस्तुत बजट को जनहित और जनआकांक्षाओं के अनुरूप बताते हुए इसका स्वागत किया है। रविवार को पार्टी के जिला अध्यक्ष कन्हैया सिंह ने कहा कि यह बजट दूरगामी सोच के साथ तैयार किया गया है, जिसका सीधा लाभ आम जनता को मिलेगा। उन्होंने विशेष रूप से स्वास्थ्य क्षेत्र में दी गई राहत को सराहनीय बताते हुए कहा कि इलाज और दवाइयों को सस्ता और सुलभ बनाने की दिशा में किए गए प्रावधानों से गरीब, मजदूर और मध्यम वर्गीय परिवारों को बड़ी राहत मिलेगी। महंगे इलाज के बोझ से जूझ रहे आम नागरिकों के लिए यह बजट उम्मीद की किरण है। कन्हैया सिंह ने कहा कि सरकार ने इस बजट के माध्यम से यह स्पष्ट संदेश दिया है कि जनता की बुनियादी जरूरतें उसकी प्राथमिकताओं में शामिल हैं। स्वास्थ्य के साथ-साथ सामाजिक कल्याण और आम लोगों से जुड़े अन्य क्षेत्रों पर भी ध्यान दिया गया है, जिससे यह बजट जनहित में मजबूत आधार तैयार करता है। उन्होंने उम्मीद जताई कि यदि घोषणाओं का पारदर्शी और प्रभावी क्रियान्वयन हुआ तो इसका सकारात्मक असर आने वाले वर्षों तक दिखाई देगा। वहीं, आजसू पार्टी के जिला प्रवक्ता अप्पू तिवारी ने बजट को जनआकांक्षाओं को पूरा करने वाला बताया। उन्होंने कहा कि किसानों, मजदूरों, युवाओं, महिलाओं और गरीब तबके के हितों को ध्यान में रखकर बजट तैयार किया गया है। शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और बुनियादी सुविधाओं पर फोकस कर सरकार ने यह दिखाया है कि विकास का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना उसका लक्ष्य है। आजसू पार्टी ने इस बजट को देश के समग्र विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताते हुए समर्थन देने की बात कही।

## केंद्रीय बजट सर्वसमावेशी, विकासोन्मुख और रोजगारोन्मुख है : आदित्य साहू

**एजेंसी। रांची**



झारखंड की राजधानी रांची स्थित भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश कार्यालय में रविवार को आर्थिक प्रकोष्ठ के तत्वावधान में बजट परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी की उपस्थिति में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की ओर से लगातार नौवीं बार प्रस्तुत केंद्रीय बजट भाषण को सुना गया। इस मौके पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद आदित्य साहू ने बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह सर्वसमावेशी, विकासोन्मुख और रोजगारोन्मुख बजट है। उन्होंने कहा कि यह बजट गरीब, किसान और महिला केंद्रित है, जो देश के विकास की संभावनाओं के अनेक मार्ग प्रशस्त करता है। रेल, सड़क, स्वास्थ्य तथा लघु एवं कुटीर उद्योग जैसी बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने वाला यह बजट आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक अहम कदम है। आदित्य साहू ने कहा कि यह बजट नए संकल्पों, नए सुधारों और कर्तव्यों को सुनिश्चित करने वाला है।

**विकसित भारत की दिशा में निर्णायक बजटः बाबूलाल मरांडी-** प्रदेश कार्यालय में बजट भाषण के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि यह विकसित भारत बनाने वाला बजट है। यह बजट महात्मा गांधी के सपनों को साकार करने की दिशा में अग्रसर है और इसमें रोजगार सृजन पर विशेष जोर दिया गया है। प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि यह बजट 'एक भारत–श्रेष्ठ भारत' की अवधारणा को और अधिक मजबूती प्रदान करेगा। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री एवं सांसद डॉ. प्रदीप वर्मा, मनोज कुमार सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद सहित कई प्रदेश पदाधिकारियों ने भी बजट की सराहना की। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश कोषाध्यक्ष दीपक बंका ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन जे.पी. शर्मा ने किया। कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद, प्रदेश कोषाध्यक्ष दीपक बंका, कार्यालय मंत्री हेमंत दास, मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक, सह मीडिया प्रभारी योगेंद्र प्रताप सिंह, अशोक बड़ाइक, प्रवक्ता प्रतुल शाह देव, राफिया नाज, सोशल मीडिया प्रभारी राहुल अवस्थी, सह प्रभारी रजनीश पांडेय, आर्थिक प्रकोष्ठ के संयोजक सीए जे.पी. शर्मा सहित विभिन्न संस्थानों से जुड़े चार्टर्ड अकाउंटेंट, कंपनी सेक्रेटरी, प्राध्यापक, अधिवक्ता एवं चिकित्सक उपस्थित थे।

## झारखंड की मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने आम बजट को बताया निराशाजनक

**एजेंसी। रांची**



झारखंड की कृषि, पशुपालन और सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने आम बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे "बड़ा पैकेट, शून्य धमाका" करार दिया। उन्होंने कहा कि यह बजट झारखंड जैसे राज्यों के सीमांत किसानों और पिछड़े राज्यों के लिए पूरी तरह निराशाजनक है। मंत्री तिर्की ने कहा कि इस बजट में किसानों के लिए कोई ठोस प्रावधान नहीं किया गया है और न ही केंद्र सरकार का कोई स्पष्ट विजन दिखाई देता है। उन्होंने आरोप लगाया कि बजट आगामी विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखकर 'पिक एंड चूज' पॉलिसी के तहत तैयार किया गया है, जिसमें चुनिंदा राज्यों को बड़े पैकेज दिए गए हैं, जबकि झारखंड सहित अन्य कई राज्यों को नजरअंदाज किया गया है। मंत्री ने कहा कि झारखंड में कृषि, ग्रामीण विकास और सीमांत किसानों के कल्याण के लिए बजट में पर्याप्त निवेश की आवश्यकता है, ताकि किसान उत्पादन बढ़ा सकें और ग्रामीण क्षेत्र में विकास कार्यों को गति मिल सके। उन्होंने केंद्र सरकार से आग्रह किया कि राज्यों के बीच वितरित संसाधनों में न्यायपूर्ण और समावेशी नीति अपनाई जाए, ताकि झारखंड जैसे पिछड़े राज्यों के विकास में कोई कमी न रह जाए। शिल्पी नेहा तिर्की ने बताया कि सीमांत किसानों की समस्याओं को देखते हुए बजट में बीज, उर्वरक, सिंचाई, फसल बीमा और ऋण सहायता जैसी योजनाओं के लिए पर्याप्त प्रावधान होना चाहिए था, लेकिन आम बजट में यह नजरअंदाज किया गया है। उनका कहना था कि सरकार की यह नीतिगत चूक सीधे झारखंड के कृषि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर प्रतिकूल असर डालेगी। मंत्री शिल्पी ने अंत में कहा कि झारखंड सरकार राज्य के किसानों और ग्रामीण विकास के लिए लगातार प्रयास कर रही है और केंद्र सरकार से भी मांग की कि राज्यों को उनके वास्तविक विकास के अनुसार वित्तीय संसाधन प्रदान किए जाएं।

## सड़क सुरक्षा को लेकर बाइक रैली आयोजित



**एजेंसी। पूर्वी सिंहभूम**

रेल सिविल डिफेंस टीम ने हेलमेट मैन ऑफ इंडिया के साथ मिलकर सड़क सुरक्षा जागरूकता बाइक रैली में भाग लेकर शहरवासियों को सड़क सुरक्षा नियमों के पालन के लिए जागरूक किया। यह बाइक रैली यंग इंडिया ग्रुप की ओर से आयोजित की गई। सड़क सुरक्षा बाइक रैली के मुख्य अतिथि हेलमेट मैन ऑफ इंडिया राघवेंद्र कुमार ने उपस्थित राइडर ग्रुप, रेल सिविल डिफेंस टीम और आरकेएम मोटरसाइकिल ग्रुप को संबोधित करते हुए कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में लगातार बढ़ रही मृत्यु की संख्या बेहद चिंताजनक है। उन्होंने बताया कि अब चार वर्ष के बच्चों के लिए भी हेलमेट अनिवार्य किया जा रहा है। इस अवसर पर राष्ट्रपति पदक से सम्मानित सिविल डिफेंस इंस्पेक्टर संतोष कुमार की उपस्थिति पर प्रसन्नता व्यक्त की गई। संतोष कुमार ने सभी राइडर्स को सड़क सुरक्षा नियमों के पालन की शपथ लेने पर जोर दिया। उन्होंने हेलमेट पहनने, जेब्रा क्रॉसिंग का उपयोग, ट्रैफिक सिग्नल का पालन, गति सीमा में वाहन चलाने और सीट बेल्ट के प्रयोग की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सावधानियां ही जीवन रक्षा और सुरक्षा का सबसे मजबूत आधार हैं। इसके बाद हेलमेट मैन ऑफ इंडिया राघवेंद्र कुमार और यंग इंडिया ग्रुप के सदस्यों ने झंडा दिखाकर सड़क सुरक्षा बाइक रैली 3.0 का शुभारंभ किया। बाइक रैली सीक्रेट हार्ट कॉन्वेंट स्कूल के समीप से आरंभ होकर बिष्टुपुर मुख्य सड़क, पीएम मॉल, आदित्यपुर महिला कॉलेज होते हुए पुनः सीक्रेट हार्ट कॉन्वेंट स्कूल के समीप किनन स्टेडियम पर समाप्त हुई। सड़क सुरक्षा बाइक रैली 3.0 कार्यक्रम में हेलमेट मैन ऑफ इंडिया राघवेंद्र कुमार के साथ रेल सिविल डिफेंस इंस्पेक्टर संतोष कुमार, सिविल डिफेंस टीम के सदस्य कल्याण कुमार साहू, अनिल कुमार सिंह, रितेश गुहा, अमित कुमार, वीरेंद्र मंडल, संदीप कुमार, गीता कुमारी, कंचन, अनामिका मंडल सहित अन्य उपस्थित थे।

## श्योर सक्सेस में दसवीं के विद्यार्थियों को दी गई विदाई

**एजेंसी। खूंटी**

मुरहू स्थित श्योर सक्सेस कोचिंग सेंटर में रविवार को विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन दसवीं की छात्राओं ने दीप प्रज्वलन कर किया। आठवीं और नौवीं के छात्र-छात्राओं ने कार्यक्रमों से समा बांध दिया। वहीं, सीनियर छात्राओं ने अपने अनुभवों को भी बयां किया। इस दौरान कई रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गये। संस्थान के निदेशक सकलदीप भगत ने छात्र-छात्राओं को शुभकामना देते हुए कहा कि सभी छात्र-छात्राएं मेहनत और ईमानदारी के साथ अपने निर्धारित लक्ष्य की ओर अग्रसर रहे। आपने जो कुछ संस्थान से सीखा है, अपने जीवन में उसे अवश्य चरितार्थ करें। सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता है आप तनावमुक्त एवं एकाग्र होकर परीक्षा की तैयारी करें। उन्होंने कहा कि परीक्षा भविष्य निर्माण का मार्ग प्रशस्त करती है जिससे आपको सकारात्मक ऊर्जा मिलेगी। अनुशासन के लिये बेस्ट स्टूडेंट ऑफ द ईयर का अवार्ड आर्यन कुमार को दिया। स्वाति, हर्ष , प्रीति एवं जिया ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया एवं छात्र-छात्राओं को अनुशासन में रहने की अपील की तथा आगामी परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन को लेकर विद्यार्थियों को शुभकामना दी। कार्यक्रम का संचालन शिल्पा ने किया । मौके पर सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ-साथ बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

## गांवों के विकास के बिना झारखंड का विकास अधूरा: शिल्पी नेहा तिर्की

**एजेंसी। रांची**



गांवों के सर्वांगीण विकास के बिना राज्य का विकास अधूरा है। अब पेसा कानून के तहत गांवों को सशक्त बनाने के लिए हेमंत सरकार ने नियमावली लागू की है, जिससे राज्य में धरातल स्तर पर विकास कार्यों को गति मिलेगी। झारखंड की कृषि, पशुपालन और सहकारिता मंत्री नेहा शिल्पी तिर्की ने रविवार को ये बातें कही। मंत्री रविवार को मांडर प्रखंड में विधायक योजना मद से संचालित विभिन्न जन उपयोगी विकास योजनाओं के शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित कर रही थीं। इस अवसर पर गड़मी गांव में जन उपयोगी अवसंरचना का सौंदर्यीकरण, चबूतरा एवं शेड निर्माण, मुस्लिम समुदायों के कब्रिस्तान में जनाजा शेड निर्माण, लोयो नीचे टोली में मकतब निर्माण तथा उचरी गांव में पीसीसी पथ निर्माण का विधिवत शिलान्यास किया गया। संबोधन में नेहा शिल्पी तिर्की ने कहा कि प्रत्येक योजना की अपनी उपयोगिता और महत्व है। सरकार का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक मूलभूत सुविधाओं का लाभ पहुंचाना है। योजनाओं का निर्धारण जाति, धर्म या वर्ग के आधार पर नहीं, बल्कि जनता की वास्तविक जरूरतों के अनुसार किया जाता है। मंत्री ने कहा कि गड़मी गांव में चबूतरा और शेड निर्माण से सांस्कृतिक और सामाजिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा, प्रयागो गांव में कब्रिस्तान शेड निर्माण से धार्मिक एवं मानवीय आवश्यकताओं की पूर्ति होगी, लोयो नीचे टोली में मकतब निर्माण से बच्चों को बेहतर शिक्षा का अवसर मिलेगा, और उचरी गांव में पीसीसी पथ निर्माण से आवागमन सुगम होगा, जिससे किसानों और ग्रामीणों को लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि सभी योजनाओं को समय सीमा के भीतर पूरा किया जाए और कार्यों में पारदर्शिता बनाए रखी जाए। किसी भी प्रकार की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। शिलान्यास कार्यक्रम में कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष मंगा उरांव, विधानसभा युवा अध्यक्ष हुसैन अंसारी, युवा अध्यक्ष आज़ाद अंसारी, पंचायत अध्यक्ष जाहिद अंसारी, विधायक प्रतिनिधि शुक्का उरांव, जमील अंसारी, भोलू अंसारी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि और स्थानीय ग्रामीण उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### कर्नाटक के मोलकेरा गांव में संदिग्ध विस्फोट, स्कूली बच्चों समेत 6 लोग घायल

**बैंग्लूरू, एजेंसी।** कर्नाटक के बिदर जिले के मोलकेरा गांव में शुक्रवार सुबह एक संदिग्ध विस्फोटक वस्तु के फटने से कम से कम छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में चार स्कूली बच्चे भी शामिल हैं। घटना मोलगी मरैया मंदिर के निकट सड़क किनारे हुई, जहां बच्चे स्कूल जाने के लिए वैन का इंतजार कर रहे थे। अचानक हुए जोरदार धमाके से पूरे गांव में दहशत फैल गई। स्थानीय निवासियों ने तुरंत घायलों की मदद के लिए घटनास्थल पर पहुंचकर उन्हें सहारा दिया, इससे पहले कि आपातकालीन सेवाएं मौके पर पहुंच पातीं। प्रारंभिक जांच में संकेत मिले हैं कि यह विस्फोट किसी ज्वलनशील पदार्थ या विस्फोटक सामग्री के गलत तरीके से एकत्रित और निपटान के लिए रखे जाने के कारण हुआ हो सकता है। पुलिस का प्रारंभिक अनुमान है कि यह लापरवाही का मामला प्रतीत होता है, हालांकि आपराधिक साजिश की आशंका को भी नकारा नहीं जा रहा है। फोरेंसिक विशेषज्ञ टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण शुरू कर दिया है और नमूने एकत्र किए जा रहे हैं ताकि विस्फोटक वस्तु की सटीक प्रकृति का पता लगाया जा सके। घायलों में दो वयस्कों की हालत गंभीर बताई जा रही है, जबकि बच्चे स्थिर स्थिति में हैं। सभी घायलों को निकटवर्ती अस्पतालों में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। जिला प्रभारी मंत्री ईश्वर बी. खांड्रे ने घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है और अधिकारियों को घायलों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने तथा विस्फोट के पूरे मामले की गहन जांच करने के सख्त निर्देश दिए हैं। सुरक्षा के मद्देनजर गांव और आसपास के इलाकों में पुलिस बल बढ़ा दिया गया है।

### फरीदाबाद में ठेले पर शव ले जाने की घटना पर सरकार पर हमला

**फरीदाबाद, एजेंसी।** बेहद शर्मनाक तस्वीर सामने आई है जहां गरीबी के कारण एक परिवार को शव ठेले पर ले जाने को मजबूर होना पड़ा। बताया जाता है कि परिवार के पास निजी एंबुलेंस के 700 रुपये चुकाने के पैसे नहीं थे इसलिए मजबूरन उसके बुजुर्ग दादा शव को ठेले पर रखकर 10 किलोमीटर दूर घर तक ले गए। इस मुद्दे को लेकर सियासत गर्म हो गई है।क्क के नेशनल मीडिया इंचार्ज अनुराग ढांडा ने इस घटना को क्क की असंवेदनशीलता का उदाहरण बताया है। आम आदमी पार्टी के नेशनल मीडिया प्रभारी अनुराग ढांडा ने फरीदाबाद की घटना को क्क की असंवेदनशीलता का चौंकाने वाला उदाहरण बताया। ढांडा ने कहा कि इस घटना ने सरकार की नाकामी को उजागर किया है। डॉक्टरों ने भी माना कि शव को ले जाने के लिए कोई इंतजाम नहीं था। खाली स्वास्थ्य पदों, डॉक्टरों, नर्सों, बेड की कमी और खराब एम्बुलेंस सिस्टम की ओर इशारा करते हुए ढांडा ने कहा कि हरियाणा का हेल्थकेयर सिस्टम भगवान भरोसे चल रहा है। अनुराग ढांडा ने ष्टरूनायब सिंह सैनी से आग्रह किया कि वे पंजाब के हेल्थ मॉडल से सबक लेकर हरियाणा के हेल्थकेयर सिस्टम को ठीक करें। उन्होंने पूछा कि जब न तो इलाज मिलता है और न ही मौत के बाद सम्मान, तो ऐसी सरकार का क्या ही फायदा? एक अन्य पोस्ट में क्क नेता अनुराग ढांडा ने वीडियो पोस्ट करते हुए कहा कि क्या नरेन्द्र मोदी, जेपी नड्डा, नायब सिंह सैनीजकिसी में भी थोड़ी भी नैतिकता बची है? झुनझुन जी की कहानी भारत की स्वास्थ्य व्यवस्था की असली और डरावनी तस्वीर दिखाती है। एक गरीब इंसान लाखों खर्च करके भी अपने परिवार की जान नहीं बचा पाता। शर्मनाक बात यह है कि हरियाणा सरकार इस परिवार को एक एम्बुलेंस तक देने में विफल रही। गांव सारण के निवासी झुनझुन की पत्नी अनुराधा टीबी से बीमार थी। वह उसे इलाज के लिए बीके अस्पताल लाए थे जहां उसकी मृत्यु हो गई। इसके बाद परिवार शव को घर ले जाने के लिए एम्बुलेंस मांगता रहा लेकिन मदद नहीं मिली। परिवार करीब डेढ़ घंटे तक शव के साथ अस्पताल में खड़ा रहा। आखिरकार परिवार ठेले पर शव को ले गया। घटना का वीडियो वायरल हो रहा है। एक बड़े सरकारी अस्पताल की ऐसी संवेदनहीनता ने इंतजामों पर सवाल उठाए हैं।

# कैंची धाम से दिल्ली लौट रहे बुजुर्ग दंपति की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत

**अल्मोड़ा, एजेंसी।** उत्तराखंड के अल्मोड़ा के बाड़ेछीना-सेराघाट मोटर मार्ग पर दिल्ली से घूमने आए परिवार की कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में बुजुर्ग दंपति की मौत हो गई। जबकि बेटा गंभीर रूप से घायल है। कार बेकाबू होकर खाई में लुढ़कते हुए नीचे दूसरी सड़क पर उल्टा गिरी। हादसा इतना भयावह था कि दंपति के शव वाहन के अंदर ही फंसे रह गए। पहले पुलिस और स्थानीय लोगों ने लोहे के सब्बल से वाहन के दरवाजे तोड़कर शव निकालने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। इसके बाद मौके पर जेसीबी बुलानी पड़ी। धौलछीना थाना पुलिस के अनुसार, दिल्ली के महरौली मंगलपुरी निवासी 75 वर्षीय प्रणब राय अपनी 72 वर्षीय पत्नी शुभी राय और 52 साल के बेटे सिद्धार्थ राय के साथ उत्तराखंड घूमने आए हुए थे। शनिवार सुबह कैंची धाम में दर्शन करने किए और फिर वहां से 250 किमी दूर मुनस्यारी में बर्फ देखने निकल गए। अपराह्न करीब तीन बजे बाड़ेछीना-सेराघाट रोड पर कसान बैंड के पास उनकी स्कॉर्पियो कार बेकाबू होकर खाई में गिर गई। 50 मीटर नीचे दूसरी सड़क पर कार गिरी, पर उल्टा गिरने से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। छत पिचकने से परिवार वाहन के अंदर दब गया। स्थानीय लोग राहत-बचाव कार्य को दौड़े।



एसओ सुनील सिंह बिष्ट ने बताया कि गंभीर घायल सिद्धार्थ को रेस्क्यू कर धौलछीना अस्पताल पहुंचाया गया। जेसीबी की मदद से दंपति के शव बाहर निकाले जा सके। पुलिस के अनुसार, दुर्घटना में घायल सिद्धार्थ राय पेशे से आर्किटेक्ट हैं। सिद्धार्थ की पत्नी गंभीर बीमारी से जूझ रही हैं। इस कारण वह उनके साथ नहीं आई थीं। सूचना के बाद सिद्धार्थ की पत्नी बेसुध हैं। परिजन दिल्ली से अल्मोड़ा के लिए निकल चुके हैं। हादसे में शिक्षक राकेश मेहरा ने मिसाल पेश की। वह बचाव राहत कार्य के लिए तुरंत आगे आए। राकेश ने बिना समय गंवाए गंभीर घायल सिद्धार्थ को अपने निजी वाहन से धौलछीना अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद सिद्धार्थ को हल्द्वानी रेफर किया गया है। भैंसियाछाना ब्लॉक के बाड़ेछीना-सेराघाट मोटर मार्ग पर हुआ हादसा सबकी रूह कंपा गया। हालात यह रहे कि वाहन से शव निकालने के लिए लोहे की सब्बल का इस्तेमाल करना पड़ा। जब सब्बल से दरवाजे नहीं टूटे तो जेसीबी बुलाई गई।

## बीमार मां की बेरहमी से पिटाई, गाजियाबाद में नशेड़ी बेटे की खौफनाक करतूत

**गाजियाबाद, एजेंसी।** गाजियाबाद के मधुबन बापूधाम इलाके से एक डरावनी घटना सामने आई है। एक नशेड़ी बेटे का अपनी बुजुर्ग मां को घर पर बेरहमी से पीटने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो पर संज्ञान लेते हुए पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। हालांकि लाइव हिन्दुस्तान इस वायरल वीडियो के सत्यता की पुष्टि नहीं करता है।

पुलिस अधिकारी के अनुसार, वारदात का वीडियो शनिवार को सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। इसमें साफ देखा जा सकता है कि लगभग 26 साल का एक युवक एक बुजुर्ग महिला को बुरी तरह पीट रहा है। जांच में पता चला कि यह वीडियो मधुबन बापूधाम थाना क्षेत्र के संजय नगर सेक्टर-23 स्थित जागृति विहार के एक मकान का है। पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी निशांत ठाकुर को गिरफ्तार कर लिया। पड़ोसियों ने बताया कि घर में बुजुर्ग महिला और उनका बेटा रहते हैं। पिता की कई साल पहले मौत हो गई थी। बुजुर्ग महिला की बेटी अमेरिका में नौकरी करती है जबकि भाई नशे का आदी है। आरोपी भाई निशांत ठाकुर एक हफ्ते पहले ही नशा मुक्ति केंद्र से बाहर आया



था। बेटी अपनी मां को घर के खर्च और इलाज के लिए अमेरिका से पैसे भेजती है। निशांत ठाकुर नशे का आदी है। बताया जाता है कि नशे के लिए पैसे नहीं मिलने पर उसने अपनी मां की पिटाई की। आरोपी ने बुजुर्ग का गला तक दबा दिया। वृद्धा ने अपनी बेटी को भाई की करतूत बताई थी। इसी वजह से बेटी ने घर में सीसीटीवी कैमरे लगवा दिए थे। वह अपनी मां के हालात अमेरिका से ही मोबाइल पर देखती रहती थी।

## ममता ने चुनाव आयुक्त को फिर लिखा पत्र, सूक्ष्म पर्यवेक्षकों की भूमिका पर उठाया प्रश्न

**कोलकाता, एजेंसी।** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बंगाल में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) की प्रक्रिया पर प्रश्न उठाते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को फिर पत्र लिखा है। इस बार उन्होंने सूक्ष्म पर्यवेक्षकों पर निशाना साधा है।

दिल्ली रवाना होने से एक दिन पहले लिखे गए इस पत्र में ममता ने आरोप लगाया कि बंगाल में नियमों का उल्लंघन करके सूक्ष्म पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की गई है। देश के चुनावी इतिहास में पहली बार बंगाल में एसआइआर की प्रक्रिया के लिए 8,100 सूक्ष्म पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की गई है। एसआइआर जैसे विशेष, संवेदनशील व अर्ध-न्यायिक प्रक्रिया के लिए बिना किसी प्रशिक्षण के अक्षम लोगों की नियुक्तियां की गई हैं। उनकी भूमिका, कार्य व अधिकारों का ठीक तरीके से उल्लेख भी नहीं किया गया है। ममता ने आगे कहा-%हमारे पास सूचना है कि कुछ पर्यवेक्षक बंगाल के मुख्य चुनाव अधिकारी के कार्यालय से काम कर रहे हैं।



उन्होंने बिना किसी कानूनी प्राधिकार के चुनाव आयोग के पोर्टल को अपने नियंत्रण में ले लिया है। परेशान करने वाली बात यह भी है कि एसआइआर की प्रक्रिया को भिन्न राज्यों में भिन्न तरीके से क्रियान्वित किया जा रहा है जबकि सभी जगह इसमें एकरूपता होनी चाहिए थी। बंगाल में इसे लेकर बिल्कुल अलग नियम-कानून अपनाए जा रहे हैं। यह हमारे लोकतांत्रिक मूल्यों, संघीय ढांचे और मौलिक अधिकारों के पूरी तरह विरुद्ध है। लोगों के अधिकारों व गरिमा की रक्षा की जानी चाहिए।ममता ने दावा किया कि बंगाल में एसआइआर जनित कारणों से अब तक 140 लोगों की मौत हो चुकी है।

## जयपुर में मौत का धमाका: ऑक्सीजन रिफिलिंग के दौरान सिलेंडर फटा, एक व्यक्ति के उड़े चीथड़े

**जयपुर, एजेंसी।**

राजस्थान के जयपुर में एक बड़ा हादसा हो गया। यहां जयपुर के विश्वकर्मा औद्योगिक क्षेत्र स्थित रोड नंबर 17 की करणी विहार कॉलोनी में शनिवार रात करीब 7÷45 बजे एक ऑक्सीजन रिफिलिंग फैक्ट्री में जबरदस्त धमाका हुआ। यह विस्फोट उस समय हुआ जब फैक्ट्री में ऑक्सीजन सिलेंडर भरे जा रहे थे। धमाका इतना शक्तिशाली था कि फैक्ट्री का टिनशेड उड़ गया और एक दीवार पूरी तरह ढह गई। विस्फोट की आवाज कई किलोमीटर दूर तक सुनाई दी, जिससे आस-पास की रिहायशी कॉलोनियों में भूकंप जैसा अहसास हुआ और लोग घरों से बाहर निकल आए।

मृतकः मुन्ना राय (झारखंड निवासी), जो फैक्ट्री में कार्यरत थे। धमाके की चपेट में आने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई?

विनोद गुप्ता (45 वर्ष)÷ फैक्ट्री मैनेजर, जो गंभीर रूप से घायल हैं। शिबू उर्फ अनुवा÷ झारखंड निवासी कर्मचारी, जिनका इलाज अस्पताल में चल रहा है घटना की सूचना मिलते ही विश्वकर्मा थाना पुलिस और फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। स्थानीय निवासियों की मदद से घायलों को तुरंत पास





के अस्पताल (खेतान हॉस्पिटल एवं अन्य) पहुंचाया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर विस्फोट के सही कारणों की जांच शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों ने रिहायशी इलाके के पास ऐसी फैक्ट्रियों के संचालन पर सुरक्षा सवाल उठाए हैं।

## 11.30 बजे अदालत में चार्जशीट, शाम पांच बजे आ गया फैसला

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान में चोरी के एक मामले में चार्जशीट पेश होने के महज कुछ घंटे बाद ही न्यायिक मजिस्ट्रेट डा. अजय कुमार विश्नोई ने फैसला सुना दिया। जज ने चोरी के तीन आरोपितों को तीन-तीन साल के कठोर कारावास की सजा सुनाने के साथ ही 20-20 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। राजस्थान में यह पहला मामला है जब चालान पेश होने के दिन ही मामले में गवाही हो गई, दस्तावेजों का प्रदर्शन होने के साथ ही बहस पूरी हो गई। इसके बाद न्यायिक मजिस्ट्रेट ने फैसला भी सुना दिया। इस दौरान न्यायिक मजिस्ट्रेट ने ना तो दोपहर में भोजन किया और ना ही न्यायालय छोड़कर अपने कक्ष में गए। न्यायालय में अभियोजन अधिकारी पंकज यादव ने बताया कि न्यायालय में रिकार्ड समय में सात गवाहों के बयान दर्ज करने के साथ ही 50 अहम दस्तावेजों का अध्ययन किया गया।

## सनकी महिला का तांडव, प्रेमी की पत्नी और 6 माह के मासूम को पेट्रोल डालकर जिंदा जलाया

***हैदराबाद, एजेंसी।*** *तेलंगाना के नल्गोंडा जिले के एक गांव में शनिवार को दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई। कथित प्रेम प्रसंग से नाराज एक महिला ने युवक की पत्नी और उसके छह माह के बेटे पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। इस घटना में 28 वर्षीय महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से झुलसा मासूम इलाज के दौरान दम तोड़ बैठा। पुलिस के अनुसार, आरोपित महिला का मृतका के पति से कथित संबंध था। युवक की शादी के बाद उपेक्षा किए जाने से नाराज होकर वह शनिवार दोपहर उसके घर पहुंची और उसके पत्नी को निशाना बनाया। घटना के समय महिला की गोद में उसका छह माह का बेटा भी था, जो आग की चपेट में आ गया। पुलिस ने बताया कि आरोपित महिला वारदात के वक्त पेट्रोल, चाकू और मिर्च पाउडर साथ लेकर आई थी। उस समय युवक घर पर मौजूद नहीं था। मामले के सभी पहलुओं की जांच की जा रही है, जिसमें यह भी देखा जा रहा है कि युवक की कोई भूमिका तो नहीं थी। पुलिस के मुताबिक, आरोपित महिला के पति की मौत हो चुकी है। घटना के बाद से वह फरार है और उसकी तलाश जारी है।*

# ग्रेटर नोएडा में बिजली घर की क्षमता बढ़ाने की तैयारी

**ग्रेटर नोएडा, एजेंसी।**
ग्रेटर नोएडा वेस्ट इलाके में बिजली आपूर्ति और बेहतर हो जाएगी। क्षेत्र के इटेड़ा स्थित 33 केवी बिजली घर की क्षमता बढ़ाने का काम किया जाएगा। इसके लिए 10 एमवीए क्षमता का एक और ट्रांसफार्मर जल्द लगाया जाएगा। जलपुरा के बिजली घर से लाइन जोड़ने का काम पूरा हो गया है।

इससे दर्जन भर से अधिक सोसाइटी व गांव के लोगों को फायदा मिलेगा। गर्मी के मौसम में ओवर लोडिंग की वजह से ट्रिपिंग की समस्या दूर हो जाएगी। शुक्रवार को ग्रेटर नोएडा के एसीईओ सुनील कुमार और एसीईओ प्रेरणा सिंह ने बिजली घर का जायजा लिया। दो सप्ताह में इसे ऊर्जीकृत यानी चालू करने के निर्देश दिए हैं। अधिकारी के मुताबिक इटेड़ा बिजली घर को जलपुरा स्थित 220 केव क्षमता के बिजली घर से जोड़ा जाएगा। जलपुरा से इटेड़ा बिजलीघर तक लाइन डालने का काम लगभग पूरा हो गया है। इस कार्य पर लगभग 8 करोड रुपये खर्च हुए हैं। बिजली घर की 10 एमवीए क्षमता बढ़ने से ग्रेटर नोएडा वेस्ट के निवासियों के लिए बिजली आपूर्ति और बेहतर हो जाएगी। बता दें कि शहर की आबादी बढ़ने से बिजली की मांग में रिकॉर्ड वृद्धि हुई है। इसके लिए मौजूदा नेटवर्क की क्षमता बढ़ाने के साथ नए बिजली घर बनाने की योजना पर भी काम चल रहा है। बादलपुर में भी बिजली घर का निर्माण किया जाएगा। एसीईओ ने ग्रेटर नोएडा वेस्ट के सेक्टर ईकोटेक- तीन स्थित



20 एमएलडी क्षमता के सीवरेज शोधित संयंत्र (एसटीपी) में चल रहे रखरखाव और संचालन के कार्यों का भी जायजा लिया। शोधित जल के पैरामीटर बीओडी, सीओडी, टीएसएस, टीएन और पीएच फैक्टर आदि पैरामीटर की रिपोर्ट को भी जांचा। अधिकारी के मुताबिक सभी पैरामीटर मानकों के अनुरूप मिले। एसीईओ ने शोधित जल के अधिकतम उपयोग के लिए योजना तैयार करने के निर्देश दिए। बता दें कि इस एसटीपी से औद्योगिक सेक्टर ईकोटेक-3, हबीबपुर, सुत्याना, जलपुरा, हल्दौनी व कुलेसरा गांव जुड़े हुए हैं। इन जगहों से निकलने वाले सीवरेज को शोधित किया जाता है। निरीक्षण के दौरान प्रबंधक संध्या सिंह और सहायक प्रबंधक रियाजुद्दीन व कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि मौजूद रहे। ग्रेटर नोएडा वेस्ट के औद्योगिक सेक्टरों में निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए इकोटेक-16 में 220 केवी क्षमता का बिजली घर बनाया जाएगा।तकनीकी व डिजाइन के लिए उत्तर प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कार्पोरेशन लिमिटेड (यूपीपीटीसीएल) को रिपोर्ट भेज दी गई है।

## ग्रेटर असम से घुसपैठियों को देना चाहती है पहचान, हिमंता बिस्वा सरमा का कांग्रेस पर हमला

**गोवाहाटी, एजेंसी।** कांग्रेस के नारे नतुन बोर असम पर मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने सीधा प्रहार करते हुए सवाल उठाया है कि क्या कांग्रेस अपने नए ग्रेटर असम में अवैध बांग्लादेशी घुसपैठियों को भी असमिया समाज का हिस्सा बनाना चाहती है। उन्होंने इसे खतरनाक नारा बताते हुए कांग्रेस से सार्वजनिक स्पष्टीकरण मांगा। ताई-आहोम समुदाय के पर्व मी-डैम-मी-फी के मौके पर सरमा ने कहा कि असम का %बोर असम% कोई नया विचार नहीं, इसकी नींव 600 साल पहले स्वर्गदेव चाउ लुंग सिउ-का-फा ने रखी थी। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस मिया वोट बैंक के लिए बंगाली-भाषी मुस्लिम घुसपैठियों को असमिया पहचान में शामिल करने की कोशिश कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा न होती तो कांग्रेस अपना ग्रेटर असम मियाओं को सौंप देती। उन्होंने सत्रों की जमीन पर कब्जे, भूमि अतिक्रमण और %लव जिहाद% जैसे मामलों का भी जिक्र करते हुए कहा कि यह असमिया समाज के अस्तित्व की लड़ाई है। इसी दौरान हिमंता सरमा ने सामाजिक कार्यकर्ता हर्ष मंदर को भी चेतावनी दी। कथित हेट स्पीच मामले में दर्ज शिकायत पर पलटवार करते हुए उन्होंने कहा कि एक केस के बदले वे मंदर पर कम से कम 100 मुकदमे करेंगे और एनआरसी प्रक्रिया को बिगाड़ने का आरोप भी दोहराया।

# कहां गायब हुआ रवि काना, 12 जिलों में पुलिस तलाश रही ठिकाना

**नोएडा, एजेंसी।**
बांदा जेल से निकलकर गायब हुए स्क्रैप माफिया रवि काना की तलाश में पुलिस की पांच टीमें यूपी के 12 जिलों में दबिश दे रही हैं। माफिया के पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कहीं छिपे होने या नेपाल के रास्ते विदेश भागने की आशंका जताई जा रही। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, गौतमबुद्ध नगर की अदालत से बी-वारंट जारी होने के बावजूद स्क्रैप माफिया रवि काना को गुरुवार को बांदा जेल से रिहा कर दिया गया था। इस पर अदालत ने शुक्रवार को गहरी नाराजगी जताते हुए जिला कारागार बांदा के जेल अधीक्षक से स्पष्टीकरण तलब किया था। मामला नोएडा के सेक्टर-63 थाने में इसी वर्ष आरोपी रविन्द्र सिंह उर्फ रवि नागर उर्फ रवि काना के खिलाफ उगाही के मामले में दर्ज केस से जुड़ा है। जेल से बाहर आने के बाद रवि काना कहां गया, इसकी किसी को भनक तक नहीं है। न्यायालय ने उसके खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया हुआ है। रवि काना के करीबियों और गिरोह के पुराने सदस्यों पर भी पुलिस की नजर है। पुलिस अधिकारी उसे जल्द गिरफ्तार कर लेने का दावा कर रहे।

पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्ध नगर रवि काना की पिछले दो वर्षों में 92.65 करोड़ रुपये की चल-अचल संपत्ति जब्त और कुर्क कर चुकी है। पुलिस के अनुसार रवि काना एक संगठित अपराधी गिरोह का सरगना है, जिसका गैंग नंबर डी-190 है। इस गैंग में कुल 18 सदस्य हैं। रवि काना और उसके गैंग के खिलाफ गौतमबुद्ध नगर समेत एनसीआर के कई जिलों में गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस जांच में सामने आया है कि यह गिरोह अवैध तरीके से स्क्रैप और सरिया के कारोबार से जुड़ा था। गैंग के सदस्य स्क्रैप और सरिया कारोबारियों को डराने-धमकाने, चोरी और लूट जैसी वारदातों को अंजाम देते थे। इन अपराधों के जरिए अवैध रूप से भारी मात्रा में संपत्ति अर्जित की गई, जिसे रवि काना, उसके परिवार के सदस्यों और सहयोगियों के नाम पर बेनामी रूप से दर्ज कराया गया। रवि काना और उसके परिजनों के नाम पर मैसर्स प्राइम प्रेसिंग टूल्स प्राइवेट लिमिटेड, न्यू कृष्णा स्टील, एस्कोन एक्सपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड, हनुमत मैटल प्राइवेट लिमिटेड, अकीरा स्टेट्स प्राइवेट लिमिटेड और जेएसआर रोड लाइन्स जैसी कंपनियां दर्ज हैं। कुर्क की गई संपत्तियों में दर्जनों व्यावसायिक वाहन, बैंक खातों में जमा रकम, औद्योगिक भूखंड और जमीन शामिल हैं। बुलंदशहर के सिकंदराबाद में स्थित करीब 18 हजार वर्गमीटर जमीन, ग्रेटर नोएडा के सूरजपुर स्थित इंडस्ट्रियल एरिया के प्लॉट, कई ट्रक और अन्य वाहन पुलिस ने जब्त किए। रवि काना के खिलाफ अलग-अलग थानों में हत्या, लूट, धोखाधड़ी, गैंगस्टर एक्ट, रंगदारी और अन्य गंभीर धाराओं में कुल 29 मुकदमे दर्ज हैं, जबकि उसके गैंग के 18 सदस्यों पर 131 मुकदमे पंजीकृत हैं। बीएनएसएस के तहत कोर्ट के द्वारा दिया गया कोई भी वारंट तब तक प्रभावी रहता है।





## इंदौर में कव्वाल के 13 वर्षीय बेटे की निर्मम हत्या

**इंदौर, एजेंसी।** मध्य प्रदेश के इंदौर के एमआइजी थाना क्षेत्र के श्रीनगर (कांकड़) में आठवीं कक्षा में पढ़ने वाले 13 वर्षीय बच्चे की निर्ममता पूर्वक हत्या कर दी गई। आरोपित मांझा दिलाने के बहाने उसे छत पर ले गया और गंदी हरकत करने लगा। विरोध करने पर पहले बच्चे का ईंट से हमला किया फिर रस्सी से गला घोंट दिया। इसके बाद शव को कंबल में लपेटकर पलंग पेटी में छुपा दिया और ऊपर से वृद्ध दादी को सुला दिया। बता दें कि बच्चा परिवार का इकलौता बेटा था, उसकी दो बहनें हैं। पिता कव्वाल हैं और वे विदेश में प्रोग्राम करते हैं। पुलिस के मुताबिक घटना शुक्रवार रात की है। ट्यूशन से लौटते समय बच्चा घर से 40 मीटर दूर स्थित श्रीदेवी अपार्टमेंट (श्रीनगर मेन) में दोस्त अयान से मिलने के लिए रुक गया था।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

## दुनिया में गहरा रहा जल संकट, आई डरावनी चेतावनी

दुनिया में बढ़ता जल संकट चिंता का विषय बना हुआ है। अगला विश्व युद्ध पानी के लिए लड़े जाने की भविष्यवाणियां तक की जा चुकी हैं। संयुक्त राष्ट्र विश्वविद्यालय के जल, पर्यावरण और स्वास्थ्य संस्थान के शोधकर्ताओं की हाल में आई एक रपट इन चिंताओं को और गंभीर रूप दे रही है। इसमें कहा गया है कि पिछले कई दशकों के दौरान जल के अत्यधिक दोहन, सिमटते भूजल स्रोतों, भूमि क्षरण, बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन से उपजी बाधाओं की वजह से दुनिया अब जल संकट की अवस्था से आगे बढ़कर 'वैश्विक जल दिवालियापन' की स्थिति में कदम रख चुकी है।जब कोई इंसान दिवालिया होता है, तो उसके पास पैसा नहीं बचता, घर तक गिरवी हो जाता है और विश्वसनीयता खत्म हो जाती है। बड़ा सवाल यह है कि अगर दुनिया पानी के लिहाज से दिवालिया हो गई, तो क्या होगा? रपट में शोधकर्ताओं ने जो कुछ कहा है, उसका मतलब यह नहीं कि दुनिया से पानी अचानक खत्म हो जाएगा, बल्कि जिस ढंग से जल का अंधाधुंध दोहन और प्रदूषण बढ़ रहा है, उससे जल व्यवस्था की रीढ़ टूटनी शुरू हो गई है। समूचे विश्व में बहुत पहले से जल संकट की चर्चा होती रही है, मगर इसे एक ऐसे झटके की तरह देखा जाता रहा है, जिससे समय के साथ उबरा जा सकता है। अगर जल संकट के बारे में चेतावनी दी जाती रही है, तो यह भरोसा भी दिलाया जाता रहा है कि फिर से अच्छी बरसात होगी, जल का स्तर सुधर जाएगा और हालात पुन- सामान्य हो जाएंगे।मगर नई रपट ने इस भरोसे पर सवालिया निशान लगा दिया है। रपट में साफ कहा गया है कि विश्व की जल आपूर्ति प्रणाली कई जगहों पर पतन के दौर में पहुंच चुकी है। अनेक क्षेत्रों में पानी की कमी अब स्थायी स्वरूप लेती जा रही है। यह स्थिति केवल पानी की कमी की नहीं, बल्कि व्यवस्था के टूटने की ओर संकेत करती है। ऐसे में अब हमें पानी के बारे में अपने सोचने का ढंग बदलना होगा।अब तक जल संकट को एक अस्थायी समस्या माना जाता रहा है। अकाल पड़े, परेशानियां आईं, मगर कुछ साल बाद हालात सुधर गए। किसी साल वर्षा कम हुई, लेकिन अगले मानसून में भरपाई हो गई। जब ऐसा चल रहा था, तो नीतियों का निर्धारण भी इसी अनुरूप होता रहा। कभी जल की बूंद-बूंद को सहेजने वाले समाज ने भी लापरवाही बरतना शुरू कर दिया। कई जगहों पर जलस्रोत इतने कमजोर हो चुके हैं कि उन्हें पहले जैसी स्थिति में लौटने में दशकों लग सकते हैं और कई मामलों में शायद लौटना संभव ही न हो पाए। हम दिवालियापन को व्यक्ति के आर्थिक रूप से कंगाल होने के संदर्भ में ही समझते आए हैं। जब कोई व्यक्ति आर्थिक रूप से दिवालिया होता है, तो इसका मतलब यह नहीं होता कि दुनिया से पैसा खत्म हो गया है। पैसा रहता है लेकिन उस व्यक्ति की आमदनी, खर्च और कर्ज के बीच का संतुलन बिगड़ जाता है। इसी तरह दुनिया में पानी मौजूद है, लेकिन उसकी उपलब्धता, उसके उपयोग और उसके पुनर्भरण के बीच संतुलन तेजी से टूट रहा है। हम भू-गर्भ से जितना पानी निकाल रहे हैं, उतना पुनर्भरण नहीं कर रहे हैं। यानी जल खाता खाली हो रहा है।संयुक्त राष्ट्र के शोधकर्ताओं ने रपट में जो कुछ कहा है, उसके अनुसार इस असंतुलन की जड़ें दशकों पुरानी हैं। भूजल के अंधाधुंध दोहन, नदियों को गंदे नालों में बदल दिए जाने, वनों की कटाई, मिट्टी के क्षरण और जलवायु परिवर्तन ने मिलकर पानी की प्राकृतिक व्यवस्था को कमजोर कर दिया है। जब पानी प्रदूषित हो जाता है, तो वह मौजूद होते हुए भी उपयोग के लायक नहीं रहता। जब भूजल जरूरत से ज्यादा निकाला जाता है, तो वह वापस भरने से पहले ही खत्म हो जाता है। धीरे-धीरे यह स्थिति एक ऐसी सीमा पर पहुंच जाती है, जहां से लौटना बेहद मुश्किल हो जाता है। यह बात भी सच है कि इस संकट का असर सब पर बराबर नहीं पड़ता। जिस प्रकार आर्थिक दिवालियापन में सबसे पहले गरीब तबके टूटते हैं, वैसे ही जल संकट और जल दिवालियापन का सबसे बड़ा बोझ भी कमजोर वर्गों पर पड़ना स्वाभाविक है। छोटे किसानों, आदिवासियों, शहरी गरीब बस्तियों, महिलाओं और युवाओं के जीवन पर सबसे पहले इसका प्रभाव पड़ता है। इसके विपरीत जिन संपन्न एवं शक्तिशाली वर्गों ने सबसे ज्यादा पानी का दोहन किया होता है, उसके लाभ तो अक्सर उन्हीं तक सीमित रहते हैं, लेकिन इसके दुष्परिणाम दूसरों को भुगतने पड़ते हैं। भारत के संदर्भ में देखें, तो संयुक्त राष्ट्र की चेतावनी और भी गहरी चिंता पैदा करने वाली है। दुनिया की आबादी का एक बड़ा हिस्सा हमारे देश में है, पर उसके हिस्से में उपलब्ध मीठा पानी सीमित है। इसके बावजूद भारत दुनिया के उन देशों में शामिल है।

*जहां शब्दों की गरिमा थी और तथ्य पवित्र माने जाते थे। वे हमें यह सिखाकर गए कि पत्रकारिता सूचना का व्यापार नहीं, बल्कि मानवता की सेवा है। भारत की मिट्टी में जन्मा, विदेशी धरती पर शिक्षित और अंततः भारत की ही गोद में समा जाने वाला यह व्यक्तित्व सदैव स्मृतियों में जीवित रहेगा। वे ऐसे विदेशी साक्षी थे, जिन्होंने भारत को केवल दुनिया की नजरों में ही नहीं, बल्कि भारतीयों की अपनी नजरों में भी नई गरिमा दी।*

# भरोसे एवं भारत की आवाज थे विरल पत्रकार मार्क टुली

**(ललित गर्ग)**

मार्क टुली एक विदेशी पत्रकार भर नहीं थे, वे भारत की आत्मा के स्थायी प्रवासी थे, जिनमें भारतीयता रची-बसी थी। उनका भारत से रिश्ता किसी वीजा, नियुक्ति या करियर-रणनीति का परिणाम नहीं था, बल्कि वह रक्त और मिट्टी का संबंध था। 24 अक्टूबर 1935 को कोलकाता के टॉलीगंज में जन्मे टुली ने ब्रिटिश राज के अंतिम दौर का भारत देखा, जिया और महसूस किया। भारत की समकालीन इतिहास-यात्रा में कुछ व्यक्तित्व ऐसे होते हैं जो केवल घटनाओं का वृत्तांत नहीं लिखते, बल्कि समय की चेतना में घुल-मिलकर स्वयं इतिहास का हिस्सा बन जाते हैं। सर विलियम मार्क टुली, जिन्हें दुनिया भर में स्नेह और सम्मान से 'मार्क टुली' कहा गया, ऐसे ही विरल पत्रकार थे। उनका निधन केवल एक वरिष्ठ पत्रकार का जाना नहीं है, बल्कि उस पत्रकारिता-दृष्टि का अवसान है, जिसमें सत्य सनसनी से ऊपर और संवेदना आंकड़ों से अधिक महत्त्वपूर्ण होती थी। बीबीसी रेडियो की वह गूंजती हुई पंक्ति-'दिस इज मार्क टुली रिपोर्टिंग फ्रॉम दिल्ली', दशकों तक भारतीय उपमहाद्वीप में भरोसे, प्रामाणिकता और संतुलन का पर्याय बनी रही। मार्क टुली एक विदेशी पत्रकार भर नहीं थे, वे भारत की आत्मा के स्थायी प्रवासी थे, जिनमें भारतीयता रची-बसी थी। उनका भारत से रिश्ता किसी वीजा, नियुक्ति या करियर-रणनीति का परिणाम नहीं था, बल्कि वह रक्त और मिट्टी का संबंध था। 24 अक्टूबर 1935 को कोलकाता के टॉलीगंज में जन्मे टुली ने ब्रिटिश राज के अंतिम दौर का भारत देखा, जिया और महसूस किया। एक समृद्ध ब्रिटिश परिवार में जन्म लेने के बावजूद दार्जिलिंग के बोर्डिंग स्कूलों और भारतीय जनजीवन की विविध छवियों ने उनके भीतर एक ऐसी आत्मीयता एवं संस्कार बो दिया, जो जीवन भर पुष्पित-पल्लवित होती रही। नौ वर्ष की आयु में जब वे इंग्लैंड गए, तब भी भारत उनके भीतर जीवित रहा-स्मृतियों में, संवेदनाओं में और दृष्टि में। कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय में धर्मशास्त्र का अध्ययन करते समय उन्होंने पादरी बनने का विचार किया था। यह तथ्य अपने-आप में बहुत कुछ कहता है, क्योंकि सत्य की खोज, नैतिक विवेक और मानवीय करुणा उनके व्यक्तित्व की मूल धुरी थीं। किंतु नियति ने उन्हें चर्च की सीमित दीवारों से बाहर निकालकर एक ऐसे मंच पर खड़ा कर दिया, जहां वे पूरी मानवता से संवाद कर सकते थे। पत्रकारिता उनके लिए पेशा नहीं, बल्कि एक नैतिक दायित्व थी। जब वे बीबीसी के संवाददाता के रूप में भारत लौटे, तो उन्होंने इसे एक असाइनमेंट नहीं बल्कि अपने घर लौटने जैसा अनुभव किया। मार्क टुली की पत्रकारिता की सबसे बड़ी विशेषता यह थी कि वे भारत को पश्चिमी चश्मे से नहीं देखते थे। वे सत्ता के गलियारों से अधिक गांव की चौपाल, मंदिर-मस्जिद के आंगन, खेतों की मेड़ और आम आदमी की चिंता को महत्त्व देते थे। आपातकाल हो या इंदिरा गांधी की राजनीति, सिख विरोधी दंगे हों या बाबरी मस्जिद विध्वंस, पंजाब का उग्रवाद हो या कश्मीर की पीड़ा-मार्क टुली ने हर विषय को संतुलन, गहराई और मानवीय संवेदना के साथ दुनिया के सामने रखा। वे घटनाओं के पीछे छिपी सामाजिक और सांस्कृतिक परतों को समझने की कोशिश करते थे, इसीलिए उनकी रिपोर्टिंग तत्कालीन शोर-शराबे से ऊपर उठकर स्थायी संदर्भ बन गई। आज के आपाधापी और टीआरपी-केंद्रित इलेक्ट्रॉनिक मीडिया दौर में, जहाँ खबर से ज्यादा शोर और तथ्य से ज्यादा त्वरित प्रतिक्रिया को महत्व दिया जाता है, मार्क टली की पत्रकारिता एक उजली कसौटी बनकर सामने आती है। टीवी स्टूडियो की तीखी बहसों, चीखती हेडलाइनों और सतही विश्लेषण के उलट, मार्क टली ने यह सिद्ध किया कि शांत, संयमित और तथ्यपरक संवाद भी उतना ही प्रभावशाली होता है बल्कि अधिक विश्वसनीय होता है। उनकी पत्रकारिता दिल्ली के सत्ता-केंद्र तक सीमित नहीं थी, बल्कि वह भारत की आत्मा-गाँव, कस्बे, आम जन और उनकी पीड़ा से जुड़ी हुई थी। आज जब इलेक्ट्रॉनिक मीडिया अक्सर सत्ता, बाज़ार और सनसनी के दबाव में अपनी विश्वसनीयता खोता दिख रहा है, तब मार्क टली की शैली यह सिखाती है कि पत्रकारिता का असली धर्म प्रश्न पूछना, सच को धैर्य से समझना और उसे बिना शोर के, पूरे संदर्भ के साथ प्रस्तुत करना है। उनका जीवन आज के टीवी मीडिया के लिए एक मौन लेकिन सशक्त संदेश है कि भरोसे की आवाज़ ऊँची नहीं, सच्ची होती है। मार्क टुली की सबसे बड़ी देन यह थी कि उन्होंने भारत की विविधता को उसकी कमजोरी नहीं बल्कि उसकी सबसे बड़ी शक्ति के रूप में प्रस्तुत किया। वे मानते थे कि भारत किसी एक विचार, एक भाषा या एक संस्कृति से नहीं बनता, बल्कि यहां की बहुलता ही इसकी आत्मा है। हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई-ग्रामीण-शहरी, गरीब-अमीर, इन सबके बीच बहता हुआ संवाद ही भारत की असली पहचान है। जब दुनिया के कई हिस्से भारत को केवल गरीबी, अव्यवस्था या अराजकता के चश्मे से देखते थे, तब मार्क टुली ने भारत की सहिष्णुता, आध्यात्मिकता और जीवटता को रेखांकित किया। उन्होंने यह दिखाया कि यह देश विरोधाभासों के बावजूद नहीं, बल्कि उन्हीं के साथ जीना जानता है। मार्क टुली की आवाज रेडियो के माध्यम से करोड़ों लोगों के घरों तक पहुंचती थी। वह दौर ऐसा था, जब समाचार सुनने के लिए लोग घड़ी देखकर रेडियो ऑन करते थे। उनकी रिपोर्टिंग में नाटकीयता नहीं, बल्कि सजीवता-ठहराव था। वे कहते थे कि भारत को समझने के लिए अपनी घड़ी उतारकर रखनी पड़ती है। यह कथन केवल समय-संस्कृति की बात नहीं करता, बल्कि उस धैर्य और विनम्रता की ओर संकेत करता है, जिसके बिना भारत जैसे देश को समझा नहीं जा सकता। यही धैर्य उनकी पत्रकारिता में झलकता था। एक विदेशी होकर भी उन्होंने भारतीयता पर गर्व करना सिखाया, वह भी उस समय, जब हम स्वयं अपनी जड़ों को लेकर संशय में थे। उनकी पुस्तकों और कार्यक्रमों में भारत केवल खबर नहीं, बल्कि एक जीवंत सभ्यता के रूप में उपस्थित रहता है। 'नो फुल स्टॉप्स इन इंडिया' जैसी कृतियां भारत की निरंतर चलती कहानी को सामने लाती हैं, जहां कोई अंतिम विराम नहीं, केवल प्रवाह है। उन्होंने भारतीय लोकतंत्र की अव्यवस्थाओं की आलोचना भी की, लेकिन वह आलोचना स्नेह और चिंता से भरी होती थी, उपेक्षा या उपहास से नहीं। ब्रिटिश सरकार द्वारा नाइटहुड और भारत सरकार द्वारा पद्म भूषण से सम्मानित किया जाना उनके योगदान की औपचारिक स्वीकृति है, लेकिन उनकी असली विरासत वह विश्वास है, जो भारतीय जनता ने उन पर किया। लोग उनकी बात इसलिए मानते थे, क्योंकि उन्हें लगता था कि यह व्यक्ति भारत को समझता है, उसे चाहता है और उसके साथ ईमानदार है। आज के दौर में, जब पत्रकारिता तेजी से बदल रही है, प्रतिस्पर्धा की अंधी दौड में, नई तकनीक के दबाव में हांफ रही है।

# एक भारत, एक कानून की नीतिगत कसौटी के सियासी निहितार्थ

**(कमलेश पांडे)**

यह ठीक है कि इस राह में कई संरचनात्मक बाधाएं हैं, लेकिन राष्ट्र के दूरगामी भविष्य के लिए इन कपोलकल्पित बाधाओं, वैधानिक जटिलताओं से निबटना भी तो सकारात्मक और आशावादी नेतृत्व की पहचान होती है। खासकर मोदी हैं तो मुमकिन है, वाली सोच यहां भी चरितार्थ की जा सकती है। विभिन्न तरह के पारस्परिक विरोधाभासों से जूझ रहे भारतीय गणतंत्र के लिए एक भारत, एक कानून की अवधारणा बदलते वक्त की मांग है। इसलिए इसको सरजमीं पर उतरना बेहद जरूरी है। सवाल है कि जब एक मतदाता, एक वोट का विधान सफल हो सकता है तो फिर एक भारत, एक कानून का विधान क्यों नहीं? इस बात में कोई दो राय नहीं कि ऐसी सकारात्मक कोशिशें अंततोगत्वा समतामूलक समाज की दिशा में निर्णायक साबित हो सकते हैं। लिहाजा यदि भारतीय संविधान के संघीय ढांचे और अन्यान्य विविधताओं को बनाए रखने वाले नानाविध प्रावधानों से एक देश, एक कानून की पावन और समदर्शी सोच टकराती है तो ऐसे किसी भी टकराव को नजरअंदाज कीजिए और एक समान नागरिक संहिता (यूसीसी) या एकसमान कानूनी व्यवस्था की दिशा में एक यथार्थपरक व्यवहारिक कदम उठाइए। इससे दलित, आदिवासी, ओबीसी, अल्पसंख्यक, सवर्ण जैसे निरर्थक भेद भी मिटेंगे और राष्ट्र को अप्रत्याशित मजबूती मिलेगी। यह ठीक है कि इस राह में कई संरचनात्मक बाधाएं हैं, लेकिन राष्ट्र के दूरगामी भविष्य के लिए इन कपोलकल्पित बाधाओं, वैधानिक जटिलताओं से निबटना भी तो सकारात्मक और आशावादी नेतृत्व की पहचान होती है। खासकर मोदी हैं तो मुमकिन है, वाली सोच यहां भी चरितार्थ की जा सकती है। योगी हैं तो यकीन भी किया जा सकता है। शाह हैं तो चिल्लपों भी नहीं मचेगा, ऐसा जनविश्वास है। जहां तक संघीय ढांचे की चुनौतियों की बात है तो भारतीय संविधान की सातवीं अनुसूची में विधायी शक्तियों का त्रिपक्षीय विभाजन (केंद्र, राज्य, समवर्ती) एक देश, एक कानून की राह का एक बड़ा रोड़ा समझा जाता है। उदाहरणतया पुलिस, सार्वजनिक व्यवस्था और भूमि जैसे विषय राज्य सूची में हैं, जिनमें केंद्र का सीधा हस्तक्षेप संभव नहीं होगा बिना संशोधन के। क्योंकि संविधान का अनुच्छेद 246 इस विभाजन को मजबूत बनाता है, जो एकसमान कानून लागू करने में राज्यों की सहमति या संविधान संशोधन की मांग करता है। वहीं, मौलिक अधिकारों का टकराव भी संभाव्य है, क्योंकि संविधान के अनुच्छेद 25-28 धार्मिक स्वतंत्रता की गारंटी देते हैं, जो व्यक्तिगत कानूनों (पर्सनल लॉ) को संरक्षण प्रदान करते हैं। वहीं, यूनिफॉर्म सिविल कोड को अनुच्छेद 44 के नीति-निर्देशक तत्व के रूप में रखा गया है, लेकिन यह बाध्यकारी नहीं है और मौलिक अधिकारों से टकरा सकता है। यही वजह है कि सर्वोच्च न्यायालय ने इसे लागू करने पर जोर दिया है (जैसे शाह बानो मामले में), लेकिन संघीय विविधता और अल्पसंख्यक अधिकारों के नाम पर राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमी इस राह की सबसे बड़ी बाधा बनी हुई है। वहीं, व्यावहारिक और न्यायिक अड़चनों की बात भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि एकीकृत न्यायपालिका (अनुच्छेद 214) होने के बावजूद, राज्यों में उच्च न्यायालयों की स्वायत्तता और लंबित मामलों (5 करोड़ से अधिक) की भारी संख्या एकसमान कानून के कार्यान्वयन को जटिल बनाती है।

### सुडोकू पहेली क्रमांक- 3892

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 3 | | | | 7 | | | 1 |
| 1 | 8 | | 5 | 3 | | 4 | | |
| | 4 | 6 | | | | | | |
| | 5 | | | | 8 | | | 2 |
| | 6 | | | 2 | | | 9 | |
| 9 | | | 3 | | | | | |
| | | | | | | 8 | 2 | |
| | | 3 | | 5 | 9 | | 4 | 7 |
| 5 | | | 7 | | | | 3 | 9 |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 3891

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 4 | 7 | 1 | 9 | 3 | 2 | 8 | 5 |
| 9 | 5 | 2 | 6 | 8 | 7 | 1 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 8 | 2 | 4 | 5 | 9 | 6 | 7 |
| 4 | 3 | 6 | 5 | 2 | 9 | 7 | 1 | 8 |
| 5 | 8 | 9 | 7 | 1 | 6 | 3 | 2 | 4 |
| 2 | 7 | 1 | 4 | 3 | 8 | 5 | 9 | 6 |
| 8 | 2 | 5 | 3 | 6 | 1 | 4 | 7 | 9 |
| 7 | 9 | 4 | 8 | 5 | 2 | 6 | 3 | 1 |
| 1 | 6 | 3 | 9 | 7 | 4 | 8 | 5 | 2 |

## आज का राशिफल

### मेष
सहकर्मियों के सहयोग से आज आप एक परियोजना को पूरा करने में सफल रहेंगे। किसी महान व्यक्ति के हस्तक्षेप से पारिवारिक विवाद का समाधान हो जाएगा। परिस्थितियों का आकलन करें और फिर दिल और दिमाग की बात सुनकर फैसला लें। आर्थिक मामलों में भाग्य आपका साथ देगा। किसी वरिष्ठ व्यक्ति का वरदहस्त आपको प्राप्त होगा।

### वृष
आज आपको त्रिकोणीय व्यापारिक साझेदारी व संबंधों से लाभ होगा, लेकिन निजी संबंधों के मामले में त्रिकोणीय रिश्ते आपके जीवन में समस्याएं उत्पन्न कर सकते हैं। आप जीवन में तीन भूमिकाएं निभाएंगे। बेहतर यही होगी कि हर भूमिका को अलग-अलग रखें, उन्हें आपस में मिलाएं नहीं, अन्यथा आप संशयग्रस्त हो जाएंगे। सायंकाल का समय मनोरंजन में व्यतीत होगा।

### कर्क
आज का दिन मिश्रित फल कारक है। शारीरिक और मानसिक रूप से परेशान होने के बावजूद आप जो भी कार्य साहस के साथ करेंगे, उसमें सफलता मिलेगी। इनका सामना आप साहस के साथ करेंगे और विजेता बनकर उभरेंगे।जो जातक शिक्षण कार्य से जुड़े हुए हैं उनको भाग्य कल लाभ का अवसर प्रदान करने वाला है।

### सिंह
आज सेहत और वित्तीय संसाधनों पर ध्यान देने की जरूरत है। दूसरे लोगों के कार्यों के लिए ज्यादा वक्त और ऊर्जा बर्बाद न करें, क्योंकि ऐसे लोग एक के बाद एक दूसरी फरमाइश पेश करेंगे। आज समाज में भी आपका महत्व बढ़ेगा। मूड में उतार-चढ़ाव पर नज़र रखें। पुराने निवेश का भी आपको फायदा मिलेगा। आप उच्च शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ पाएंगे।

### मिथुन
आज आप एक महत्वपूर्ण परियोजना आरम्भ करने वाले हैं, जिसके सफलतापूर्वक पूरा होने में एक साल लग सकता है। आर्थिक लाभ की उम्मीद कर सकते हैं। सेहत और वित्तीय मामलों की अनदेखी न करें। फिलहाल जमीन जायदाद के लिए निवेश करना आपके लिए शुभ रहेगा। आपकी रचनात्मक क्षमता बढ़ेगी।

### कन्या
आज कोई व्यक्ति आपके समक्ष प्रस्ताव पेश करेगा, किन्तु उसके बहकावे में न आए। सायंकाल से रात्रि तक किसी सामाजिक कार्यक्रम में शामिल होने का अवसर प्राप्त होगा। आज का दिन स्वास्थ्य के लिए खराब है। खान-पान से बचें। आलस्य का भी त्याग करें। ध्यान रहे किसी भी वस्तु की अधिकता हानिकारक होती है।

### तुला
आज सायंकाल के समय आप परिवार के सदस्यों और दोस्तों के प्रति उदार रवैया अख्तियार करेंगे। आज आप प्रसन्नता अनुभव करेंगे। विलासिता पूर्ण माहौल का लुत्फ उठाएंगे। बड़ी मात्रा में पैसा हाथ में आने से आप संतुष्टि महसूस करेंगे। रात्रि में इन लोगों पर धन का खर्चा भी हो सकता है। आपके लिए आज भाग्य वाहन सुख का भी संयोग बना रहा है।

### वृश्चिक
आज पारिवारिक संबंध प्रेम पूर्ण और सहयोग पूर्ण रहेंगे। स्वास्थ्य अच्छा रहने से आप विभिन्न कार्यों में सक्रियता पूर्वक भाग लेंगे। अपने पार्टनर के साथ मिलकर आप अपने संसाधनों को एकजुट करने में सफल रहेंगे। सायंकाल का समय अध्यात्म समागम में व्यतीत होगा। रात्रि में आपको कोई तोहफा या मिल सकता है। मित्रों और पड़ोसियों से आपको कल सहयोग मिलेगा।

### मकर
आज आप परिवर्तन के एक महत्वपूर्ण मुहाने पर खड़े हैं। किसी कठिन दौर से गुज़र सकते है। लेकिन याद रखें, जब अंधेरा गहराता है तब सवेरा करीब होता है। सच्चाई का सामना करेंगे और आपके समक्ष भावनात्मक समस्याएं भी आएंगी। कोई मित्र और परिचित भी आपकी मदद कर सकता है जिससे आपकी किसी समस्या का निदान होगा।

### कुंभ
आज निजी संबंधों पर भावनाएं हावी रहेंगी। अन्तर मन की पुकार को सुनें। हर मामले में अतिवादी से बचें। जीवन के कड़वे अनुभवों से सबक सीखें। अतीत को भूलकर वर्तमान में कदम आगे बढ़ाएं। आज आपके कार्य क्षेत्र में अप्रत्याशित बदलाव की संभावना है।नौकरी में स्थिति अनुकूल रहेगी और कमाई में भी वृद्धि होगी। आपकी कोई बड़ी चाहत भी कल पूरी होने वाली जिससे आपका मन आनंदित हो जाएगा।

### धनु
जीवन के सभी क्षेत्रों में प्रगति की दिशा में आगे बढ़ेंगे। योजनाओं से संबंधित प्रस्ताव की मंजूरी मिलने और भुगतान मिलने के बाद आप व्यावसायिक कार्यक्रम को आगे बढ़ाएंगे। उपयुक्त व्यक्ति और उम्दा अवसर आपको मिलते रहेंगे, जिनकी अतीत में आपको तलाश थी। घटनाएं आपके अनुकूल रहेंगी।लव लाइफ में भी कल आपकी रोमांटिक रहेगी और आपके बीच किसी प्रकार का तनाव चल रहा है।

### मीन
आज जो उम्मीदें संजो रखी हैं, उनके पूरा न होने पर आप खिन्न रहेंगे। निजी संबंधों के कुछ मामलों में विवाद की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। एक बात आज विशेष रूप से नोट कर लें कि जीवन में जब भी आपको आवश्यकता पड़ेगी तब आपके पारिवारिक सदस्यों से वांछित सहयोग कभी प्राप्त नहीं होगा। आपको कल के दिन कारोबार में भी लाभ मौका मिलेगा और आपकी जमा पूंजी में वृद्धि होगी।

### वर्ग पहेली 5991

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | 4 | 5 | ■ | 6 |
| 7 | | | ■ | 8 | | 9 | |
| 10 | | ■ | ■ | 11 | | | ■ |
| | ■ | 12 | 13 | ■ | ■ | 14 | 15 |
| 16 | 17 | | | 18 | ■ | ■ | |
| ■ | 19 | | ■ | 20 | | 21 | |
| 22 | | | ■ | | ■ | | ■ |
| | ■ | ■ | 23 | | ■ | 24 | |

**संकेतः बाएं से दाएं**
1. 7 जून इस भारतीय पेशेवर टेनिस खिलाड़ी का जन्म दिवस है (6)
7. इच्छा, ख्वाहिश, मांग (3)
8. संगीत के साथ तेजी से अंगों को संचालित करना (4)
10. बंदूक को अंग्रेजी मे यह कहते है (2)
11. छल, बनावटी, व्यवहार (3)
12. अनेक प्रकार के, एक रिश्ता (2)
14. इस वृक्ष की छाल औषधि के निर्माण में भी प्रयुक्त होती है (2)
16. नाम चयन, नाम निर्देशन, किसी काम के लिए किसी का तकरूर (उर्दू)(5)
19. रूपया-पैसा (अंग्रेजी)(2)
20. सामंजस्य, तालों का मिलान (4)
22. संतति, औलाद, पुत्र या पुत्री (3)
23. चुकता किया हुआ, दिया हुआ (2)
24. भीड़ को प्रेरित तथा उत्तेजित करने के लिए किया गया सामूहिक उद्घोष (2)

**ऊपर से नीचे**
1. मतों की गिनती (5)
2. लगभग 500 फिल्मों में नृत्य पेश कर चुकी ये नृत्यांगना अभिनेत्री (3)
3. रात्रि, निशा, रात, विभावरी, निशा (उर्दू)(2)
4. राहगीर, बटोही, राह या पथ पर चलने वाला (3)
5. नृत्य मे एक प्रकार की गति (3)
6. पंख, पर (2)
9. मध्यप्रदेश का यह शहर चूना-पत्थर के शहर के नाम से लोकप्रिय है (3)
12. सुकुमारी, एक सुंदर स्त्री, सुंदरी (उर्दू)(4)
13. आवाज, शब्द, ध्वनि (2)
15. राजा का निवा, अंतपुर (3)
17. माता का दुलार जो उसकी संतान पर होता है (3)
18. यह प्रसिद्ध भारतीय पार्श्व गायिका थी (23 नवंबर 1930-20 जुलाई 1972) (4)
21. भेड़ या बकरी का बच्चा (3)
22. चेतना शक्ति, होश, हिंदी व्याकरण में किसी वस्तु का बोधक-सूचक शब्द (2)

### वर्ग पहेली 5990 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पा | कि | स्ता | न | ■ | शा | र | दा |
| र्थ | ■ | व | न | स्प | ति | ■ | ग |
| ■ | शौ | क | ■ | पा | र | हो | ना |
| चा | ह | ■ | क | र्क | ■ | लि | ■ |
| ■ | र | सि | क | ■ | ड | का | र |
| ग | प | ■ | ह | नु | ■ | द | ही |
| वा | र | ■ | रा | ■ | व | ह | म |
| ह | स्त | ■ | ■ | व | र्ण | न | ■ |

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
**संपादक- श्रीराम अम्बष्ट**, उप संपादक- **साकेत अम्बष्ट** फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, **RNI-BIHHIN/1998/03009**

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें : www.sonvarshavani.com



## न्यूज बाइट्स

### सलैया में 240 लीटर शराब जब्त

**मदपुर (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** सलैया थाना क्षेत्र में अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई है। शनिवार को चाल्हो पहाड़ पर सलैया थाना पुलिस और एलटीएफ प्रभारी की संयुक्त छापेमारी में तीन शराब भट्ठियां ध्वस्त की गईं। इस दौरान 240 लीटर महुआ शराब जब्त की गई और 5000 लीटर जावां महुआ विनष्ट किया गया। सलैया थाना के एसएचओ कन्हैया शर्मा ने रविवार सुबह जानकारी दी कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एलटीएफ प्रभारी रंजीत कुमार सिंह और सलैया थाना पुलिस ने मिलकर चाल्हो पहाड़ पर यह छापेमारी की थी। छापेमारी के दौरान, चाल्हो पहाड़ पर से 40-40 लीटर क्षमता वाले कुल 6 गैलन देसी महुआ चुलाई शराब बरामद की गई, जिसकी कुल मात्रा 240 लीटर थी। इसके साथ ही, 5000 लीटर जावां महुआ को मौके पर ही विनष्ट कर दिया गया और तीन शराब भट्ठियों को ध्वस्त किया गया। जब्त शराब को थाने लाया गया है, जबकि शराब तस्कर भागने में सफल रहे। एसएचओ कन्हैया शर्मा ने यह भी बताया कि शराब कारोबारियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है और यह अभियान निरंतर जारी रहेगा।

### बजट में विकसित भारत का रोडमैप : पुरुषोत्तम

**औरंगाबाद (एसवीवी.सं.)।** भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष पुरुषोत्तम कुमार ने कहा कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र ने आज विकसित भारत का रोडमैप पेश किया है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को इस बजट के लिए धन्यवाद दिया। कहा कि यह बजट 145 करोड़ देशवासियों की आकांक्षाओं और उम्मीदों को दर्शाता है।इसमें 12 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का पूंजीगत निवेश इंफ्रास्ट्रक्चर विकास के लिए रखा गया है, जिसमें सात रेल कॉरिडोर भी शामिल हैं।बजट में आयुष और स्वास्थ्य क्षेत्र पर खास जोर दिया गया है। यह आम लोगों और महिलाओं को केंद्र में रखकर तैयार किया गया बजट है, जो जीवन को आसान बनाने वाले सुधारों से भरा है।

### प्रशिक्षु डीएसपी के तबादले और एसआई की सेवानिवृत्ति पर दी गई विदाई

**रफीगंज (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** रफीगंज थाना परिसर में रविवार को एक सादे लेकिन गरिमामय समारोह के दौरान प्रशिक्षु डीएसपी सह थानाध्यक्ष अभिषेक कुमार के तबादले तथा एसआई शशिचंद्र प्रसाद गुप्ता की सेवानिवृत्ति पर उन्हें ससम्मान विदाई दी गई। विदाई समारोह की अध्यक्षता थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने की। समारोह को संबोधित करते हुए प्रशिक्षु डीएसपी अभिषेक कुमार ने कहा कि रफीगंज थाना में अपने कार्यकाल के दौरान उन्हें वरिष्ठ एवं अधीनस्थ सभी पदाधिकारियों का भरपूर सहयोग मिला, जिससे उन्हें सीखने और बेहतर कार्य करने का अवसर प्राप्त हुआ।

# हसपुरा प्रखंड में पांच नाबालिग लड़कियों ने एक साथ खाया जहर, चार की हुई मौत, एक गंभीर



एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

जिले के हसपुरा थाना क्षेत्र के एक गांव में महादलित समुदाय की अलग-अलग परिवारों से ताल्लुक रखने वाली पांच नाबालिग लड़कियों द्वारा एक साथ जहर खाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। इस दर्दनाक घटना में चार लड़कियों की तड़प-तड़पकर मौत हो गई, जबकि एक लड़की निजी अस्पताल में जिंदगी और मौत से संघर्ष कर रही है। बताया जा रहा है कि घटना गुरुवार की है, लेकिन चार दिन बीत जाने के बावजूद गांव में कोई भी खुलकर कुछ कहने को तैयार नहीं है। पुलिस के हाथ भी अब तक खाली हैं।मिली जानकारी के अनुसार, पांचों नाबालिग लड़कियां गांव के पास स्थित पईन के किनारे बैठी थीं, जहां उन्होंने एक साथ जहर खा लिया। जहर खाने के बाद एक लड़की किसी तरह अपने घर पहुंची और परिजनों को घटना की जानकारी दी। परिजन उसे इलाज के लिए बाहर ले गए, जहां उसका उपचार जारी है। हालांकि वह किस अस्पताल में भर्ती है, इसकी स्पष्ट जानकारी न तो पुलिस को मिल पाई है और न ही गांव के लोग बताने को तैयार हैं।

वहीं जहर खाने के बाद शेष चार लड़कियां पास के गेहूं के खेत की ओर चली गईं, जहां उनकी तड़प-तड़पकर मौत हो गई। घटना के बाद गांव में सन्नाटा पसर गया। परिवारजनों और ग्रामीणों ने मौके पर ही चारों लड़कियों का एक ही चिता पर दाह-संस्कार कर दिया। हैरानी की बात यह है कि दाह-संस्कार के बाद किसी भी परिवार के सदस्य ने मुंडन तक नहीं कराया, जिससे यह भी स्पष्ट नहीं हो पा रहा है कि चारों लड़कियां किन-किन घरों से थीं। उल्लेखनीय है कि इससे पहले वर्ष 2022 में भी औरंगाबाद जिले के रफीगंज प्रखंड अंतर्गत कासमा थाना क्षेत्र के एक गांव में 9 अप्रैल को छह सहेलियों ने एक साथ जहर खा लिया था, जिसमें पांच की मौत हो गई थी। उस समय मामले में प्रेम प्रसंग की बात सामने आई थी और यह घटना काफी चर्चा में रही थी।

### दाउदनगर के एसडीपीओ पहुंचे गांव

घटना के चार दिन बीत जाने के बाद भी गांव में खामोशी छाई हुई है। खुफिया सूचना मिलने पर हसपुरा थाना की पुलिस से लेकर दाउदनगर के एसडीपीओ तक गांव पहुंचे, लेकिन कोई ठोस जानकारी हाथ नहीं लग सकी। ग्रामीण पूछताछ करने वालों पर भड़क उठते हैं और इसे गांव व टोले को बदनाम करने की अफवाह बताते हैं। हालांकि जिस स्थान पर चारों नाबालिग लड़कियों की एक साथ चिता जलाई गई, वहां पड़ी राख यह जरूर संकेत देती है कि कोई बड़ी अनहोनी हुई है। मामले में दाउदनगर के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अशोक कुमार दास ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही चौकीदार को गांव भेजा गया था, लेकिन उसे भी कोई स्पष्ट जानकारी नहीं मिल सकी। बाद में यह भी सामने आया कि चौकीदार गुरुवार को गांव गया था और उस समय चारों लड़कियों के शव गांव में मौजूद थे, इसके बावजूद सूचना थाने तक नहीं पहुंच पाई, जो कई गंभीर सवाल खड़े करता है। इस पूरे मामले में सबसे बड़ा सवाल यही है कि आखिर पांचों नाबालिग लड़कियों ने एक साथ जहर क्यों खाया। उनके सामने ऐसी कौन-सी मजबूरी या परिस्थिति आ गई, जिसने उन्हें यह खौफनाक कदम उठाने पर मजबूर कर दिया। क्या इसके पीछे किसी तरह का दबाव, डर या सामाजिक कारण था—इन सभी सवालों के जवाब फिलहाल अबूझ पहेली बने हुए हैं।

# सोशल मीडिया पर हथियार लहराते वीडियो डालना पड़ा महंगा पुलिस ने दो युवकों को दबोचा, कट्टा व मोबाइल बरामद

- फेसर थाना में आर्म्स एक्ट की धारा 25 (1-बी) ए/35 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।
- दोनों गिरफ्तार युवकों को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है।



निज संवाददाता | फेसर (औरंगाबाद)

सोशल मीडिया पर हथियार लहराते हुए वीडियो पोस्ट करना दो युवकों को महंगा पड़ गया। वीडियो वायरल होते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों को धर दबोचा। पुलिस ने उनके पास से एक देसी कट्टा और एक मोबाइल फोन बरामद किया है। गिरफ्तार युवकों की पहचान फेसर थाना क्षेत्र के फेसरा गांव निवासी रौशन कुमार और पोखराहा गांव निवासी गोल्डन कुमार के रूप में हुई है। पुलिस मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई में जुटी है।

औरंगाबाद सदर के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ)-1 संजय कुमार पांडेय ने रविवार दोपहर बताया कि शुक्रवार को फेसर थानाध्यक्ष को सूचना मिली थी कि इंस्टाग्राम पर रौशन कुमार नामक युवक द्वारा अवैध हथियार के साथ वीडियो पोस्ट किया गया है। सूचना मिलते ही पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए पूरी जानकारी एकत्र की और सत्यापन की प्रक्रिया शुरू की।

सूचना के सत्यापन के लिए रविवार को पुलिस ने फेसरा गांव में छापेमारी कर रौशन कुमार को हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान रौशन ने स्वीकार किया कि वीडियो में दिखाई दे रहा हथियार गोल्डन कुमार का है। इसके बाद उसकी निशानदेही पर पुलिस ने गोल्डन कुमार को भी हिरासत में लिया। पूछताछ में गोल्डन कुमार ने हथियार छुपाकर रखने की बात स्वीकार की, जिसके बाद उसकी निशानदेही पर पोखराहा बधार से एक देसी कट्टा बरामद किया गया।

पुलिस ने बरामद हथियार को विधिवत जब्त करते हुए दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में फेसर थाना में भारतीय दंड संहिता की धारा 25 (1-बी) ए/35 आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। गिरफ्तार दोनों युवकों को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। पुलिस का कहना है कि सोशल मीडिया पर अवैध हथियारों के प्रदर्शन पर कड़ी नजर रखी जा रही है और ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# रफीगंज महिला सेल को मिला नया नेतृत्व, संगीता देवी बनीं प्रखंड अध्यक्ष

निज संवाददाता | औरंगाबाद



रफीगंज विधायक प्रमोद कुमार सिंह के आवास पर आयोजित कार्यक्रम में महिला सेल की रफीगंज प्रखंड अध्यक्ष के रूप में संगीता देवी की नियुक्ति की गई। यह नियुक्ति महिला सेल की जिला अध्यक्ष मंत्री सिंह द्वारा की गई। इस अवसर पर जनता दल यूनाइटेड के जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार सिंह और रफीगंज विधायक प्रमोद कुमार सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक प्रमोद कुमार सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार का चौमुखी विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार की राजनीति का आधार समाजवाद है, जिसमें हर वर्ग और हर धर्म को साथ लेकर चलने की सोच शामिल है। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार ने अपने पूरे राजनीतिक जीवन में कभी परिवारवाद को बढ़ावा नहीं दिया और इसी विचारधारा के साथ पार्टी कार्य कर रही है। विधायक ने कहा कि सरकार और जनप्रतिनिधियों की प्राथमिकता समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों को आगे बढ़ाना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि क्षेत्र को भ्रष्टाचार से मुक्त रखना उनकी पहली जिम्मेदारी है और इसी उद्देश्य के साथ वे लगातार कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मेरे दरबार में हर जाति और हर धर्म के लोग आ सकते हैं। मैं पूरे क्षेत्र का विधायक हूं, किसी एक वर्ग का नहीं। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि उमेश पासवान, मंटू शर्मा, विपिन सिंह सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और महिला सेल की सदस्याएं मौजूद रहीं।

# जूनियर रेड क्रॉस के तत्वावधान में औरंगाबाद में रक्तदान शिविर, युवाओं ने बढ़-चढ़कर लिया भाग

एसवीवी संवाददाताक | औरंगाबाद



जूनियर रेड क्रॉस औरंगाबाद के तत्वावधान में मानवीय सेवा, सामाजिक उत्तरदायित्व और जनकल्याण की भावना को सशक्त करने के उद्देश्य से एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन जूनियर रेड क्रॉस औरंगाबाद के जिला काउंसलर सह सचिव निरंजय कुमार ने किया और रक्तदाताओं तथा उपस्थित लोगों को संबोधित किया। अपने संबोधन में निरंजय कुमार ने कहा कि रक्तदान महादान है और यह जरूरत के समय किसी व्यक्ति के जीवन को बचाने में निर्णायक भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि दुर्घटनाओं, आपातकालीन चिकित्सा, प्रसव, गंभीर बीमारियों और शल्य चिकित्सा के दौरान रक्त की निरंतर आवश्यकता रहती है, ऐसे में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर समाज के लिए जीवनदायी साबित होते हैं। निरंजय कुमार ने कहा कि युवाओं और विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी से समाज में सेवा, सहयोग और मानवता की भावना को मजबूत आधार मिलता है। जूनियर रेड क्रॉस का उद्देश्य विद्यार्थियों और युवाओं में सेवा भाव, अनुशासन, त्याग और सामाजिक दायित्व की भावना विकसित करना है।

ऐसे कार्यक्रम युवाओं को संवेदनशील और जागरूक नागरिक बनने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने सभी स्वस्थ नागरिकों से नियमित रूप से स्वेच्छा से रक्तदान करने की अपील की। यह रक्तदान शिविर बारुण प्रखंड के राजकीय कृत देवबंशी उच्च माध्यमिक विद्यालय, सुंदरगंज के शिक्षकों एवं जूनियर रेड क्रॉस के सदस्यों के सहयोग से आयोजित किया गया। शिविर में विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉ. राकेश कुमार, रेडिया मध्य विद्यालय के गोविंदा सिंह, सुंदरगंज विद्यालय के शिक्षक शिवम कुमार, रवि रंजन कुमार, आलोक कुमार सिंह, कमल किशोर, संतोष कुमार, देवकुंड उच्च माध्यमिक विद्यालय की शिक्षिका मधु कुमारी, साक्षी मिश्रा, सुरेश सिंह, अमित कुमार, साक्षी कुमारी सहित जूनियर रेड क्रॉस के स्वयंसेवक, विद्यार्थी और युवाओं ने भाग लिया तथा स्वेच्छा से रक्तदान किया।

# डिक्की तोड़ रुपये चोरी के मामले में अभियुक्त गिरफ्तार

दाउदनगर (औरंगाबाद) (नि.सं)। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मोटरसाइकिल की डिक्की तोड़कर रुपये चोरी करने के मामले में शामिल एक अभियुक्त को महज चार घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया है। यह कार्रवाई दाउदनगर थाना पुलिस द्वारा की गई, जिसमें चोरी गए 44,381 रुपये, तीन एटीएम कार्ड समेत अन्य सामान बरामद किया गया है। पुलिस के अनुसार, घटना की सूचना मिलते ही दाउदनगर थाना पुलिस हरकत में आ गई और तकनीकी अनुसंधान व त्वरित छापेमारी के आधार पर अभियुक्त की पहचान कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तारी के बाद अभियुक्त की तलाशी में चोरी की गई नकदी, एटीएम कार्ड और अन्य संबंधित सामान बरामद हुआ। पुलिस ने बताया कि मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है और अभियुक्त से पूछताछ के आधार पर यह भी पता लगाया जा रहा है कि वह पूर्व में ऐसी किसी अन्य घटना में संलिप्त रहा है या नहीं।

# देव थाना क्षेत्र से गुमशुदा चार लड़कियां हरियाणा के गुरुग्राम से सकुशल बरामद

निज संवाददाता | देव (औरंगाबाद)



देव थाना क्षेत्र के ग्राम तिलौता बिगहा से गुमशुदा चार लड़कियों को औरंगाबाद पुलिस ने हरियाणा के गुरुग्राम से सकुशल बरामद कर लिया है। पुलिस की इस कार्रवाई से परिजनों ने राहत की सांस ली है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, 20 जनवरी 2026 को तिलौता बिगहा निवासी रविन्द्र यादव ने देव थाना में अपनी पुत्री रूनी कुमारी की गुमशुदगी को लेकर लिखित आवेदन दिया था। आवेदन में उन्होंने बताया था कि उनकी पुत्री बिना बताए घर से चली गई है। साथ ही आशंका जताई थी कि कोमल कुमारी, स्वीटी कुमारी और कशिश कुमारी नामक तीन लड़कियों ने उनकी पुत्री को बहला-फुसलाकर अपने साथ भगा लिया है। इस आवेदन के आधार पर देव थाना कांड संख्या 23/26, 20 जनवरी को सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक, औरंगाबाद के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर-02 के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया, जिसे चारों लड़कियों की शीघ्र बरामदगी का जिम्मा सौंपा गया। गठित विशेष टीम ने सीसीटीवी फुटेज का अवलोकन, तकनीकी विश्लेषण, आसूचना संकलन और लगातार प्रयास के बाद 29 जनवरी 2026 को हरियाणा के गुरुग्राम जिले के उद्योग विहार थाना क्षेत्र से चारों गुमशुदा लड़कियों को सकुशल बरामद कर लिया। बरामदगी के बाद की गई पूछताछ में लड़कियों ने बताया कि वे सभी घर में बिना बताए घूमने-फिरने के लिए चली गई थीं। पुलिस द्वारा बरामद चारों लड़कियों को आगे की कानूनी प्रक्रिया के तहत माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है। पुलिस प्रशासन ने इस मामले में त्वरित और प्रभावी कार्रवाई करते हुए गुमशुदा लड़कियों की सुरक्षित बरामदगी सुनिश्चित की है।

# सभी वर्गों को ध्यान में रखकर बनाया गया बजट : पूर्व सांसद

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



भाजपा के पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के प्रति आभार व्यक्त करते हुए केंद्रीय बजट 2026-27 की सराहना की है। उन्होंने कहा कि यह बजट समाज के सभी वर्गों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है और इसमें गरीब, शोषित व वंचित वर्गों के कल्याण को प्राथमिकता दी गई है। पूर्व सांसद ने कहा कि एनडीए सरकार ने रोजगार सृजन, उत्पादकता बढ़ाने और विकास को गति देने के लिए व्यापक आर्थिक सुधार किए हैं। यह बजट महिलाओं, युवाओं, किसानों, छोटे उद्योगों और गरीबों के हितों को समाहित करता है, साथ ही बुनियादी ढांचे में अधिक निवेश और समावेशी विकास का मजबूत रोडमैप प्रस्तुत करता है। उन्होंने बताया कि बजट के माध्यम से पटना और वाराणसी में जहाज मरम्मत सुविधा स्थापित की जाएगी तथा दिल्ली–वाराणसी सहित हाईस्पीड रेल कॉरिडोर का निर्माण किया जाएगा, जो आत्मनिर्भर भारत की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि सात प्रतिशत की विकास दर के साथ देश की अर्थव्यवस्था लगातार आगे बढ़ रही है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विकास के पथ पर अग्रसर है।

## विकसित भारत की गति तेज करने वाला निर्णायक बजट : विधायक

एसवीहवी संवाददाता | औरंगाबाद

केंद्रीय बजट 2026 को विकसित भारत के सपने की मजबूत नींव बताते हुए औरंगाबाद के भाजपा विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह ने कहा कि यह बजट 140 करोड़ भारतीयों की आकांक्षाओं का प्रतिबिंब है और देश को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के स्पष्ट रोडमैप को सामने रखता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पेश किया गया यह बजट केवल आंकड़ों का दस्तावेज नहीं, बल्कि भविष्य की दिशा तय करने वाला विजनरी बजट है। राजकोषीय घाटे को कम करने, महंगाई को नियंत्रण में रखने और साथ ही उच्च पूंजीगत व्यय व तेज आर्थिक विकास के संतुलन ने इसे ऐतिहासिक बना दिया है। त्रिविक्रम नारायण सिंह ने कहा कि यह बजट युवाओं के लिए खुले आसमान जैसा है। शिक्षा, कौशल विकास, स्टार्टअप, मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत जैसे अभियानों को नई ऊर्जा मिल रही है, जिससे भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर तेजी से अग्रसर होगा। उन्होंने कहा कि छोटे व्यापारियों, लघु एवं मध्यम उद्योगों के लिए यह बजट बेहद लाभकारी है। सेमीकंडक्टर मिशन 2.0, इलेक्ट्रॉनिक्स कंपोनेंट मैन्युफैक्चरिंग, बायो-फार्मा शक्ति मिशन, रेयर अर्थ कॉरिडोर और महत्वपूर्ण खनिजों पर जोर जैसे कदम भारत की औद्योगिक क्षमता को वैश्विक स्तर पर मजबूत करेंगे।

# महाशिवरात्रि पर 15 फरवरी को देव में निकलेगी बुढ़वा महादेव की भव्य बारात



निज संवाददाता | देव (औरंगाबाद)

भगवान भास्कर की नगरी देव में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर इस वर्ष भी धार्मिक उत्साह और श्रद्धा का भव्य नजारा देखने को मिलेगा। बुढ़वा महादेव परिसर में रविवार को देव संस्कृति परिषद की कार्यकारिणी सदस्यों की बैठक संपन्न हुई, जिसमें सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी 15 फरवरी को बुढ़वा महादेव की बारात निकाली जाएगी। यह बारात बुढ़वा महादेव परिसर से निकलकर ऐतिहासिक रानी तालाब स्थित शिवशक्ति पीठ तक पहुंचेगी। बैठक में बताया गया कि बारात को और अधिक भव्य व आकर्षक बनाने के लिए झांकी में घोड़े-हाथी के साथ-साथ भूत-प्रेत और आघोरियों की आकर्षक आकृतियां शामिल की जाएंगी, जिससे शिव बारात की अलौकिक छवि और भी प्रभावशाली बनेगी। सदस्यों ने पिछले वर्ष आयोजित कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए इस बार दैविक वैवाहिक उत्सव को और व्यापक स्वरूप देने का निर्णय लिया। इसके तहत दो दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करने का प्रस्ताव भी पारित किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं के लिए भक्ति, संस्कृति और लोक परंपरा से जुड़े आयोजन होंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए रणनीति भी तय की गई। परिषद की ओर से 2 फरवरी को माइकिंग के माध्यम से आसपास के गांवों में व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक श्रद्धालु इस आयोजन से जुड़ सकें। इसके बाद 3 फरवरी को एक और बैठक आयोजित कर धर्मानुरागियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों को आयोजन से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा।

बैठक में देव संस्कृति परिषद के अध्यक्ष भूपेश कुमार, सचिव दीपक गुप्ता, कोषाध्यक्ष राजदेव पाल, संरक्षक धर्मदेव यादव के साथ डॉ. राजेंद्र प्रसाद, निखिल सिंह, रामजी गहलोत, विश्वनाथ चौधरी, संतोष अग्रवाल, रमाकांत कुमार, रामप्रवेश राम, हीरामन चौरसिया, बिनोद चौधरी, शिवम् गुप्ता, दिलीप कुमार, विजय कुमार, रमेश पाल एवं बजरंगी चौधरी सहित कई शिवभक्त और परिषद सदस्य मौजूद रहे। सभी ने मिलकर महाशिवरात्रि के इस आयोजन को ऐतिहासिक और यादगार बनाने का संकल्प लिया।

## प्रशिक्षु डीएसपी के तबादले और एसआई की सेवानिवृत्ति पर दी गई विदाई

रफीगंज (औरंगाबाद) (नि. सं.)। रफीगंज थाना परिसर में रविवार को एक सादे लेकिन गरिमामय समारोह के दौरान प्रशिक्षु डीएसपी सह थानाध्यक्ष अभिषेक कुमार के तबादले तथा एसआई शशिचंद्र प्रसाद गुप्ता की सेवानिवृत्ति पर उन्हें ससम्मान विदाई दी गई। विदाई समारोह की अध्यक्षता थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने की। समारोह को संबोधित करते हुए प्रशिक्षु डीएसपी अभिषेक कुमार ने कहा कि रफीगंज थाना में अपने कार्यकाल के दौरान उन्हें वरिष्ठ एवं अधीनस्थ सभी पदाधिकारियों का भरपूर सहयोग मिला, जिससे उन्हें सीखने और बेहतर कार्य करने का अवसर प्राप्त हुआ। उन्होंने पुलिसकर्मियों को टीम वर्क की भावना के साथ कार्य करने की सलाह दी और कहा कि किसी भी कांड के उद्भेदन से अधिक आवश्यक घटनाओं की रोकथाम है, ताकि समाज में कानून-व्यवस्था मजबूत बनी रहे। इस अवसर पर मौजूद पदाधिकारियों और पुलिसकर्मियों ने प्रशिक्षु डीएसपी अभिषेक कुमार तथा सेवानिवृत्त एसआई शशिचंद्र प्रसाद गुप्ता के सेवाकाल और कार्यशैली की सराहना की। दोनों को अंगवस्त्र और माला पहनाकर सम्मानित किया गया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। विदाई समारोह में इंस्पेक्टर विनय कृष्ण प्रसाद, एसआई कुशो कुमार, गीतांजलि, ध्रुव कुमार, , विनोद कुमार, पप्पू कुमार, मिथलेश कुमार, एसएसआई मुक्तिदेव निराला, विपिन कुमार, उमेश कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।


बिहार सरकार
डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग
पशुधन द्वारा जीवन में गुणात्मक सुधार

## पशुपालक कैलेंडर

फरवरी



- इस माह में भी किसान भाईयों को अपने पशुओं को ठंड से बचाने हेतु जूट के चादरों या कम्बल से शरीर को ढ़कने का इंतेजाम करना चाहिए।
- पशुओं को दिन में धूप में रखें तथा रात में भी गर्म जगह पर रखने की व्यवस्था करें।
- रात के समय पशुओं को सोने के लिए पुआल की व्यवस्था करें।
- पशुओं, पशुशाला एवं कुक्कुट फार्म की सफाई नियमित रूप से करें तथा कुक्कुट फार्म के बेडिंग को धूप दिखाएं।
- इस माह में ब्याने वाले पशुओं का विशेष ध्यान रखें। उनका शरीर गर्म रखना चाहिए तथा उचित मात्रा में प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट, मिनरल्स, विटामिन से भरपूर भोजन देना चाहिए।
- नवजात गाय, भैंस या भेड़ बकरियों को अन्तः परजीवी नाशक दवाएँ पशु चिकित्सक की सलाह से नियमित रूप से दें।
- बरसीम एवं जई की सिंचाई क्रमशः 12–14 एवं 18–20 दिनों के अन्तराल पर करें।
- पशुपालक अपने भेड़ एवं बकरी में पी.पी.आर. का टीकाकरण कराएँ।

@BiharDFARD

PR No.- 022873 (Animal)D. 2025-26

डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग, पशुपालन सूचना एवं प्रसार कार्यालय, बिहार, पटना द्वारा जनहित में प्रचारित